www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 24 नवम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -229 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





लोग कांग्रेस की गारंटी पर भरोसा जता रहे हैं, ... 02

■ भारत में स्पेनिश राजदूत जोस मारिया रिडाओ ने स्कूल...
■ दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक में अगले दो-तीन... 03

■ आईडीएफ ने अल-शिफा अस्पताल के निदेशक व डॉक्टरों...
■ इंडोनेशिया में लगा 5 दिवसीय 'मिलेट मेला' 07

जोया की भी एक मूल कहानी हो सकती है : कैटरीना कैफ 10

# राजस्थान में चुनाव प्रचार का दौर थमा

## 200 विधानसभा सीटों में से 199 सीटों पर मतदान कल



■ उम्मीदवार अब घर-घर जाकर ही कर करेंगे अपील

■ 1863 उम्मीदवारों के भाग्य का 5,25,38,105 मतदाता करेंगे फैसला

■ राजस्थान में कांग्रेस व भाजपा में है आमने-सामने की टक्कर

**जयपुर,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार शाम को जनसभाओं एवं रैलियों का दौर बृहस्पतिवार को थम गया। उम्मीदवार अब घर घर जाकर ही मतदाताओं से अपील करेंगे। राजस्थान में कुल 200 विधानसभा सीट में 199 के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा। इन सीट पर 5,25,38,105 मतदाता हैं और 1863 उम्मीदवार हैं।

### कोई जनसभा या जुलूस नहीं निकाल सकेगा

निर्वाचन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2023 के लिए चुनाव प्रचार बृहस्पतिवार शाम छह बजे थम गया। शनिवार को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा।

नियमों के अनुसार अब चुनाव को लेकर कोई जनसभा या जुलूस नहीं निकाल सकेगा। अब मतदान से पूर्व चुनाव संबंधी कोई भी मामला टेलीविजन या किसी अन्य माध्यम से जनता के लिये प्रसारित नहीं किया जा सकता। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इन प्रावधानों का उल्लंघन करता है, तो उसे दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि कोई भी राजनीतिक व्यक्ति, जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता या उम्मीदवार नहीं है या सांसद या विधायक नहीं है, वह चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद उस निर्वाचन क्षेत्र में नहीं रह सकता है। राज्य में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ कांग्रेस एवं मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी में माना जा रहा है।

### दोनों पार्टियों ने प्रचार में झोंकी ताकत

दोनों पार्टियां कांग्रेस और भाजपा ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पूरी ताकत झोंकी। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार के कामों, उसकी योजनाओं और कार्यक्रमों पर केंद्रित रखा। कांग्रेस की ओर से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और अन्य नेताओं ने कई चुनावी सभाओं को संबोधित किया। भाजपा के प्रचार अभियान की बागडोर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संभाली। उन्होंने बीते कई दिनों में अनेक जगह जनसभाएं कीं।

### राजस्थान में नहीं होगी गहलोत की वापसी : मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन राजसमंद के देवगढ़ में जनसभा करने पहुंचे। यहां विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि साथियों आज मैं इस सभा में बता दूं कि चुनाव परिणाम निश्चित है। राजस्थान ने आज तक इससे बड़ी महिला विरोधी सरकार नहीं देखी है। इसलिए राजस्थान के जन-जन ने कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने भरी सभा में दावा करते हुए कहा कि अब राजस्थान में गहलोत सरकार की वापसी कभी नहीं होगी।

### कन्हैया को मारने वाला भाजपा कार्यकर्ता था : गहलोत



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री से लेकर सब मंत्रियों और बड़े नेताओं ने राजस्थान पर धावा बोल दिया है। इस बार जनता समझ चुकी है। राजस्थान की जनता भाजपा को करारा जवाब देगी। राजस्थान में भड़काने वाले भाषण हो रहे हैं। जितने लोग आ रहे हैं, सुबह से शाम तक एक ही भाषा बोल रहे हैं। कन्हैया को मारने वाला भाजपा कार्यकर्ता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग राज्य में सिर्फ 25 नवंबर तक के मेहमान हैं,

# पनौती वाले बयान पर राहुल को चुनाव आयोग का नोटिस



■ 25 नवम्बर तक देना होगा जवाब

■ भाजपा ने आयोग को दिया था ज्ञापन

**नई दिल्ली**, 23 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री पर विवादित बयान देने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उन्हें 25 नवम्बर तक अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। भारत 19 नवम्बर को अहमदाबाद में खेले गए क्रिकेट विश्वकप का फाइनल मुकाबला ऑस्टेलिया से हार गया था। इस मैच को देखने खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंचे हुए थे। इसी पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को राहुल गांधी ने राजस्थान की एक चुनावी सभा में प्रधानमंत्री के लिए पनौती शब्द का इस्तेमाल किया था। इसके अलावा अगले दिन एक अन्य जनसभा में उनके लिए जेबकतरा शब्द का प्रयोग करते हुए विवादित भाषण दिया था। भाजपा नेताओं की शिकायत के बाद चुनाव आयोग ने उनसे इस मामले में जवाब तलब किया है। उल्लेखनीय है कि कल बुधवार को भाजपा महासचिव राधामोहन अग्रवाल की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल चुनाव आयोग पहुंच कर प्रधानमंत्री के लिए विवादित टिप्पणी करने को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। चुनाव आयोग को इस बाबत एक ज्ञापन भी सौंपा गया था। अब चुनाव आयोग ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए राहुल गांधी को नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब देने को कहा है। माना जा रहा है कि खडगे को भी एक-दो दिन में गलत आरोप लगाने के मामले में नोटिस दिया जा सकता है।

## सार संक्षेप

### मुर्मू ने गुरु तेग बहादुर को शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि दी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरु तेग बहादुर के 'शहीदी दिवस' की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा, मैं गुरु तेग बहादुर जी को उनके शहीदी दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। गुरु तेग बहादुर जी ने मानवीय मूल्यों और अधिकारों की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। गुरु तेग बहादुर जी ने प्रेम, करुणा और भाईचारे का संदेश दिया है।

### ईडी ने अब अभिनेता प्रकाश राज को किया तलब



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर प्रकाश राज की मुश्किलें बढ़ सकती है। प्रणव ज्वैलर्स मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने उन्हें तलब किया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने त्रिची स्थित पार्टनरशिप फर्म, प्रणव ज्वैलर्स के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में अभिनेता प्रकाश राज को समन जारी किया है। त्रिची स्थित प्रणव ज्वैलर्स ने कथित तौर पर उच्च रिटर्न के वादे के साथ सोने की निवेश योजना की आड़ में जनता से 100 करोड़ एकत्र किए थे।

### हैदराबाद पुलिस ने अकबरुद्दीन औवेसी को भेजा नोटिस



**हैदराबाद।** पुलिसकर्मी को धमकी देने के मामले में हैदराबाद पुलिस ने अकबरुद्दीन औवेसी को नोटिस भेजा है। इसमें ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन नेता से उनकी रैली के दौरान पुलिस के डायस पर चढ़ने के सबूत देने को कहा गया है। नोटिस में कहा गया है कि ओवैसी ने सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए संतोषनगर पुलिस स्टेशन के एसएचओ को धमकी दी और पुलिसकर्मी को अपना काम करने से रोका।

### आईआरसीटीसी की वेबसाइट बंद, यूजर्स ने की शिकायत




**नई दिल्ली।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट में गुरुवार को तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते ई-टिकटिंग सेवाएं अस्थायी रूप से रुक गईं। इस रुकावट के कारण यात्री परेशान और निराश हो गए। उन्होंने अपनी निराशा दूर करने के लिए एक्स की ओर रुख किया।

### वायरल वीडियो में शव पर नृत्य करता दिखा नाबालिग

**नई दिल्ली।** सड़क पर डकैती के दौरान एक किशोर को 50 से अधिक बार चाकू मारने के आरोप में एक लड़के को गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिनों बाद, जांचकर्ताओं ने गुरुवार को एक वीडियो जारी किया, जिसमें आरोपी नाच रहा है और हत्या का 'जश्न' मना रहा है।

# राजौरी मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

■ पांच सैनिकों की भी देनी पड़ी शहादत ■ शीर्ष कमांडर की मौत से लिया बदला



**जम्मू,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। राजौरी के कालाकोट में सेना ने अपने दो अफसरों और तीन जवानों की शहादत का बदला ले लिया है। उसने अफगानिस्तान में आतंक फैलाने वाले लश्करे तौयबा के उस शीर्ष कमांडर को उसके साथी समेत मार डाला है जो एक साल से राजौरी व पुंछ के इलाके में आतंक मचाए हुए था। सेना प्रवक्ता ने बताया है कि राजौरी में गोलीबारी में एक और आतंकी और एक सैनिक मारा गया, जिससे कुल मिलाकर मरने वालों की संख्या सात हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में अब तक दो आतंकी और सेना के दो कैप्टन समेत सेना के पांच जवान मारे गए हैं।

जहां आज दो आतंकी और सैनिक मारे गए, वहीं बुधवार को कालाकोट राजौरी के बाजी इलाके में शुरू हुई गोलीबारी के पहले दिन दो कैप्टन सहित सेना के चार जवान मारे गए। हताहतों की संख्या बढ़ने के तुरंत बाद, सेना ने क्षेत्र में और अधिक अतिरिक्त बल भेज दिया था।

सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक ट्वीट में कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर राजौरी के कालाकोट क्षेत्र गुलाबगढ़ जंगल में संयुक्त अभियान शुरू किया गया। जिसमें आतंकियों से संपर्क 22 नवंबर को स्थापित किया गया था और तीव्र गोलाबारी हुई। सेना आगे कहती थी कि भारतीय सेना की उच्चतम परंपराओं में महिलाओं और बच्चों को होने वाली क्षति को रोकने की कोशिश में अपने बहादुरों की वीरता और बलिदान के बीच, दो आतंकी मार दिए गए।

### पाकिस्तानी नागरिक के तौर पर पहचान

प्रवक्ता ने बताया कि जो दो आतंकी मारे गए हैं उनमें से एक की पहचान पाकिस्तानी नागरिक कारी के तौर पर की गई है। उसे पाकिस्तान और अफगान के मोर्चे पर प्रशिक्षित किया गया है।

# कड़ी मशक्कत के बाद फिर शुरू हुई ड्रिलिंग

सिलक्यारा सुरंग हादसा



**उत्तरकाशी,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। सिलक्यारा सुरंग के भीतर फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने का उत्साह बृहस्पतिवार को दिनभर उतार चढ़ाव लेता रहा। अड़चनों की वजह से मजदूरों के बाहर आने का इंतजार बढ़ता रहा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी देर शाम तक ऑपरेशन सिलक्यारा के सफल होने का इंतजार कर रहे थे। बुधवार की रात को चले अभियान की रफ्तार से ये उम्मीद जताई जा रही थी कि बृहस्पतिवार की सुबह तक सभी 41 मजदूर सकुशल बाहर आ जाएंगे, लेकिन रात को अमेरिकन ऑगर ड्रिल मशीन की राह में लोहे के सरिए व गाटर आ गए जो टनल के भीतर के स्ट्रक्चर के लिए लगाए गए थे। इससे मशीन का पुर्जा भी टूट गया। मशीन रोकनी पड़ी। इसके बाद एनडीआरएफ के जवान ने करीब 40 मीटर तक पहुंचे 800 मिमी पाइप के भीतर घुसकर रुकावट को देखा। उन्होंने इसे काटने की सलाह दी, जिसके लिए गैस कटर मंगाया गया। भीतर ऑक्सीजन कम होती है। गैस कटर चलाने पर ये और कम हो जाती है। लिहाजा, पहली टीम जब इसे काटने के लिए पहुंची तो वह सफल नहीं हो पाई। इसके बाद दूसरी टीम भीतर गई, जिसे कई घंटे की मशक्कत के बाद इसे काट दिया। सुबह दोबारा ड्रिल मशीन शुरू कर दी गई। नौवां पाइप भीतर भेजना शुरू किया गया। करीब 1.8 मीटर पाइप पहुंचा ही था कि मशीन में फिर तेज कंपन्न होने लगी। सामने फिर सरिये की चुनौती पेश आई, जिसे देर शाम तक काटा गया।

कंपन की वजह से रोकनी पड़ी थी मशीन

### मुख्यमंत्री ने मातली में डेरा डाला

वहीं, बचाव अभियान का निरीक्षण करने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री जनरल (सेनि) वीके सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने उत्तरकाशी के निकट स्थित मातली में ही डेरा डाल लिया है।

# अयोध्या, काशी के बाद अब मथुरा की हो रही तैयारी!



■ प्रधानमंत्री की बार-बार यात्रा से मिलने लगे हैं संकेत

■ चौथी बार प्रधानमंत्री मोदी मथुरा पहुंचे

**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। राममंदिर आदोलन के दौर में संघ-भाजपा जुड़े लोग नारा देते थे कि अयोध्या तो झांकी है, मथुरा, काशी बाकी है। इसी कड़ी में जहां अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर तैयार हो चुका है। 22 जनवरी को इसका उद्घाटन हो जाएगा। काशी में ज्ञानवापी विवाद में न्यायिक प्रक्रिया तेजी से चलने लगी है। तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बार-बार की मथुरा यात्रा यह संदेश देने लगी है कि अब कृष्ण जन्मभूमि की बारी है। हालांकि अदालती कार्यवाही कृष्ण जन्मभूमि विवाद को लेकर भी लंबे समय से जारी है।

मालूम हो कि अपने कार्यकाल के दौरान चौथी बार प्रधानमंत्री मोदी मथुरा पहुंचे हैं। कृष्ण जन्मभूमि जाने वाले वे इकलौते प्रधानमंत्री हैं। इस बार उन्होंने ब्रज रज उत्सव में हिस्सा लेने के साथ ही मीराबाई पर डाक टिकट और 525 रुपए का सिक्का जारी किया है। वहीं चर्चा है कि प्रधानमंत्री की मथुरा यात्रा ऐसे समय में हुई है,जब सीमावर्ती राज्य राजस्थान में एक दिन बाद ही विधानसभा चुनाव होना है। इस तरह की यात्राएं पहले भी प्रधानमंत्री करते रहे हैं,जब चुनाव प्रचार का समय खत्म हो जाता है तो वे पड़ोसी राज्य की यात्रा पर होते हैं। इसके अलावा उनकी इस यात्रा को संघ व भाजपा के पुराने एजेंडे से जोड़कर भी देखा जा रहा है। जिसमें अयोध्या, मथुरा, काशी का जिक्र आता रहा है। वैसे भी संघ के एजेंडे को मोदी सरकार प्राथमिकता के साथ अब तक लागू करती रही है। इसलिए भी माना जा रहा है कि काशी के साथ ही आगे चलकर मथुरा पर भी भाजपा और संघ का फोकस तेज हो सकता है। फिलहाल अयोध्या के बाद अब काशी में संघ की सक्रियता बढी हुई है। प्रधानमंत्री के चुनाव क्षेत्र होने के कारण संघ और भाजपा के तमाम दिग्गज वहां डेरा डाले रहते हैं। लेकिन अब ताजा संकेतों पर गौर करें तो समझा जा सकता है कि कृष्ण जन्मभूमि के लिए पृष्ठिभूमि तैयार होने लगी है।

# सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज फातिमा बीवी का निधन



■ राजीव गांधी के हत्यारों की दया याचिका खारिज की थीं

■ तमिलनाडु की राज्यपाल भी रह चुकीं फातिमा बीवी

**कोल्लम,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। देश की पहली महिला सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस फातिमा बीवी का 96 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने कोल्लम जिले के एक निजी अस्पताल में 23 नवंबर की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका जन्म 30 अप्रैल 1927 को केरल में हुआ था। अपने पिता के कहने पर उन्होंने वकालत की पढ़ाई की। 1989 में वे सुप्रीम कोर्ट में जज बनीं और 29 अप्रैल 1992 तक इस पद पर रहीं। सेवानिवृत्ति के बाद वे नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन की सदस्य रहीं। बाद में उन्हें तमिलनाडु राज्यपाल का पद भी मिला। राजीव गांधी हत्याकांड के चार दोषियों की दया याचिका को अस्वीकार करने के बाद उन्होंने गवर्नर पद से इस्तीफा दे दिया था। जस्टिस फातिमा बीवी का जन्म 30 अप्रैल 1927 को केरल के पथानामथिट्टा में हुआ था। उन्होंने तिरुवनंतपुरम के महिला कॉलेज से कैमिस्ट्री में ग्रेजुएशन किया। फातिमा के पिता ने उन्हें एडवोकेट की पढ़ाई करने के लिए कहा। इसके चलते उन्होंने तिरुवनंतपुरम के ही लॉ कॉलेज से एलएलबी की डिग्री हासिल की।

# समलैंगिक विवाह के फैसले पर पुनर्विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

28 को होगी इस पर सुनवाई

**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार करने वाले अपने 17 अक्टूबर के फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिका पर वह 28 नवंबर को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी के 'विशेष उल्लेख' पर समीक्षा याचिका पर विचार करने के लिए तारीख मुकर्रर की।

पीठ के समक्ष श्री रोहतगी ने याचिकाकर्ता का पक्ष रखते हुए कहा कि फैसला सुनाने वाले सभी न्यायाधीश (पांच सदस्यीय संविधान पीठ के) इस बात पर सहमत थे कि भेदभाव है और यदि भेदभाव है तो उसका समाधान होना ही चाहिए।

विरासत — *संसद की वेबसाइट से जुड़े नियमों में बदलाव*

# संसदीय लॉग-इन पासवर्ड को अब किसी से साझा नहीं कर सकेंगे सांसद

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, 23 नवम्बर (देशबन्धु)। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा प्रकरण के बाद केंद्र ने संसद की वेबसाइट तक पहुचने से जुड़े नियमों में बदलाव कर दिया है। इससे तकनीकी रूप से अकुशल सांसदो को परेशानी हो सकती है। लोकसभा सचिवालय ने डिजिटल संसद पोर्टल और ऐप्स से सांसदों के सचिवों और निजी सहायकों की पहुच को खत्म कर दिया है।**

■ तकनीकी रूप से अकुशल सांसदो को हो सकती है परेशानी

■ सांसदों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आएगा ओटीपी



सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, सांसद का सहायक, निजी सचिव या कोई तीसरा पक्ष अब डिजिटल संसद की वेबसाइट तक नहीं पहुंच सकेगा। जिसके चलते वह किसी सांसद की ओर से नोटिस या प्रश्न प्रस्तुत नहीं कर सकेगा। अब यह काम सांसदों को खुद करना होगा। इस प्रक्रिया के तहत डिजिटल वेवसाइट की लॉग-इन के लिए सांसदों के पंजीकृत मोबाइल पर एक ओटीपी आएगा। कोड दर्ज करने के बाद ही वे वेबसाइट तक पहुंच सकेंगे।

### महुआ प्रकरण सामने आने के बाद बदलाव

मालूम हो कि यह बदलाव टीएमसी सांसद की महुआ मोइत्रा के खिलाफ भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की उस शिकायत के बाद लिया गया है। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्रायी के पत्र का हवाला देते आरोप लगाया गया था कि प्रश्न पूछने के बदले महुआ ने कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से पैसा लिया था। इसमें यह भी कहा गया था कि सांसद महुआ की डिजिटल वेबसाइट का लॉगइन 47 बार उनकी गैर मौजूदगी में दुबई से किया गया। कारोबारी के स्टॉफ महुआ की ओर से सीधे पोर्टल पर सवाल दर्ज कराए। फिलहाल दुबे की शिकायत के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मामले को आचार समिति को सौंप दिया था। जिसने दो बैठकों की सुनवाई के बाद महुआ की लोकसभा की सदस्यता खत्म करने की सिफारिश कर दी है। माना जा रहा है कि शीतकालीन सत्र में लोकसभा अध्यक्ष इस पर फैसला ले सकते हैं।

# देश

**उवाच** "कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अब सिर्फ कांग्रेस की ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय मुसीबत बन गए हैं। श्री चौहान कोटा की रामगंजमंडी में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 3 दिसम्बर को कांग्रेस होगी बाहर, बीजेपी जीतेगी बम्पर:- शिवराज सिंह चौहान



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26.7 | 09.3 |
| मुंबई | 35.6 | 21.6 |
| कोलकाता | 28.5 | 18.2 |
| चेन्नई | 29.3 | 22.2 |

## मल्लिकार्जुन खड़गे मोदी व शाह पर हुए हमलावर, कहा लोग कांग्रेस की गारंटी पर भरोसा जता रहे हैं, मोदी व शाह विभाजनकारी बातचीत में व्यस्त

**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा कि राजस्थान में माहौल सबसे पुरानी पार्टी के पक्ष में है, क्योंकि लोग इसकी सात गारंटी पर भरोसा जता रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह विभाजनकारी बातें करने में लगे हैं।



'आज राजस्थान चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है। वीरों और योद्धाओं की पवित्र भूमि राजस्थान ने हमारी जनकल्याणकारी योजनाओं को स्वीकार किया

खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'आज राजस्थान चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है। वीरों और योद्धाओं की पवित्र भूमि राजस्थान ने हमारी जनकल्याणकारी योजनाओं को स्वीकार किया है।

एक करोड़ से अधिक परिवारों को कांग्रेस पार्टी की 7 गारंटी पर भरोसा जताने के लिए धन्यवाद। पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में माहौल है।' कांग्रेस नेता ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा, 'बीजेपी हमारी सामाजिक न्याय, आर्थिक सशक्तिकरण और बचत व राहत योजनाओं से डरी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी जी और गृह मंत्री अमित शाह खोखली, बेतुकी और विभाजनकारी बातों में व्यस्त हैं' कांग्रेस पार्टी की सात गारंटी उन्हें पसंद नहीं आ रही है। इस बार जनता उनके झूठ, फरेब और नफरत भरी बातों में नहीं आएगी।' खड़गे ने कहा, 'राजस्थान के लोगों ने तय कर लिया है कि इस बार परंपरा बदलेगी और वे कांग्रेस पार्टी को एक और मौका देंगे।' राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार गुरुवार को शाम 5 बजे थम जाएगा। 200 सदस्यीय विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 25 नवंबर को होगा और वोटों की गिनती 3 दिसम्बर को होनी है।

# भाजपा गुर्जर समाज को भड़काने अब राजेश पायलट को बीच में ले आई: गहलोत

**जयपुर,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राजेश पायलट को लेकर दिए बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा लोगों को भड़काने एवं गुमराह करने का काम किया है और अब गुर्जर समाज को भड़काने के लिए राजेश पायलट को बीच में ले आई हैं। श्री गहलोत प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज को भड़काया जा रहा है लेकिन यकीन है कि जनता समझदार है और वह सब समझ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अंदर क्या हुआ, उस पर भी बयान दिए जा रहे हैं। गुर्जर समाज को भड़काने के लिए स्वर्गीय राजेश पायलट को बीच में लेकर आ गए। चुनाव के समय जनता को भड़काया जा रहा है और भड़काने को तो कई कारणों से भड़का देंगे। लेकिन भाजपा के शासन के समय प्रदेश में गुर्जर आरक्षण के दौरान 72 गुर्जर मारे गए तभी आरक्षण नहीं मिला और कांग्रेस सरकार के समय भी गुर्जर आंदोलन हुआ लेकिन हमने लाठीचार्ज भी नहीं होने दिया और प्यार से समझाकर आरक्षण भी दे दिया।

उन्होंने कहा कि भाजपा के समय 22 बार फायरिंग हुई और 72 गुर्जर मारे गए और 12 दिन तक शव पड़े



**गुर्जर समाज को भड़काया जा रहा है लेकिन यकीन है कि जनता समझदार है और वह सब समझ रही है, गुर्जर समाज को भड़काने के लिए स्वर्गीय राजेश पायलट को बीच में लेकर आ गए। :-अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री राजस्थान**

रहे थे। उसके बाद उनकी सरकार बदल गई हैं और मैं मुख्यमंत्री बना, उस दौरान भी धरना दिया गया और पटरी पर आंदोलन किया गया लेकिन प्यार से मामले को निपटाया गया और आरक्षण भी दिया गया। फिर भी भड़काया जा रहा है लेकिन अब जनता समझ चुकी है और इस बार भाजपा को इस चुनाव में सबक सिखायेगी। उन्होंने कहा कि हम मिशन 156 लेकर चल रहे हैं और पूरा यकीन हैं कि इस बार कांग्रेस सरकार रिपीट करेगी। उन्होंने कहा कि जब केरल में रिपीट हो सकती है तो उसकी तरह यहां भी सरकार अवश्य रिपीट होगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अभिनेता भी बताते हुए कहा, 'उन्होंने गुजरात में कहा था कि मारवाड़ी की बात मत मानो। मैं जब गुजरात का प्रभारी था तो उन चुनावों में कहा गया कि राजस्थानी घूम रहा है, मैं कहां जाउंगा। अब अगर मैं कहूं कि अब वो गुजराती राजस्थान आ रहा हैं हम तो नहीं कह रहे कि भाईयो बहनो, गुजराती आकर घूम रहा है। मैं थां सूं दूर नहीं, मैं कहां जांउगा।' श्री गहलोत ने श्री मोदी के बयान 'अब गहलोत नहीं बनेंगे मुख्यमंत्री' के बयान पर भी पलटवार करते हुए कहा कि क्या मोदी भविष्यवक्ता हैं जो कह रहे हैं कि गहलोत चौथी बार सीएम नहीं बनेंगे।

### गहलोत ने महादेव एप एवं लाल डायरी मामले में जांच की मांग की

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मांग करते हुए कहा है कि महादेव ऐप और लाल डायरी मामले में उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से जांच होनी चाहिए। श्री गहलोत ने आज यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान यह मांग की। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए यह साजिश रची है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से ये लोग साजिशें करते हैं, हाल में छत्तीसगढ़ में महादेव ऐप का मामला सामने आया था और इन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चार दिन पहले ही गिरफ्तार करने की साजिश रची थी लेकिन पर्दाफाश हो गया। उन्होंने कहा कि कहा जाने लगा कि छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री को 508 करोड़ रुपए दे दिए और बड़ा घोटाला हो गया। पूरा षड़यंत्र रचा गया लेकिन वह एक्सपोज हो गया और राजस्थान में भी एक्सपोज हो गए। उन्होंने कहा 'मुझे दुख हो रहा है कि ये लोग योजना बनाकर चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री से महादेव ऐप और लाल डायरी की बात करा रहे हैं, जिसके बारे में कोई उचित जांच नहीं है, कुछ भी ठोस बात नहीं है और प्रधानमंत्री इसके बारे में बोल रहे हैं।

## सार संक्षेप

### राजशरण एबीवीपी के अध्यक्ष और याज्ञवल्क्य महामंत्री निर्वाचित हुए

नई दिल्ली। राजशरण शाही और याज्ञवल्क्य शुक्ल, छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में सत्र 2023-24 हेतु पुनर्निर्वाचित हुए हैं। यह घोषणा गुरुवार को अभाविप केन्द्रीय कार्यालय से की गई। अभाविप के केन्द्रीय कार्यालय से चुनाव अधिकारी डॉ. सी.एन. पटेल द्वारा जारी वक्तव्य के अनुसार उपरोक्त दोनों पदों का कार्यकाल एक वर्ष रहेगा एवं दोनों पदाधिकारी दिल्ली में दिनांक 7, 8, 9 व 10 दिसम्बर, 2023 को होने वाले 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन में अपना पदग्रहण करेंगे। राजशरण शाही मूलतः उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले से हैं। शाही ने शिक्षाशास्त्र में पीएचडी की है। वर्तमान में वे बाबासाहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में शिक्षाशास्त्र विभाग में सह-आचार्य के पद पर कार्यरत हैं। विद्यार्थी परिषद के आशुतोष सिंह ने बताया कि राजशरण शाही ने अब तक छह पुस्तकों का लेखन व संपादन किया है। अभी तक 109 से अधिक शोधपत्र एवं लेख राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं एवं संगोष्ठियों में रखे जा चुके हैं। साथ ही शिक्षा से जुड़े विषयों पर दैनिक पत्रों में राजशरण शाही के लेख प्रकाशित हुए हैं। वह प्रतिष्ठित भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला में असोसिएट रहे हैं। वहीं, महामंत्री निर्वाचित हुए याज्ञवल्क्य शुक्ल मूलतः झारखंड के गढ़वा जिले से हैं। उनकी शिक्षा रांची विश्वविद्यालय से भूगोल विषय में पीएचडी तक हुई है। एबीवीपी परिषद के मुताबिक उनका शोध झारखंड के पलामू प्रमंडल में कोरबा जनजाति का सांस्कृतिक भूगोलीय अध्ययन विषय पर हुआ है।

### लोगों का पेट नौकरी देने से भरेगा, मंदिर में घंटा बजाने से कुछ नहीं होगा: तेजस्वी

पटना। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के यूपी की तर्ज पर बिहार में भी हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट्स पर प्रतिबंध लगाने की मांग पर बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा के लोग अच्छी तरह से जान ले, लोगों का पेट नौकरी देने से भरेगा, विकास करने से भरेगा। मंदिर-मस्जिद करने और मंदिर में घंटा बजाने से कुछ नहीं होगा। पटना में जब पत्रकारों ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के मुख्यमंत्री को पत्र लिखने के संबंध में पूछा तो तेजस्वी ने कहा कि ये लोग तो सिर्फ हिंदू-मुसलमान ही करते हैं। उनमें और हम लोगों में यही फर्क है। हमलोग रोजगार देने की बात करते हैं और विकास की बात करते हैं तो वे लोग हिंदू-मुसलमान, मंदिर-मस्जिद की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों को बस हिंदू-मुसलमान पर राजनीति करना है। नौकरी पाने के लिए यूपी के लोग बिहार आ रहे हैं। दरअसल, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार में हलाल सर्टिफाइड उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने यूपी के तर्ज पर बिहार में भी हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट्स पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

## भिंड कलेक्टर को मतगणना से दूर रखने की मांग



**भोपाल,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से भिंड जिले के कलेक्टर को मतगणना की प्रक्रिया से अलग रखने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने गुरुवार को कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से मुलाकात करके कहा कि भिंड कलेक्टर शुरू से ही चुनाव को प्रभावित करने और भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भिंड कलेक्टर अपनी पदस्थापना के समय से ही अपने अधीनस्थ अधिकारियों से यह पूछते रहे हैं कि डॉ. गोविन्द सिंह सात बार किस प्रकार चुनाव जीते हैं। भिंड कलेक्टर पूरे जिले के निर्वाचन अधिकारी हैं, लेकिन मतदान के दिन वे केवल लहार विधानसभा क्षेत्र में पूरे दिन मतदान शुरू होने से लेकर समाप्त होने तक घूमते रहे। उनके निर्देश पर बीएसएफ कर्मी मतदान करने वाले मतदाताओं के आधार कार्ड की जांच कर रहे थे। जबकि, यह काम पीठासीन अधिकारी का है। बीएसएफ जवानों द्वारा मतदाताओं से पूछताछ किये जाने से क्षेत्र में भय व्याप्त हो गया।


डॉ. सिंह ने कहा कि मतदान केन्द्र 50 धनुपुरा और 45 गांध में अनेक मतदाताओं के साथ मारपीट की गई, जिससे कोई मतदान नहीं कर सके। कलेक्टर के इशारे पर कांग्रेस पार्टी के मतदान अभिकर्ताओं को मतदान केन्द्र से बाहर बैठाकर रखा गया और पीठासीन अधिकारियों द्वारा भाजपा के पक्ष में फर्जी मतदान कराया गया। लहार में निर्वाचन के कार्य में लगे शासकीय अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा डाले गये डाक मत पत्रों को कोषालय में जमा नहीं किया गया। एक दिन बाद इन डाक मत पत्रों को कोषालय में जमा कराया गया। उन्होंने मांग की है कि लहार क्षेत्र की मतगणना से कलेक्टर भिंड को अलग रखते हुए किसी अन्य अधिकारी को दायित्व सौंपा जाए, ताकि मतगणना निष्पक्षता पूर्वक हो सके।

## राजस्थान कांग्रेस के घोषणापत्र पर शाह बोले, धार्मिक आधार पर आरक्षण असंवैधानिक

**जयपुर,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को आईएएनएस के एक सवाल के जवाब में कहा, धार्मिक आधार पर आरक्षण असंवैधानिक है और ऐसा नहीं किया जा सकता। अगर कोई ऐसा करने की कोशिश करता है तो भाजपा इसका कड़ा विरोध करेगी। जवाब में और बात जोड़ते हुए उन्होंने कांग्रेस का नाम लिए बिना कहा, 'वास्तव में, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अल्पसंख्यक कोटा के बारे में नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि वे ये चुनाव नहीं जीत रहे हैं।' शाह ने दावा किया कि राजस्थान में अगली सरकार भाजपा की बनेगी, क्योंकि भगवा पार्टी राज्य में प्रचंड जीत दर्ज करेगी। अमित शाह गुरुवार को जयपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। सचिन पायलट के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान को सही ठहराते हुए शाह ने कहा कि गहलोत को सचिन पायलट के बारे में दो अच्छे वाक्य बोलने चाहिए, 'उनसे मेरा यही अनुरोध है।' मोदी ने एक दिन पहले कहा था कि कांग्रेस के एक परिवार ने राजेश पायलट के साथ-साथ उनके बेटे को भी सजा दी है। शाह ने राजस्थान में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी बात की और कहा, 'महिलाओं के खिलाफ अपराध के 2 लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं।

## पीएम मोदी ने कहा, 'राजस्थान में सत्ता में नहीं लौटेगी कांग्रेस'

**जयपुर,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि राजस्थान में पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस सरकार के रिकॉर्ड को देखते हुए, वे राज्य में दोबारा सरकार नहीं बना पाएंगे। पीएम मोदी ने देवगढ़ में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'मेरे शब्दों को याद रखें, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार राजस्थान में दोबारा सरकार नहीं बना पाएगी, क्योंकि लोग जानते हैं कि उन्होंने पिछले पांच वर्षों में राज्य को किस तरह से खराब किया है।' उन्होंने कहा कि राजस्थान ने कांग्रेस सरकार जैसी महिला विरोधी सरकार कभी नहीं देखी। मोदी ने कहा, 'दंगे, कर्फ्यू और अपराध में राजस्थान नंबर वन है। भ्रष्टाचार और पेपर लीक के मामले में भी राज्य टॉप पर पहुंच गया है।' उन्होंने कहा कि अगर भाजपा की सरकार बनी तो वे पर्यटन, तीर्थाटन, निवेश, शिक्षा, खेल और उद्योग के क्षेत्र में राज्य का नेतृत्व करेंगे।



पुरुषों की राज्य संबंधी टिप्पणियों पर टिप्पणी करते हुए मोदी ने कहा, 'जब से मैंने पुरुषों की स्थिति का बयान सुना है, मैं अपने क्रोध पर नियंत्रण नहीं रख पा रहा हूं। राजस्थान में गुर्जरों का जितना अपमान कांग्रेस ने किया है, उतना किसी ने नहीं किया। राजेश पायलट के बेटे के लिए गद्दार और नालायक जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया।'

उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज का बेटा राजनीति में जगह बनाने के लिए संघर्ष करता है, अपना पूरा जीवन बलिदान कर देता है और सत्ता पाने के बाद राजपरिवार उसे सर्वोच्च पद तक नहीं पहुंचने देता। कांग्रेस ने राजेश पायलट के साथ भी यही किया और उनके बेटे के साथ भी यही कर रही है।' मोदी ने कहा कि उन्होंने राजेश पायलट पर जो सवाल उठाए थे, कांग्रेस ने उनका जवाब नहीं दिया है। मोदी ने कहा, 'मैंने शाही परिवार' के बारे में कुछ कहा। कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। पूरा कांग्रेस ढांचा हिल गया। लेकिन, मैंने राजेश पायलट के बारे में जो पूछा था, उसका उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। वे पूरी ताकत से झूठ बोल रहे हैं कि राजपरिवार ने राजेश पायलट का अपमान नहीं किया।'


## परिवर्तन की चाहत रखने वाली जनता देगी आशीर्वाद: सारस्वत

अजमेर, 23 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी ज्ञानचंद सारस्वत ने कहा है कि वे राजनीति के साथ-साथ अपने सामाजिक कार्यों के बूते अपनी क्षेत्र की जनता के आग्रह पर मैदान में हैं और मुझे पूरी उम्मीद है कि परिवर्तन की चाहत रखने वाली जनता उन्हें आशीर्वाद देगी। अजमेर में आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री सारस्वत ने कहा कि मैं , न किसी को हरा रहा हूं और न किसी को जीता रहा हूँ । मैं चाहता तो गद्दारी भी कर सकता था लेकिन मैंने जनता की भावनाओं और अपेक्षाओं का ख्याल रखा । मैं भाजपा में भी अपने प्रयास से आगे बढ़ा। मुझे दुख तब हुआ, जब मैं बड़ी समस्या सामने रखता तो भाजपा नेता मुझे पार्षद होने का हवाला देकर वार्ड का रास्ता दिखाते। उन्होंने कहा कि मुझे मौका मिला तो मैं क्षेत्र की पानी, कच्ची बस्ती नियमन जैसी समस्याओं को प्राथमिकता से दूर करेंगे और विधानसभा में पत्रकार संरक्षण के लिए आवाज उठाएंगे। श्री सारस्वत ने अजमेर उत्तर की 197 वार्ड में मतदाता पर्ची नहीं बांटने का भी निर्णय लिया तथा पोलिंग एजेंट नियुक्त भी नहीं करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि राज्य का निर्वाचन विभाग अच्छी व्यवस्था कर रहा है और मुझे उन पर पूरा भरोसा है। इसके अलावा एक बूंद शराब भी उनकी ओर से नहीं बांटी जायेगी। यह भी एक तरह का नवाचार है।

## सनातन धर्म और समाजवाद को एक साथ लेकर चलती है जन सेना पार्टी : पवन कल्याण

**कोठागुडेम (तेलंगाना),** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। अभिनेता-राजनेता पवन कल्याण ने कहा कि जन सेना पार्टी सनातन धर्म और समाजवाद दोनों को एक साथ लेकर चल रही है। उनका दावा है कि उन्होंने इसे तेलंगाना के क्रांतिकारी कवि दाशरथी कृष्णमाचार्युलु से सीखा है, जिन्होंने प्रसिद्ध कविता 'ना तेलंगाना कोटि रत्नाला वीणा' (मेरा तेलंगाना एक करोड़ हीरों से सजी वीणा की तरह है) लिखी थी। जेएसपी नेता अविभाजित खम्मम जिले के कोठागुडेम में जेएसपी-भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में चुनाव अभियान के तहत एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। जेएसपी तेलंगाना में भाजपा के साथ गठबंधन में आगामी चुनाव लड़ रही है। 2019 में आंध्र प्रदेश में इसका वाम दलों के साथ चुनावी गठबंधन था। पवन कल्याण ने कहा कि दोनों विचारधाराओं को साथ-साथ चलाया जा सकता है। बहुत से लोग कहते हैं कि हम आपकी राजनीति को नहीं समझते, मैं उनसे कहता हूं कि मेरा धर्म मानवतावाद है। तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों में से जेएसपी आठ सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जिनमें से चार अविभाजित खम्मम जिले में हैं, जो कम्युनिस्ट प्रभाव का इतिहास वाला क्षेत्र है।



**जन सेना पार्टी सनातन धर्म और समाजवाद दोनों को एक साथ लेकर चल रही है। उनका दावा है कि उन्होंने इसे तेलंगाना के क्रांतिकारी कवि दाशरथी कृष्णमाचार्युलु से सीखा है:-पवन कल्याण, अभिनेता-राजनेता**

पवन कल्याण ने दोहराया कि वह आंध्र प्रदेश में 'गुंडों' से लड़ने के लिए तेलंगाना आंदोलन से प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने भाजपा को समर्थन देने का फैसला किया क्योंकि वह चाहते थे कि नरेंद्र मोदी एक और कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री बनें। उन्होंने कहा कि वह तेलंगाना में सत्ता में आने पर पिछड़े वर्ग से किसी को मुख्यमंत्री बनाने के भाजपा के वादे से भी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, पिछड़ा वर्ग आबादी का 50 प्रतिशत है। पिछड़े वर्ग से ही मुख्यमंत्री बनना चाहिए।' अभिनेता-राजनेता ने कहा कि जेएसपी ने तेलंगाना राज्य के लिए लड़ने वाली टीआरएस, भाजपा, कांग्रेस और वाम दलों के सम्मान में तेलंगाना में चुनावी राजनीति में अपनी शुरुआत करने के लिए एक दशक तक इंतजार किया। यह कहते हुए कि राज्य का गठन 1,200 युवाओं के बलिदान के बाद हुआ था और युवाओं को बहुत सारी उम्मीदें थी, उन्होंने कहा कि वे उम्मीदें अभी भी पूरी नहीं हुई हैं।

## पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ टिप्पणी को लेकर कांग्रेस का केसीआर पर निशाना

**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (एजेंसियां) पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ टिप्पणी को लेकर कांग्रेस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पर पलटवार करते हुए कहा, 'अहंकारी और सत्ता के नशे में धुत' ने न केवल नेता बल्कि देश की जनता का भी अपमान किया है। राज्य उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। कांग्रेस ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में राव के दिन अब गिने-चुने रह गए हैं। वह इस तथ्य को स्वीकार करने में असमर्थ हैं कि उनका सामंती और पैसा कमाने का उद्यम खत्म हो रहा है।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोर्चा संभाला और एक्स पर एक पोस्ट में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता की उनकी टिप्पणियों के लिए आलोचना की और कहा, 'सत्ता के नशे में चूर एक अहंकारी केसीआर ने इंदिरा गांधी का अपमान किया है। इसके लिए तेलंगाना के लोग उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। इंदिराम्मा राज्यम का मतलब न्याय, कल्याण और विकास है और कांग्रेस पार्टी इसके लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।' पार्टी महासचिव (संगठन) केसी. वेणुगोपाल ने मुख्यमंत्री की आलोचना की और कहा, 'मुख्यमंत्री की कुर्सी पर केसीआर के दिन अब गिने-चुने रह गए हैं। वह इस तथ्य को स्वीकार करने में असमर्थ हैं कि उनका सामंती, पैसा कमाने वाला उद्यम समाप्त हो रहा है।

- **'सत्ता के नशे में चूर एक अहंकारी केसीआर ने इंदिरा गांधी का अपमान किया है। इसके लिए तेलंगाना के लोग उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी:-खड़गे**

**तैयारी** *विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हो चुका है, अब मतगणना का इंतजार*

# सट्टा बाजार का रुख बढ़ा रहा है मध्य प्रदेश के नेताओं की धड़कन

**भोपाल, 23 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हो चुका है। अब, मतगणना का इंतजार है। इसी बीच सट्टा बाजार से आ रही खबरें कभी बीजेपी तो कभी कांग्रेसी नेताओं की धड़कनें बढ़ा देती है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों के लिए एक चरण में 17 नवंबर को मतदान हो चुका है और मतगणना 3 दिसंबर को होना है।**

दोनों प्रमुख राजनीतिक दल, भाजपा और कांग्रेस, अपनी जीत के न केवल दावे कर रही हैं, बल्कि उन्हें भरोसा है कि जनता उनका साथ देखी। कांग्रेस को भरोसा है कि उनकी सरकार को खरीद-फरोख्त करके गिराया गया था इसका जनता हिसाब बराबर करना चाहती है, तो वहीं कांग्रेस की तमाम योजनाएं जनता को जिंदगी में बदलाव लाने का भरोसा दिला रही है। दूसरी ओर भाजपा के नेताओं को लग रहा



है कि उनकी लाडली बहना योजना से लेकर महिला वर्ग के लिए चलाई गई योजनाएं और आदिवासी कल्याण के साथ युवाओं के लिए किए गए प्रयास मतदाताओं को रास आएंगे। केंद्र की सरकार के साथ उनके पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा चेहरा है। इसी के आधार पर उन्हें फिर बहुमत मिलेगा और सरकार बनेगी।

दोनों दलों के इन दावों के बीच कई सट्टा बाजार के आंकड़े भी सामने आ रहे हैं। यह सट्टा बाजार जहां चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ी बढ़त दिखा रहे थे तो वहीं मतदान के बाद उनके रुख में कुछ बदलाव आया है और वह मुकाबले को टक्कर का बताने के साथ भाजपा को थोड़ी बढ़त दिखा रहे हैं। इसी के चलते राजनीतिक दलों के नेताओं से लेकर उम्मीदवारों की भी धड़कनें बढ़ी हुई हैं। सट्टा बाजार की रिपोर्ट लगातार बदलाव कर रही है और यही कारण है कि सियासी गतिविधियों पर नजर रखने वाले लोग सट्टा बाजार पर भी नजर रखे हुए हैं। साथ ही एक ही बात कह रहे हैं कि राज्य में कुछ भी हो सकता है और किसी की भी सरकार बन सकती है।

- **राज्य की 230 विधानसभा सीटों के लिए एक चरण में 17 नवंबर को मतदान हो चुका है**
- **जनता हिसाब बराबर करना चाहती है, तो वहीं कांग्रेस की तमाम योजनाएं जनता को जिंदगी में बदलाव लाने का भरोसा दिला रही**

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

टीचर - एक महान वैज्ञानिक का नाम बताओ ?
पप्पू - आलिया भट्ट
टीचर ने डंडा निकाला,
इतने दिन में यही सीखा है...
दूसरा - सर ये तोतला है,
ये बोल रहा है - 'आर्यभट्ट'।

## भारत में स्पैनिश राजदूत जोस मारिया रिडाओ ने स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस का दौरा किया

**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत में स्पेन के राजदूत, जोस मारिया रिदाओ और एक प्रतिष्ठित स्पैनिश डेलीगेशन ने गुरुवार को डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस, राज निवास का दौरा किया। यहां छात्रों ने भारतीय संस्कृति और स्पैनिश भाषा के विशिष्ट मेल के साथ उनका स्वागत किया। अपने विजिट के दौरान स्पैनिश डेलीगेशन ने स्पैनिश-जर्मन लैंग्वेज क्लासरूम,रोबोटिक्स, ऑटोमेशन एंड डिज़ाइन लैब, इंटीग्रेटेड साइंस लैब का दौरा किया। डेलीगेशन स्पैनिश और जर्मन लैंग्वेज के क्लासरूम में भी शामिल हुआ। विजिट के दौरान डेलीगेशन ने स्कूल में चल रही विभिन्न ऐक्टिविटीज़ में सक्रिय रूप से भाग लिया और हैप्पीनेस करिकुलम के तहत माइंडफुलनेस का भी अभ्यास किया साथ ही केजरीवाल सरकार के फ्लैगशिप प्रोग्राम बिज़नेस ब्लास्टर्स के तहत छात्रों के शानदार स्टार्टअप आइडियाज़ को जाना।



शिक्षा मंत्री आतिशी ने डेलीगेशन को एएसओएसई में सिखाए जा रहे विभिन्न करिकुलम के बारे में जानकारी प्रदान की। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने कहा कि आज स्पैनिश प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी करना सौभाग्य की बात है। इस दिशा में स्पैनिश डेलीगेशन का हमारे स्कूल में आना और यहाँ सीखने के लिए अपनाए जा रहे इनोवेटिव तरीक़ों से रूबरू होना न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि वैश्विक मंच पर भी शिक्षा के प्रति केजरीवाल सरकार के समर्पण को दिखाता है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बी.आर. अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस, शिक्षा के क्षेत्र में इनोवेशन के एक प्रतीक के रूप में है। ये सीखने का एक ऐसा माहौल तैयार करता है, जहां छात्र न केवल मुख्य विषयों को सीखते हैं बल्कि आधुनिक दुनिया की चुनौतियों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण स्किल्स भी सीखते है। उन्होंने आगे कहा कि, वर्तमान में हम दिल्ली सरकार के स्कूलों में छात्रों को स्पेनिश सहित विभिन्न इंटरनेशनल लैंग्वेज सीखा रहे है। यह उनके लिए भविष्य में शानदार अवसर तैयार करेगा।

इस मौके पर भारत में स्पैनिश राजदूत जोस मारिया रिडाओ ने दिल्ली के शिक्षा मॉडल के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की और एक सर्वांगीण शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता के लिए केजरीवाल सरकार की सराहना की।

उन्होंने कहा, 'क्लासरूम में स्पेनिश और अन्य वैश्विक भाषाओं को सीखने के लिए बच्चों का उत्साह देखना वास्तव में रोमांचक था। शिक्षा के क्षेत्र में दिल्ली सरकार के साथ साझेदारी एक अद्भुत अनुभव रही है, और अब, हम शिक्षा से परे और अधिक अवसर तलाशना चाहेंगे।

## एनडीएमसी ने 'स्वच्छ शौचालय अभियान' की शुरुआत की

**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एनडीएमसी ने स्वच्छता मिशन के अंतर्गत 19 नवम्बर से 25 दिसम्बर तक 5 सप्ताह का स्वच्छ शौचालय अभियान शुरू किया है। स्वच्छ शौचालय अभियान का प्राथमिक उद्देश्य एनडीएमसी क्षेत्र के अंतर्गत सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों के संचालन और रखरखाव को बढ़ाना है। इस व्यापक, 5-सप्ताह की पहल में सभी शौचालयों में बड़े पैमाने पर सफाई और रखरखाव अभियान चलाया जाना शामिल है, जिसका लक्ष्य इस शौचालयों की स्वच्छता और कार्यक्षमता में सुधार करना है। पालिका परिषद क्षेत्र में शौचालयों की कुल संख्या 350 है, जिनमें से 37 शौचालय सामुदायिक शौचालय हैं, और छह शौचालय इकाइयां केवल महिलाओं के लिए गुलाबी शौचालयों के नाम से जानी जाती हैं। 13 शौचालय उभयलिंगियों के लिए समर्पित हैं। पालिका परिषद उभयलिंगियों के लिए 79 और शौचालय इकाइयों का निर्माण करने जा रही है।

## दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक में अगले दो-तीन दिनों में सुधार होने की उम्मीद: राय

**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को कहा कि विशेषज्ञों के अनुसार, अगले दो से तीन दिन में शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है और इसलिए सरकार ने 'ग्रैप' के तीसरे चरण के तहत पाबंदियों को जारी रखने का फैसला किया है। राय ने कहा कि आगामी दिनों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के 'बहुत खराब' श्रेणी से बेहतर होने का अनुमान है, लेकिन 'ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान' यानी क्रमित प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप) नियमों के तहत कुछ वाहनों पर प्रतिबंध जारी रहेगा। मंत्री ने कहा कि ग्रैप के तीसरे चरण के तहत, बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल वाहनों पर अभी भी प्रतिबंध है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दो-तीन दिन में हवा की गुणवत्ता में सुधार होगा। वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार, यह निर्णय लिया गया है कि दिल्ली में 'ग्रैप' के तीसरे चरण के तहत पाबंदियां जारी रहेंगी। राय ने कहा कि 'ग्रैप' के चौथे चरण के तहत पाबंदियों को संशोधित किया गया है और अब इसमें अखिल भारतीय परमिट वाले बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल वाहनों पर पाबंदियां शामिल है, जिन्हें पहले दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति थी।



आगामी दिनों में वायु गुणवत्ता सूचकांक के 'बहुत खराब' श्रेणी से बेहतर होने का अनुमान है, लेकिन 'ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान' यानी क्रमित प्रतिक्रिया कार्य योजना नियमों के तहत कुछ वाहनों पर प्रतिबंध जारी रहेगा : **गोपाल राय**

उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब होती है और 'ग्रैप' का चौथा चरण फिर से लागू होता है, तो ऐसे वाहनों के राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया जायेगा। राय ने निवासियों से नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि यदि नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो राज्य सरकार शहर में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए और अधिक कड़े कदम उठा सकती है। केंद्र सरकार ने शनिवार को दिल्ली-एनसीआर में अनुकूल हवा की गति के कारण वायु गुणवत्ता में हुए सुधार के बाद 'ग्रैप' के चौथे चरण के तहत लगाए गए प्रतिबंधों को रद्द करने का आदेश दिया था।

**सार संक्षेप**

### दिल्ली में हजरत निजामुद्दीन क्षेत्र में झुग्गियों पर तीसरे दिन भी चला बुलडोजर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन क्षेत्र के सुंदर नर्सरी डीपीएस स्कूल के पास बनी झुग्गियों और मकानों पर गुरुवार को भी प्रशासन का बुलडोजर चला। अधिकारियों ने कहा कि ये झुग्गी और मकान सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करके बनाए गए हैं। इस मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। यह कार्रवाई भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के भूमि एवं विकास कार्यालय के द्वारा की गई। इस कार्रवाई से सैकड़ों परिवार प्रभावित हुए है। उन्होंने कहा कि जब हमने यहां अपनी झुग्गी और घर बनाए तो हमें रोका नहीं गया और पुलिस ने पैसे लिए। अब हमारे घर को तोड़ा जा रहा है और इसके बदले न हमें कोई मुआवजा दिया जा रहा है और न ही रहने की जगह। चुनाव के समय नेता वोट के लिए तो दिखाई देते हैं, लेकिन संकट की इस स्थिति में कोई नजर नहीं आ रहा है।

### दिव्यांग लोगों के समर्थन के लिए आगे आई हुंडई

**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर ने दिव्यांग लोगों की जागरूकता और सक्षमता के लिए समर्थ पहल की शुरुआत की है। यह पहल हुंडई की मानवता के लिए प्रगति की वैश्विक दृष्टि के अनुरूप है जिसका उद्देश्य गतिशीलता की शक्ति के माध्यम से एक समावेशी, प्रगतिशील दुनिया को सक्षम बनाना है। इस पहल के माध्यम से, हुंडई का लक्ष्य भारत में दिव्यांग लोगों के प्रति अधिक जागरूक और संवेदनशील समाज बनाने में मदद करना है। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की नई मुहिम समर्थ ऐसी है, जो दिव्यांगजनों की हर संभव मदद के साथ ही उनके सपनों को उड़ान देगी। बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान ने हुंडई की नई कॉर्पोरेट मुहिम समर्थ को दिल्ली में लॉन्च करते हुए दिव्यांगों की हौसला आफजाई करते हुए ऐसे ही कुछ शब्द कहे कि आप भी समर्थ हैं। हुंडई मोटर इंडिया के प्रोग्रेस फॉर ह्यूमैनिटी विजन के तहत लॉन्च समर्थ मुहिम का मकसद दिव्यांग जनों की भलाई और उनके सपनों को पंख देने वास्ते पूरी मानव जाति को जागरूक करना है।

### फसल नुकसान में कमी और तकनीक को अपनाने का किया आह्वान

नई दिल्ली। कृषि में नवाचार और सतत विकास की सोच से ही फसलों के स्वास्थ्य की चुनौतियों से निपटा जा सकता है और देश में फसल उत्पादन में वृद्धि संभव हो सकती है। वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन आईसीपीएचएम 2023 पर आयोजित सम्मलेन में धानुका समूह के चेयरमैन आर जी अग्रवाल ने कहा कि देश के कृषि विशेषज्ञों की भी यही राय है। उन्होंने इंडस्ट्री के महत्वपूर्ण रुझान और किसानों, विशेषकर फसल सुरक्षा रसायन सहित कृषि-इनपुट सेक्टर के समक्ष चुनौतियों को रेखांकित किया। उन्होंने प्रशासनिक चुनौतियों का सामना और नई तकनीकों के किसानों को सुचारु रूप से हस्तांतरण के महत्व पर बल दिया। खाद्य सुरक्षा के लिए उत्पादकता बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए श्री अग्रवाल ने किसानों का गलत फायदा उठाने वाले जालसाजों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

## नेशनल मायोपिया वीक अभियान का आयोजन

**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। बीते वर्ष के मायोपिया अवेयरनेस वीक को मिली सफलता के बाद, एंटोड फार्मास्यूटिकल्स ने इस साल नेशनल मायोपिया वीक के आयोजन के लिए मातानंद फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया है। यह आयोजन मातानंद फाउंडेशन की पहल है, जिसमें स्ट्राबिस्मस एंड पीडियाट्रिक ऑप्थैलमोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया एसपीओएसआई भी सहयोगी है। इसका उद्देश्य दुनियाभर में आंखों से जुड़ी प्रमुख समस्याओं में से एक मायोपिया के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस कार्यक्रम में एंटोड फार्मास्यूटिकल्स का भी सहयोग रहेगा। इस अभियान को हैशटैग मोर ग्रीन लेस स्क्रीन का नाम दिया गया है। इसके माध्यम से एक करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान 20 से 26 नवंबर तक चलाया जाएगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के इन्फ्लूएंसर्स भी शामिल होंगे। एंटोड फार्मास्यूटिकल्स के सीईओ निखिल ने बताया कि नेशनल मायोपिया वीक के लिए मातानंद फाउंडेशन के साथ हमारे सहयोग से बच्चों में आंखों की रोशनी की सुरक्षा करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का पता चलता है। पैरेंट्स, एजुकेटर्स और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स को जानकारी और संसाधन उपलब्ध कराकर हम ऐसा भविष्य तैयार करना चाहते हैं, जहां मायोपिया पर नियंत्रण किया जा सके। हम सब साथ मिलकर अपने बच्चों की देखने की शक्ति बचाने के लिए प्रभावी रूप से काम कर सकते हैं।

## दिल्ली भाजपा ने पूर्व अध्यक्ष मांगे राम गर्ग को जन्मजयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मांगे राम गर्ग की जन्मजयंती के उपलक्ष्य में मांगे राम गर्ग चेरिटेबल सोसायटी द्वारा आयोजित भजन संध्या में वरिष्ठ धर्मगुरूओं एवं भाजपा नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. सुकृति माथुर द्वारा भजन प्रस्तुत किये गये और एनजीओ सक्षम के सहयोग से दिव्यांगों हेतु सहायता उपकरण वितरित किये गये। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े दिल्ली संत महामंडल के महामंत्री महामंडलेश्वर महंत नवल किशोर दास जी, विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. हर्ष वर्धन, विजय गोयल, आदेश गुप्ता, सक्षम के महामंत्री कमल कांत पांडेय, वरिष्ठ नेता पवन शर्मा ने मंच से देहदानी स्वर्गीय मांगे राम गर्ग को प्रेरणा पुंज बताते हुये पुष्पांजलि अर्पित की। मंच व्यवस्था प्रदेश महामंत्री योगेन्द्र चांदोलिया, हर्ष मल्होत्रा, कमलजीत सहरावत ने संभाली।

मांगे राम गर्ग भाजपा ही नहीं सम्पूर्ण समाज के प्रिय थे : **वीरेन्द्र सचदेवा**





मांगे राम गर्ग के पुत्र एवं दिल्ली भाजपा के कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग ने अपने परिजनों के साथ भजन संध्या में आये अतिथियों का अभिवादन किया जिनमें प्रमुख थे प्रदेश पदाधिकारी हर्ष मल्होत्रा, योगेन्द्र चांदोलिया, कमलजीत सहरावत, दिनेश प्रताप सिंह, लता गुप्ता, बांसुरी स्वराज, प्रवीण शंकर कपूर, सोना कुमारी, अमित गुप्ता, वीरेन्द्र बब्बर, अजय सहरावत, सरदार ज्योतजीत सबरवाल, रोहित उपाध्याय, जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गोयल, सरदार कुलदीप सिंह, सुनील कक्कड़, सत्यनारायण गौतम, संजय गोयल, रणवीर तंवर, राम सिया शरण, राजकुमार चोटेला सहित जिला एवं मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित थे। दिल्ली की अनेक वैश्य समाज से जुड़ी संस्थाओं के अलावा धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुये। आलोक कुमार ने कहा कि एक स्वस्थ एवं रोगमुक्त भारत का स्वप्न जिन लोगों ने बैठकर देखा था उनमें श्री मागे राम गर्ग थे और उनकी बताई गई बातों को हम आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति की मृत्यु 18 लोगों के जीवन को बेहतर कर सकती है इस बात को श्री मागे राम गर्ग ने सार्थक बनाया।

### प्रीमियर बस सेवा की शुरूआत किसी शोध पर आधारित नहीं है: वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल सरकार हर दूसरे दिन ऐसी योजनाएं लाती है जो भ्रष्टाचार में डूबी हुई हैं। श्री सचदेवा ने कहा है कि प्रीमियर बस सेवा की शुरूआत किसी शोध पर आधारित नहीं है और इससे सड़क पर वाहनों की संख्या बढ़ने से दिल्ली में प्रदूषण ही बढ़ेगा। पिछला अनुभव बताता है कि जो लोग कारों से यात्रा करते हैं वे आसानी से सार्वजनिक बसों में यात्रा करने की ओर नहीं बढ़ते हैं। बस इतना होने वाला है कि मेट्रो रेल से यात्रा करने वालों में से कुछ लोग इन प्रीमियर बसों का उपयोग करना शुरू कर देंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि केजरीवाल सरकार का कहना है कि 1 जनवरी 2025 के बाद प्रीमियर बस सेवा योजना के तहत केवल इलेक्ट्रिक वाहनों को चलाने की अनुमति दी जाएगी। यह समझ में नहीं आ रहा है कि केजरीवाल सरकार गैर-इलेक्ट्रिक वाहनों को अनशोधित प्रीमियर बस सेवा में लाने में जल्दबाजी क्यों कर रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि केजरीवाल सरकार इस योजना के तहत कुछ परिवहन संचालकों को फायदा पहुंचाने की कोशिश कर रही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि 2015 में भी अरविंद केजरीवाल सरकार ने प्रीमियर बस सेवा लाने की कोशिश की थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका क्योंकि यह भ्रष्टाचार में डूबी हुई योजना थी और आज भी यह एक संदिग्ध योजना है।

## बिरयानी खरीदने से इनकार करने पर चाकू से किए 55 वार

**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। देश की राजधानी दिल्ली की वेलकम कॉलोनी में पिछले सप्ताह नशे में धुत्त 16 वर्षीय एक किशोर ने एक अन्य किशोर पर चाकू से 55 बार हमला किया। इस दौरान आरोपी ने किशोर का गला काटा और नाचते हुए पीड़ित के शव को सडक़ पर घसीटा। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को जनता मजदूर कालोनी में हुई इस हत्या की भयावह तस्वीर वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। 2.23 मिनट के फुटेज में आरोपी अपने आसपास के लोगों को धमकी देते हुए नजर आ रहा है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने कबूल किया कि वह उस 17 वर्षीय किशोर को नहीं जानता था, जिससे उसने बिरयानी खरीदने के लिए पैसे मांगे थे। उन्होंने बताया कि आरोपी को बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। पूर्वोत्तर दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने कहा कि हमने हत्या में इस्तेमाल हथियार पहले ही बरामद कर लिया है। हम जांच कर रहे हैं कि उसने चाकू कहां से खरीदा था। अधिकारी ने बताया कि वारदात मंगलवार रात करीब सवा ग्यारह बजे हुई थी, घटना के बाद पीड़ित को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही

**पहले गला काटा, फिर नाचते हुए शव को घसीटा**

उसकी मौत हो गई। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी को एक संकरी गली में एक व्यक्ति को घसीटते हुए और चाकू से वार करते हुए देखा जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि यह तब शुरू हुआ जब पीड़ित ने आरोपी के लिए बिरयानी खरीदने से इनकार कर दिया। अधिकारी ने बताया, आरोपी ने जाफराबाद निवासी 17 वर्षीय किशोर के साथ जबरदस्ती की। आरोपी ने पीड़ित का गला तब तक दबाए रखा जब तक वह बेहोश नहीं हो गया, इसके बाद उसने अपनी जेब से एक छोटा चाकू निकाला और उस पर कई बार वार किया। इसके बाद वह उसे घसीटकर एक गली में ले गया। पीड़ित के चेहरे, गर्दन, पीठ और आंखों के नीचे 55 से अधिक बार चाकू के हमले के निशान मिले। जांचकर्ता ने कहा कि घटना के समय आरोपी शराब के नशे में था। अधिकारी ने बताया कि बात यहीं खत्म नहीं हुई। घटना को देखकर हम भी हैरान रह गए। आरोपी मृतक को बालों से पकड़ कर उसे वापस उसी पतली गली में खींचकर ले गया और उससे 350 रुपए लूट कर वहां से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि हमने आरोपी को पकड़ लिया है। आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया है तथा हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार को बरामद कर लिया है। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से हमें आरोपी की पहचान करने में मदद मिली, जिसके बाद पुलिस ने उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया।

## किम्ची मेकिंग एक्सपीरियंस कार्यक्रम का आयोजन

**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत ने 22 नवंबर को 'किम्ची मेकिंग एक्सपीरियंस कार्यक्रम' का आयोजन किया, जिसे कोरियाई सरकार द्वारा 'कम्ची दिवस' के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के माध्यम से कोरियाई किम्ची संस्कृति का परिचय दिया गया जिसे 'किमजंग' कहा जाता है, जिसे यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में नामित किया गया है। इस एक दिवसीय कार्यशाला में संयुक्त राष्ट्र महिला संघ की बीस सदस्यों ने भाग लिया और किम्ची को स्वयं बनाया। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित की गई थी। कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत के निदेशक ह्वांग इलयोंग ने कहा, 'हमने किम्ची की वैश्विक स्थिति को पेश करने के लिए इस कार्यक्रम की योजना बनाई और तैयार की है, जिसे समुदाय के लिए सांस्कृतिक मूल्य के रूप में मान्यता दी गई है। जैसे-जैसे कोरियाई संस्कृति में भारतीयों की रुचि बढ़ रही है, रुचि का क्षेत्र कोरियाई भोजन की ओर भी बढ़ रहा है; भारत में कोरियाई भोजन के प्रति प्रेम रखने वालों में विशेष रूप से किम्ची के प्रति रुचि अधिक है। यूएनडब्ल्यूए (NWA-Delhi) अध्यक्ष ऐनी मबुरु-डी वाग्ट ने यूएनडब्ल्यूए को आमंत्रित करने और यूनेस्को द्वारा नामित किम्ची दिवस मनाने के लिए केसीसीआई को धन्यवाद दिया। किम्ची बनाने की विधि और परंपराओं को साझा करने के लिए केसीसीआई को आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा, 'हममें से कई लोगों के लिए, यह किम्ची बनाने का परिचय था। हम इस व्यंजन का स्वाद लेने और इसके कई स्वास्थ्य लाभों का लाभ उठाने के लिए उत्सुक हैं। केसीसीआई में किम्ची बनाने का अनुभव एक मजेदार अनुभव था और सभी उपस्थित लोगों ने इसका आनंद लिया।




समंस

न्यायालय अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण फास्ट ट्रेक कोर्ट महासमुन्द जिला महासमुन्द (छ.ग.)

दावा प्रकरण क्रमांक 57/2023
पेशी तारीख 29/11/2023
प्रोसेस नंबर 253/2023
श्रीमती आरती विश्वकर्मा वगैरह आवेदिकागण
विरूद्ध
अकबर अली वगैरह अनावेदकगण
अकबर अली पिता यैनुल अंसारी निवासी ग्राम डेढगंवा, थाना रेवतीपुर जिला गाजीपुर (उ.प्र.)
अनावेदक

दिनांक 12/01/2023 को घटित वाहन दुर्घटना के फलस्वरूप आवेदिका क्र. 1 के पति राजकुमार विश्वकर्मा की मृत्यु हो जाने के कारण क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने हेतु आपके विरुद्ध एक आवेदन अन्तर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत 40,40,000/- रूपये (चालीस लाख चालीस हजार रूपये) की क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत किया गया है। इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 29/11/2023 को 11.00 बजे दिन को न्यायालय में उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के मार्फत् जिसको मुकदमे का हाल अच्छी तरह समझा दिया गया हो अपना पक्ष प्रस्तुत करें। उपस्थित नहीं होने पर आवेदिकागण के आवेदन पर एकतरफा कार्यवाही किया जाकर निर्णय पारित कर दिया जायेगा।
दिनांक 29/11/2023 को अवकाश घोषित हो जाने पर या पीठासीन अधिकारी के अवकाश में होने पर अगले कार्यदिवस को प्रकरण की सुनवाई किया जावेगा।
आज दिनांक 20/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुदा से जारी किया गया।

अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण फास्ट ट्रेक कोर्ट
मुहर महासमुन्द, जिला महासमुन्द (छ.ग.)



**त्यौहार विशेष रेलगाड़ी**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी नीचे दर्शाई गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएगी:-

| 04075/04076 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा - नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी | | | | 02 फेरे |
|---|---|---|---|---|
| रेलगाड़ी सं.: 04075 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04076 | |
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:45 | नई दिल्ली | 06:45 | ---- |
| 11:40 | ---- | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | ---- | 18:50 |

**चलने के दिन: 04075 नई दिल्ली** से दिनांक 25.11.2023 एवं **04076 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा** से दिनांक 27.11.2023 को।
**ठहराव:** सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र जं., अम्बाला छावनी, लुधियाना, जलंधर छावनी, पठानकोट छावनी, जम्मू तवी एवं उधमपुर स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-2-सह-वाता.-3 टीयर, वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।
रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
हमें फॉलो करें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3690/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



आज़ादी का अमृत महोत्सव
**उत्तर रेलवे**
**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/इंजी./गतिशक्ति दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | NIT NO | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.) | धरोहर राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CPM-GSU-DLI-NIT-12-23-24 | उत्तर रेलवे के अमृत स्टेशन में दिल्ली मंडल के मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर स्टेशन भवन के अग्रभाग का उन्नयन एवं सुधार, सरकुलेटिंग क्षेत्र का रंग-रोगन, विस्तार एवं सौंदर्यीकरण, पार्किंग के साथ-साथ द्वितीय प्रवेश की व्यवस्था, प्लेटफार्म क्रमांक 2 एवं 3 की सतह में सुधार प्लेटफॉर्म शेल्टर सहित, शौचालय ब्लॉक में सुधार, मानक संकेतक एवं दिव्यांग सुविधाओं का प्रावधान, दूरसंचार, प्रकाश एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था तथा 12 मीटर चौड़ा एफ-ओबी का प्रावधान हेतु कार्य। | 11,43,86,054.26 | 7,21,900 |
| 2 | CPM-GSU-DLI-NIT-13-23-24 | दिल्ली किशनगंज स्टेशन पर यार्ड रिमोडलिंग के कार्य के साथ-साथ लाइन संख्या 6 एवं 7 के पूर्ण सी.एस.एल. लम्बाई करने तथा इन लाइन का रनिंग लाइन में कन्वर्सजन करने के सम्बन्ध हेतु कार्य। | 5,31,57,997.72 | 4,15,800 |
| 3. | समापन अवधि (CPM-GSU-DLI-NIT-12-23-24) : 10 महीने | | | |
| 4. | समापन अवधि (CPM-GSU-DLI-NIT-13-23-24) : 6 महीने | | | |
| 5. | Bidding Start Date : 29.11.2023 | | | |
| 6. | CPM-GSU-DLI-NIT-12-23-24 : -दो पैकेट टेंडरिंग प्रणाली -JV को भी भाग लेने का अधिकार है क्योंकि टेन्डर का मूल्य 10 करोड़ से अधिक है। | | | |
| 7 | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय : 13.12.2023 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 13.12.2023 को 15.00 बजे | | | |
| 8. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है | | | |

सं.: CPM-GSU-DLI-NIT (12 and 13)-23-24 दिनांक: 21.11.2023 3681/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

निगम सीमान्तर्गत ऐसे भवन जिन पर अभी तक सम्पत्ति कर रोपित नहीं हुआ है, ऐसे भवनों का चिन्हांकन कर सम्पत्ति कर अधिरोपित किया जाए एवं जन-जागरूकता के लिए टैक्स भरने के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए तथा पाचों जोनों की प्रतिदिन की वसूली आख्या संकलित कर प्रस्तुत की जाए।

**विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त**

## प्राधिकरण का घूसखोर लेखपाल निलंबित

**नोएडा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। वायरल वीडियो में घूस लेते दिख रहे प्राधिकरण के लेखपाल मनोज सिंघल को प्राथमिक जांच के बाद प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने दोषी पाया। मनोज सिंघल तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सीईओ ने माना कि इस कृत्य से प्राधिकरण की छवि जानमानस में धूमिल हुई है। मनोज सिंघल का उक्त आचरण उप्र राजकीय सेवा आचरण नियमावली 1956 के अंतर्गत विहित प्रावधानों और नोएडा सेवा नियमावली 1981 के प्रावधानों के विरुद्ध है। इस दौरान मनोज सिंघल को अर्ध वेतन दिया जाएगा। दरअसल, मनोज सिंघल के कुछ वीडियो घूस लेने के दौरान वायरल हुए थे। ये वीडियो काफी पुराने बताए गए थे। वीडियो वायरल होने के बाद लगातार सामाजिक और किसान संगठनों की ओर से जांच की मांग की जा रही थी। इसके बाद प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने इस मामले में तीन अधिकारियों की एक जांच समिति बनाई। इस जांच समिति में ओएसडी अशोक कुमार शर्मा, महाप्रबंधक श्री पाल भाटी और सहायक महाप्रबंधक शोभा कुशवाह थी। इन तीनों ने वीडियो को देखा और प्राधिकरण आधार पर पाया कि मनोज सिंघल ने घूस ली और वह दोषी है। ये रिपोर्ट तीनों अधिकारियों ने बंद लिफाफे में सीईओ को दी।

■ उप्र राजकीय सेवा आचरण नियमावली 1956 का किया उल्लंघन, वीडियो हुआ था वायरल



### तीन दिन से किसान कर रहे थे धरना

इस मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन मंच के पदाधिकारी प्राधिकरण के गेट पर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। दो दिनों तक अधिकारी नहीं मिलने पर वो किसी को ज्ञापन नहीं सौंप सके। गुरुवार को मामले में किसानों से सीईओ के समक्ष लेखपाल के खिलाफ अपना पक्ष रखा। जिसमें बताया कि किस तरह से मनोज सिंघल किसान विरोधी गतिविधियों में लिप्त है। ऐसे में प्राधिकरण सीईओ ने सख्त एक्शन लिया।

सीईओ ने इस प्रकरण में मनोज सिंघल को निलंबित किया। साथ ही चेतावनी दी कि प्राधिकरण में जीरो टॉरलेंस की नीति के तहत कोई भी अधिकारी या कर्मी इस तरह का कृत्य करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

## चेन्नई में प्रस्तुत किया नोएडा शौचालय मॉडल

**नोएडा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत गुरुवार को नेशनल कैपेसिटी वर्कशॉप का आयोजन चेन्नई में किया जा रहा है। इसमें मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर के तत्वावधान में वर्ल्ड टॉयलेट डे मनाया गया। जिसमें नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल ने नोएडा टायलेट मॉडल को प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि नोएडा के अंतर्गत आने वाले सभी शौचालय, सामुदायिक शौचालय और यूरिनल का रखरखाव व ऑपरेशन, मेंटेनेंस का कार्य नोएडा प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। चेन्नई में प्रेजेंटेशन के दौरान उन्होंने कहा कि नोएडा में दूसरे शहरों की तुलना में शौचालयों का संख्या अधिक है। यह सभी शौचालय यूरिनल प्रयोग के लिए जनमानस के लिए फ्री है। सार्वजनिक शौचालयों में महिलाओं के लिए पिंक शौचालय है। इनमें सैनिटरी वेंडिंग मशीन, सैनिटरी डिस्पोजल मशीन का इन्तजाम है। यहां निर्माण के लिए प्राधिकरण जमीन देती है। खर्च और रखरखाव का पूरा खर्चा विज्ञापन एजेंसी को देना पड़ता है। यही नहीं उन्होंने बताया कि नोएडा में शौचालयों की लोकेशन गूगल मैप पर भी है। साथ शौचालय 50 मीटर, 100 मीटर और 150 मीटर की दूरी पर शौचालय के साइनेज लगाए गए है। ताकि लोगों को ढूढंने में परेशानी न हो। इन शौचालयों में एसटीपी के शोधित पानी का प्रयोग किया जाता है। इस मौके पर मधु रानी निदेशक एसबीएमयू, नीति आयोग के राजेश गुप्त आदि ने हिस्सा लिया।



■ बिना खर्च किए संचालित होते है शौचालय, गूगल मैप से मिलती है लोकेशन

## हलाल प्रमाणित उत्पादों को लेकर छापेमारी

**नोएडा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने नोएडा और ग्रेटरनोएडा के 20 से अधिक दुकानों पर छापेमारी की। इस बीच टीम ने डीएलएफ मॉल में हलाल प्रमाणित चिप्स, टॉफी और मैजिक स्टिक के नमूने लिए। इसके अलावा चिप्स के पांच पैकेटों को सीज किया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने बताया कि हलाल प्रमाणित उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध के साथ ही इनकी रोकथाम को लेकर विभागीय स्तर पर कार्रवाई शुरू हो गई है।

### छह टीमें लगाकर की जा रही छापेमारी

शहर से लेकर गांव देहात तक टीमें छापेमारी कर रही हैं। जिलेभर में छह टीमें लगाकर छापेमारी कराई जा रही है। अधिकारियों का विशेष फोकस मॉल और सोसाइटियों की मार्केट में मौजूद ग्रॉसरी की दुकान पर है। इसके अलावा शहर की बड़ी मार्केट जैसे सेक्टर-18 अट्टा मार्केट, सेक्टर-27 इंद्रा मार्केट, सेक्टर-104 हाजीपुर मार्केट, ग्रेटर नोएडा स्थित जगत फार्म, दादरी बाजार, नयाबांस और हरौला मार्केट, ब्रह्मपुत्रा मार्केट समेत अन्य जगहों पर भी छापेमारी जारी है। दुकानदारों को हलाल प्रमाणित उत्पाद न बेचने की नसीहत दी गई है।



■ नोएडा के डीएलएफ मॉल से लिए गए सैंपल
■ चिप्स के पांच पैकेट किए गए सील

### मॉल और कॉम्प्लेक्स में खुले रेस्टोरेंट पहुंच रही टीम

टीम मॉल और कॉम्प्लेक्स में खुले रेस्टोरेंट में भी पहुंच रही है, जहां बड़ी मात्रा में नानवेज तैयार किया जाता है। अधिकारियों के मुताबिक रेस्टोरेंट में पैकेट बंद मीट की डिमांड ज्यादा रहती है। साथ ही, यहां मीट को स्टोर करके भी रखा जाता है। सभी को हिदायत दी जा चुकी है। छापेमारी के दौरान यदि कोई भी नियमों की अनदेखी करते पाया जाता है तो उसकी बिक्री बंद कराकर नमूना जांच के लिए लैब भेजा जाएगा।

## सार संक्षेप

### आईएमएस में सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन



**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज नोएडा में सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने भाषण, पोस्टर मेकिंग एवं क्विज प्रतिस्पर्धा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं कार्यक्रम के दौरान छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए आईएमएस की निदेशिका डॉ. कुलनीत सूरी ने कहा कि सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं की मुख्य वजह लोगों द्वारा सड़क यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा उपायों की अनदेखी है। वहीं संस्थान के डीन डॉ. अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि दुपहिया वाहन चालको को बिना हेलमेट के यात्रा नहीं करनी चाहिए। साथ ही हमें सुरक्षित यात्रा के लिए सभी नियमों और नियंत्रकों का पालन करना चाहिए। क्विज प्रतिस्पर्धा में कार्तिक, भाषण प्रतिस्पर्धा में अनिकेत एवं पोस्टर मेकिंग में आर्यन ने प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया। वहीं क्विज में नीरज एवं डायमंड को क्रमशः दूसरे एवं तीसरे, भाषण में फहाद एवं सप्तऋषि और पोस्टर मेकिंग में काजल एवं लक्ष्य को क्रमशः दूसरे एवं तीसरे पुरस्कार के लिए चुना गया।

### आबकारी व पुलिस ने 54 बोतलों के साथ 4 को किया गिरफ्तार

**नोएडा।** आबकारी और नोएडा के थाना एक्सप्रेस वे पुलिस ने संयुक्त रूप से बिना लाइसेंस आयोजित की गई शराब पार्टी को पकड़ा। ये पार्टी नोएडा के सेक्टर-135 यमुना पुश्ते के पास कांतम फार्म हाउस में हो रही थी। पुलिस ने देररात यहां छापेमारी मारी की और बड़ी मात्रा में शराब बरामद की गई है। इसके साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि सेक्टर-135 के यमुना पुश्ते के पास कांतम फार्म हाउस है। यहां बिना लाइसेंस के अवैध रूप से हरियाणा की शराब का सेवन कराया जा रहा था। जानकारी मिलने पर पुलिस के साथ यहां छापा मारा गया। इस दौरान मौके से शराब पिलाते हुए इवेंट मैनेजर राहुल कसाना पुत्र विजय कसाना निवासी न्यू डिफेंस कॉलोनी भोपुरा गाजियाबाद, सूरज सिंह पुत्र संजय सिंह निवासी राजेंद्र नगर साहिबाबाद गाजियाबाद, बार काउंटर पर शराब सर्व करने वाले बकुल अग्रवाल पुत्र राजीव निवासी रामनगर शाहदरा दिल्ली व राहुल कुमार पुत्र कृष्ण पाल निवासी सागरपुर, दिल्ली को गिरफ्तार किया गया।



**Name Change**

I Brajpal singh S/0 SH. Baljeet singh Residance of R-14/151, Raj Nagar Ghaziabad. 201002. I have changed my name "Brajpal singh Tyagi' for all future purpose.

## जिलाधिकारी के अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासकीय निकाय की बैठक

**बुलन्दशहर,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्रसव तथा नसबंदी की गिरावट पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रसव कार्य शत-प्रतिशत तथा नसबंदी लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि सीजेरियन प्रसव सेवाएं सीएचसी पर ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, तथा आशा संगिनी द्वारा गर्भवती महिलाओं को पूर्व में ही खान-पान सम्बन्धी जानकारी व सलाह, हीमोग्लोबिन टैबलेट व संवेदनशीलता के साथ सुपर विजन तथा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं की जांच कार्य शतप्रतिशत करने को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने 102,108 एम्बुलेंस समय से उपलब्ध न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शासन को पत्राचार करने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने क्षय रोगियों एव राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त डॉक्टर अपने अपने क्षेत्र के विद्यालयों तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों पर अभियान चलाकर विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी व्यस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनय कुमार तथा डा. रमित कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## ज्यादा से ज्यादा टैक्स की वसूली हो : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए टैक्स विभाग की समीक्षा बैठक समीक्षा ली। बैठक में उन्होंने अधिक से अधिक वसूली करने के दिए निर्देश। बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि निगम सीमान्तर्गत ऐसे भवन जिन पर अभी तक सम्पत्ति कर रोपित नहीं हुआ है, ऐसे भवनों का चिन्हांकन कर सम्पत्ति कर अधिरोपित किया जाए एवं जन-जागरूकता के लिए टैक्स भरने के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए तथा पाचों जोनों की प्रतिदिन की वसूली आख्या संकलित कर प्रस्तुत की जाए। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने प्रत्येक जोन के प्रत्येक वार्ड के 20-20 बढ़े बकाएदारों की सूची प्रस्तुत की गई जिसमें कुल 1468 भवनों पर 101 करोड़ रूपए बकाये की वसूली के लिए अभियान चलाया जाएगा।

गाजियाबाद नगर निगम इस वित्तीय वर्ष में 250 करोड़ रूपए के लक्ष्य के सापेक्ष 158 करोड़ रूपए की वसूली कर चुका है शेष लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु कार्ययोजना बनाकर वृहद स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। नगर आयुक्त ने सम्पत्ति कर तथा करेत्तर की वसूली बढ़ाने की योजना बनाते हुए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को निर्देशित किया कि पाचों में टैक्स वसूली वैन का संचालन किया जाए तथा जन-जागरूकता से शहरवासियों को टैक्स समय पर भरने हेतु मोटिवेट किया जाए तथा जन-प्रतिनिधियों से भी टैक्स वूसली में सहयोग करने की अपील की जाए। बैठक में वरिष्ठ प्रभारी-सम्पत्ति कर/अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव व मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा, जोनल प्रभारी कविनगर जोन-श्री सुनील राय, जोनल प्रभारी सिटी जोन-श्री अनिल कुमार अरूण, जोनल प्रभारी विजयनगर जोन-श्री विवेक त्रिपाठी, जोनल प्रभारी मोहनगर जोन-श्री आर.पी.सिंह व जोनल प्रभारी वसुन्धरा जोन-श्री राजवीर सिंह सहित पाचों जोनों के कर अधीक्षक उपस्थित रहे।



## करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। साइबर सेल पुलिस कमिश्नरेट व थाना इन्दिरापुरम की संयुक्त टीम ने गुरुवार को कोरियर/बीमा पॉलिसी के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले साइबर गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 27 एटीएम कार्ड/क्रेडिट कार्ड, 02 चेक बुक आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, 1 लैपटॉप, 6 मोबाइल, 3 कार क्रमशः क्रेटा कार, आई -10 कार, टिगोर कार व नगद 2 लाख रूपए बरामद हुए हैं ।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) रितेश त्रिपाठी ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 29 जुलाई को प्रभाष कुमार चौधरी ने कोरियर/बीमा पॉलिसी कराने के नाम पर 1.65 करोड रूपए के हुए साइबर फ्रॉड के सम्बन्ध में थाना इन्द्रापुरम पर मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके खुलासे के लिए कई टीमो का गठन किया गया था। उन्होंने बताया कि गुरुवार को सर्विलान्स व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले तीन ठगों को हिण्डन के किनारें वसुन्धरा सेक्टर-1 तिराहे के पास ऐलिवेटिड पुल के नीचें से गिरफ्तार किया। जिनमे गौरव दुआ निवासी कस्बा व थाना धामपुर जिला बिजनौर हाल पता सुपरटेक इको विलेज गौतमबुद्धनगर, विजय कश्यप निवासी गांव नरेटी तह0/थाना पटियाली जिला एटा हाल पता छलेरा से044 नोएडा, गौतमबुद्धनगर तथा दिनेश कुमार निवासी ग्राम कैथरा पोस्ट कहिरा, थाना चोला, जनपद बुलन्दशहर शामिल हैं। पूछताछ मे आरोपी गौरव दुआ ने बताया कि वह अपेक्स कन्सट्रक्शन साइट पर स्टोर मैनेजर का कार्य करता था। जहाँ पर बहुत अच्छी आमंदनी नही थी, तभी उसकी मुलाकात सोनू चौहान उर्फ धर्मेन्द्र सिंह से लगभग दो वर्ष पूर्व हुई थी । उसने बताया कि वह नोएडा सैक्टर 132 में काल सेन्टर चलाता है तथा मुझे उसमें कार्य करने के लिये कहा । उसके बाद वह मुझे अपने काल सेन्टर पर ले गया जहां पर सोनू मक्कड, रवि यादव, अरूण की एक टीम तथा दूसरी टीम मे मुकेश चौहान कार्यरत था जिसके साथ मुझे कार्य करने के लिए कहा तथा तीसरी टीम मे ओमवीर सिंह चौहान,सूरज गुप्ता, तथा तीन-चार लडकियां अज्ञात कार्य कर रही थी ।



■ कोरियर/बीमा पॉलिसी के नाम पर करते थे ठगी

## रोबोटिक ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट को ऑग्मेंटेड रिएलिटी सिस्टम से सफलतापूर्वक इलाज

**नोएडा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-62 स्थित फोर्टिस अस्पताल में प्रदेश की पहली नी रिप्लेसमेंट सर्जरी (घुटनों की प्रत्यारोपण सर्जरी) के लिए रोबोटिक ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट को ऑग्मेंटेड रिएलिटी सिस्टम से सफलतापूर्वक जोड़ा गया। इस उल्लेखनीय चिकित्सा प्रक्रिया का इस्तेमाल 69 साल हीरा देवी, जो कि गंभीर रूप से बाइलेटरल ऑस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित थी और जिनका दायां घुटना बाएं की तुलना में अधिक गंभीर था, के उपचार के लिए किया गया। डॉ. अतुल मिश्रा, डायरेक्टर एवं हैड ऑर्थोपिडिक्स ने इस सर्जरी में पिक्सी ऑग्मेंटेड रिएलिटी सिस्टम का उपयोग किया। फ्रांस से हासिल की गई इस अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी ने आर्थोपेडिक सर्जरी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की। इस सर्जरी से सटीक एलाइनमेंट और मिनिमल इन्वेसिव प्रक्रियाओं को आसान बनाया है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि हीरा देवी की स्थिति काफी जटिल थी। खासतौर से उनका दायां घुटना काफी विकृतावस्था में था। जिसके चलते मामला काफी गंभीर था। ऐसे में नी रिप्लेसमेंट के पारंपरिक विकल्प ज्यादा कारगर साबित नहीं होते।

उन्होंने बताया कि पिक्सी सिस्टम की मदद से, हमने मिनीमल बोन और सॉफ्ट टिश्यू रीसेक्शन के साथ सटीक एलाइनमेंट को हासिल किया। इससे मरीज के लिए भी यह प्रक्रिया कम तकलीफदेह साबित हुई और उनकी रिकवरी भी जल्द हो रही है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह ऑपरेशन न सिर्फ फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा के लिए उल्लेखनीय रहा है बल्कि पूरे देश में ऑर्थोपीडिक सर्जरी के क्षेत्र में बड़ा कदम है। ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए रोबोटिक सटीकता का मेल ऑग्मेंटेड रिएलिएटी टैक्नोलॉजी से कराना वाकई एक बड़ी उपलब्धि है, जो मरीजों के लिए सुरक्षा, दक्षता और जल्द से जल्द रिकवरी सुनिश्चत करती है।

■ फोर्टिस अस्पताल में की गई सर्जरी

## मुठभेड़ के दौरान 25 हजार का इनामी बदमाश घायल, पुलिस ने दबोचा

**गाजियाबाद,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। थाना लोनी पुलिस ने गुरुवार को मुठभेड़ के दौरान 25 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। वह पुलिस की गोली से घायल हो गया। वह गैंगस्टर एक्ट के वांछित चल रहा था। उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल, अवैध शस्त्र बरामद हुआ है। एसीपी लोनी ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर लोनी पुलिस के निठोरा अंडरपास के पास संदिग्ध वाहनों जांच कर रही थी। तभी एक मोटर का साइकिल पर सवार युवक संदिग्ध की व्यवस्था में आता हुआ दिखाई दिया। जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया लेकिन वह रुका नहीं और उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दे पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की जिससे वह नीचे गिर गया और एक गोली उसके पैर में लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सरताज बताया।

## इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल की बैठक

**नोएडा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल की प्रतिष्ठित इंस्टीट्यूशन इनोवेशन कांउसिल की क्षेत्रीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का शुभारंभ अखिल भारतीय तकनीक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो टीजी सीताराम, एमिटी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. अतुल चौहान, जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद के एमडी डॉ. जितेंद्र कुमार, अखिल भारतीय तकनीक शिक्षा परिषद की सलाहकार डॉ. ममता रानी ने किया। इस क्षेत्रीय बैठक में संस्थानों को अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों और पारिस्थितिकी तंत्र समर्थकों जैसे इंक्यूबेटर, एंजेल निवेशक, वेंचर कैपिटलिस्ट, ज्ञान एजेंसियों, राष्ट्र संसाधन एजेंसियों सहित राज्य व केन्द सरकार की एंजेसिंयों के साथ अंतर संस्थागत साझेदारी को मजबूत करने का उत्कृष्ट अवसर दिया गया। बैठक में 300 इंस्टीट्यूशन इनोवेशन कांउसिल संस्थानों, 100 अटल टिंकरिंग लैब स्कूलों, 50 गैर आईआईसी संस्थानो, 20 से अधिक क्षेत्रीय पारिस्थितिकी तंत्र समर्थकों और 100 से अधिक इनोवेटर्स, स्टार्टअप विशेषज्ञ, सलाहकार, नीति निर्माताओं आदि से लगभग 800 से 1000 प्रतिभागी शामिल हुए है। अखिल भारतीय तकनीक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो टीजी सीताराम ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत 2047 तक विश्व का सबसे विकसित देश होगा। इस अमृत काल के दौरान, हमें उच्च शिक्षा को अगले स्तर तक ले जाना होगा और विभिन्न परिवर्तनकारी सुधारों पर काम करना होगा। नई शिक्षा नीति 2020 में उत्कृष्ट विचार शामिल है। जिन्हें अगले 25 वर्षो में लागू किया जा सकता है। जिससे भारत विश्व में ज्ञान की राजधानी बन जाएगा। प्रो सीताराम ने कहा कि हमने इस क्षेत्रीय बैठक में देखा है कि कैसे युवाओं को अगली पीढ़ी के उद्यमियों के रूप में तैयार किया जा सकता है।

अखिल भारतीय तकनीक शिक्षा परिषद की सलाहकार डॉ. ममता रानी ने कहा कि उत्कृष्टता केवल नवाचार के माध्यम से हासिल की जा सकती है जो तीनों क्षेत्रों शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया, शिक्षा उद्योग संबंध और सहयोग पर आधारित है।



■ 21000 से ज्यादा प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा
■ विशेषज्ञ बोले 2027 तक भारत सबसे विकसित देश होगा

## 28वीं सीनियर महिला नेशनल फुटबाल चैंपियनशिप का आयोजन

**गाजियाबाद,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। 28वीं सीनियर वूमन नेशनल फुटबाल चैंपियनशिप का आयोजन जिले के महामाया स्टेडियम में चार नवम्बर से तीन दिसम्बर तक किया जाएगा। उत्तर प्रदेश फुटबाल संघ की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में चार टीमें अपना दम दिखाएंगी। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता में बताया कि राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता गाजियाबाद में पहली बार हो रही है। प्रतियोगिता में चार राज्यों की टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। इन टीमों में यूपी के अलावा मणिपुर, राजस्थान और छत्तीसगढ़ शामिल हैं। यूपी फुटबाल संघ के सचिव मोहम्मद शाहिद ने बताया कि प्रतियोगिता फुटबाल की देश की सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में से एक है। ऐसे में नई प्रतिभाओं को मौका मिलेगा। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन 24 नवम्बर की सुबह किया जाएगा। इसमें राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, डीएम राकेश कुमार सिंह और यूपी फुटबाल संघ के अध्यक्ष अरविंद मेनन मौजूद रहेंगे। पहला मैच यूपी और छत्तीसगढ़ के बीच शुक्रवार को खेला जाएगा। गाजियाबाद फुटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रणव कुमार ने बताया कि गाजियाबाद में इस प्रकार की प्रतियोगिता होने से यहां महिलाओं, बच्चों और युवाओं का रुझान फुटबाल की ओर बढ़ेगा। गाजियाबाद फुटबाल एसोसिएशन के सचिव हेमंत पंवार ने कहा कि यूपी की टीम हाल ही में भुवनेश्वर में बीसी राय जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप की विजेता रही है। ऐसे में उनसे काफी उम्मीदें हैं। ऐसे में युवाओं और महिला खिलाडियों से अपील है कि वे टीमों का उत्साह बढ़ाने महामाया स्टेडियम जरूर पहुंचें। प्रेस वार्ता के दौरान अमित रावत, अंकुश बिश्नोई व ए रिजवी, जिला उप क्रीड़ा अधिकारी पूनम विश्नोई, पवन त्यागी, निखिल कुमार, कुबेर बिष्ट, दीपिका गर्ग, डीके सिंह व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

■ चार राज्यों की टीमें दिखाएंगी दमखम
■ 24 नवम्बर से तीन दिसम्बर तक चलेगी महामाया स्टेडियम में राष्ट्रीय प्रतियोगिता



उवाच "

कंपनियों को अच्छा औद्योगिक माहौल और वित्तीय सहयोग देने के लिए सरकार ने फैसला लिया है। इस योजना में जमीन का केवल 25 फीसदी पैसा ही कंपनी को देना पड़ेगा। इस योजना के जरिये प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लाना है। एफडीआई नीति में निवेशकों को पांच साल तक इलेक्ट्रिक सिटी डयूटी में छूट मिलेगी। **डॉ. अरुणवीर सिंह, यमुना प्राधिकरण सीईओ**

# कैपिटल ज़ोन

## प्राधिकरण ने जल निगम व निजी फर्मों पर लगाया आठ लाख का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश जल निगम और नोएडा की फर्म एचएनबी इंजीनियर्स पर 8 लाख रुपए का जुर्माना

- **निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक सीवर ने पायी खामियां**
- **एक सप्ताह में खामियां दूर करने की चेतावनी, फिर होगी कठोर कार्रवाई**

लगाया है। प्राधिकरण के महाप्रबंधक सीवर जितेंद्र गौतम ने अलग-अलग जगहों का बुधवार को औचक निरीक्षण किया। खामियां मिलने पर यह कार्रवाई की। उन्होंने इन खामियों को दूर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। उसके बाद और कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के



निर्देश पर सीवर विभाग के महाप्रबंधक जितेंद्र गौतम ने अपने टीम के साथ सेक्टर इकोटेक-3 स्थित 20 एमएलडी एसटीपी प्लांट का निरीक्षण किया। जितेंद्र गौतम ने बताया कि इस एसटीपी का संचालन और रखरखाव नोएडा की फर्म एचएनबी इंजीनियर्स कर रही है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से स्लज का उचित निस्तारण नहीं किया जा रहा। एसटीपी परिसर की साफ-सफाई भी ठीक नहीं मिली। पंपिंग स्टेशन का एक पंप खराब मिला। इसके



अलावा कई अन्य खामियां मिलने पर एचएनबी इंजीनियर पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि एचएनबी इंजीनियर्स ही कासना स्थित-137 एमएलडी एसटीपी प्लांट का भी संचालन और रखरखाव कर रही है। यहां निरीक्षण के दौरान परिसर में साफ-सफाई नहीं मिली। स्लज का निस्तारण नहीं किया जा रहा। प्राइमरी यूनिट के विद्युत उपकरण के कवर खराब मिले। परिसर की सड़क क्षतिग्रस्त पाई गई। सीसीटी यूनिट के आसपास भी सफाई नहीं मिली, जिसके चलते फर्म पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जितेंद्र गौतम ने बताया कि उत्तर प्रदेश जल निगम पर भी पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जल निगम की तरफ से कासना स्थित-137 एमएलडी एसटीपी के मास्टर पंपिंग स्टेशन का संचालन व मेनटेनेंस किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान इस एसटीपी के सम्पवेल पर सफाई नहीं पाई गई। फ्लो मीटर, पैनल और डीजी सेट खराब मिला। केबल डक्ट क्षतिग्रस्त पाई गई। सम्पवेल में सीवरेज का लेवल मापने के लिए इंडिकेटर नहीं मिला, जिसके चलते जल निगम पर पांच लाख रुपए की पेनल्टी लगाई गई। उन्होंने बताया कि इन सभी फर्मों को एक सप्ताह में सभी खामियां दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। दोबारा निरीक्षण करने पर ये खामियां पाई गई तो और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बिल्डर रुद्र बिल्डवेल को मिलेगा शून्यकाल का लाभ

**ग्रेटर नोएडा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। बिल्डर रुद्र बिल्डवेल को ग्रेटर नोएडा की दो आवासीय परियोजनाओं के लिए शून्यकाल का लाभ देने का आदेश इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिया है। अदालत ने कहा कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण आवंटित जमीन का बड़ा हिस्से पर कब्जा देने में विफल रहा है। अदालत ने आवंटन की तारीख से अप्रैल 2023 तक शून्यकाल का लाभ, लीज रेंट और उस पर ब्याज नहीं लेने का आदेश दिया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने रुद्र बिल्डवेल को सेक्टर-1 और 16 में जमीन आवंटित की थी। प्राधिकरण ने 18 अगस्त 2010 को शुभकामना बिल्डटेक प्राइवेट के नेतृत्व वाले एक कंसोर्टियम को 81,800 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की थी। इसमें रुद्र भी शामिल था, मार्च 2011 में भूमि का उप-विभाजन किया गया। इसमें याचिकाकर्ता रुद्र बिल्डवेल कंपनी को 33,538 वर्गमीटर जमीन आवंटित की गई। रुद्र बिल्डवेल ने 39 करोड़ रुपए की कुल प्रीमियम राशि का 10 प्रतिशत भुगतान करने के बाद अगले महीने लीज करा ली। बताया जाता है कि रुद्र बिल्डवेल को आवंटित भूखंड के 13,500 वर्ग मीटर में अतिक्रमण था। जबकि प्राधिकरण ने कहा कि 6,900 वर्ग मीटर अतिक्रमण था। बिल्डर ने 6900 वर्गमीटर की सीमा तक शून्य काल के लिए याचिका दायर की। अदालत ने 11 नवम्बर को

- **इलाबादा हाईकोर्ट ने प्राधिकरण को आवंटित जमीन के बड़े भाग कब्जा नहीं देने पर प्राधिकरण को दिया आदेश**

सुनवाई पूरी करके फैसला सुरक्षित रखा था और 16 नवम्बर को फैसला सुना दिया। इसमें प्राधिकरण को कानून के अनुसार मानचित्र को फिर से मान्य करने का आदेश दिया। दूसरे सेक्टर-16 में जहां याचिकाकर्ता को 2012 में 43,115 वर्गमीटर जमीन आवंटित की गई थी। डेवलपर ने कहा कि उन्हें केवल कागजी कब्जा दिया गया था। भूखंड पर दो मजार मौजूद थे। इससे अतिक्रमण हो गया और निर्माण नहीं हो सका। इस बारे में प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी ने कहा कि उन्हें अभी तक ऑर्डर नहीं मिला है।

## सार संक्षेप

### न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**जेवर।** विकास खंड क्षेत्र के गांव साबौता जाफराबाद स्थित कंपोजिट विद्यालय में गुरुवार को न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के सैकड़ो छात्रों ने भाग लिया। नोडल शिक्षक संकुल हरेंद्र शर्मा ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी राशिद अल्वी ने की। प्रतियोगिता मे न्याय पंचायत क्षेत्र के 250 बच्चों ने भाग लिया जिसमें दौड़ प्रतियोगिता में बालिका वर्ग मे वंदना, ख़ुशी व मानवी और बालक वर्ग मे ललित और निकेत प्रथम आए। वहीं कबड्डी में जेवर खादर की टीम विजेता रही और खो खो के बालिका वर्ग में जेवर खादर और बालक वर्ग में रामपुर गांव की टीम ने बाजी मारी। इस मौके पर प्रवीन, दीवान सिंह, हेमराज, आशीष, नीतू, लक्ष्मी सहित 50 शिक्षक मौजूद रहे।

### श्री बाबा खाटूश्याम के अवतरण दिवस पर किया गया हवन पूजन

**ग्रेटर नोएडा।** श्री श्याम सेवा परिवार ने बाबा खाटूश्याम के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार हवन व भंडारा का आयोजन श्री शक्ति मंदिर साईट 4 ग्रेटर नोएडा पर किया। अध्यक्ष मुकुल गोयल ने बताया कि बाबा खाटूश्याम का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मंदिर प्रांगण में केक काटकर मनाया गया। बर्बरीक़ के रूप मे जन्म लेकर अपने शीश का दान देकर खाटूश्याम के नाम से कलयुग के देव के रूप में जाने गए। कार्यक्रम में रामकृष्ण तिवारी (एसीपी), जे पी तिवारी (जेलर) शहर के सभी गणमान्य लोग ओर कार्यकारिणी से मुकुल गोयल, सुरेश गर्ग, आदित्य अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, कपिल गुप्ता, विनय गुप्ता, सौरभ गुप्ता, आकाश गर्ग, नवनीत अग्रवाल सभी सदस्य उपस्थित रहे।




पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## जनपद स्तरीय युवा उत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रमों 24 नवम्बर को होगा आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश व जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में 24 नवम्बर को दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल नोएडा एक्सटेंशन नॉलेज पार्क 5 ग्रेटर नोएडा में जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य को आवंटित स्पेसिफिक थीम 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पर आधारित नुक्कड़ नाटक जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएगी। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि पूर्व में प्रचलित 18 संस्कृतिक विधाओं की प्रतियोगिताओं में से चार प्रतियोगिताओं ग्रुप फोक डांस (इंडियन स्टाइल), ग्रुप फोकक सॉन्ग, सोलो फोक डांस, सोलो लोक सॉन्ग एवं लाइफ स्किल के तहत स्टोरी राइटिंग, पोस्टर मेकिंग, डेक्लेमेशन व फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाएगा, जिसमें प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजयी कलाकारों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। आयोजित होने वाले जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने के लिए कलाकारों की आयु 12 जनवरी 2024 को 15 से 29 वर्ष के मध्य होने अनिवार्य है। आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए प्रतिभागियों को आधार कार्ड, जन्मतिथि प्रमाण पत्र, फोटो, बैंक पासबुक की छाया प्रति, ईमेल आईडी आदि अभिलेख कार्यक्रम से पूर्व पंजीकरण के समय उपलब्ध कराने होंगे। कार्यक्रम में सभी कलाकार अपने साथ प्रस्तुत किए जाने वाले कार्यक्रम से संबंधित वाद्य यंत्र/आवश्यक सामग्री आदि भी साथ अनिवार्य रूप से लाएंगे।

## एफडीआई वाली कंपनियों के लिए यमुना प्राधिकरण लांच करगी योजनाएं

**ग्रेटर नोएडा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश सरकार ने हाल ही एफडीआई नीति को मंजूरी दी है। अब यमुना प्राधिकरण ने इस नीति के अनुसार योजना लांच करने जा रहा है।

**शत-प्रतिशत एफडीआई वाली कंपनियों को कारोबार करने का मिलेगा अवसर**

प्राधिकरण फॉर्च्यून-500 ग्लोबल, फॉर्च्यून-500 इंडिया और 100 प्रतिशत एफडीआई वाली कंपनियों के लिए योजना लांच की जाएगी। इस योजना में 10 भूखंड हैं। एक भूखंड 20 एकड़, एक भूखंड 12.5 एकड़ और आठ भूखंड 10-10 एक एकड़ के हैं। यह ओपन इंडेड योजना होगी। कंपनी कभी भी आवेदन कर सकती हैं। इनका आवंटन साक्षात्कार के जरिये होगा। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि कंपनियों को अच्छा औद्योगिक माहौल और वित्तीय सहयोग देने के लिए सरकार ने फैसला लिया है। इस योजना में जमीन का केवल 25 फीसदी पैसा ही कंपनी को देना पड़ेगा। इस योजना के जरिये प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लाना है। एफडीआई नीति में निवेशकों को पांच साल तक इलेक्ट्रिक सिटी डयूटी में छूट मिलेगी।

स्टांप ड्यूटी व पंजीकरण में 50 से 100 फीसदी छूट का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त जमीन पर 75 से 80 फीसदी तक सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। यदि निवेशक तय अवधि में उत्पादन शुरू नहीं करता है तो उससे 12 फीसदी ब्याज के साथ जमीन वापस ले ली जाएगी।

### यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक अब 18 दिसम्बर को, कई प्रस्ताव पर लगेगी मुहर

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक अब 18 दिसम्बर को होगी। पहले यह बोर्ड बैठक 28 नवम्बर को होनी थी। इस बोर्ड बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे जाने हैं। प्राधिकरण ने बोर्ड एजेंडा तैयार कर लिया है। इसमें 30 से अधिक प्रस्ताव रखे जाने हैं। एजेंडे में किसानों, आवंटियों और नई योजनाओं के प्रस्ताव शामिल हैं। राया हेरिटेज सिटी की डीपीआर, मास्टर प्लान 2041 और जमीन अधिग्रहण के प्रस्ताव भी रखे जाएंगे। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि बोर्ड बैठक में बदलाव किया गया है। अब 18 दिसम्बर को यह बैठक होगी। अफसरों की व्यवस्तता के चलते यह फैसला लिया गया है।

## कैंटर में छुपाकर लाखों का गांजा ला रहे दो आरोपी गिरफ्तार गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। थाना बादलपुर पुलिस ने सूचना के आधार पर एक कैंटर में सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके



पास से 2 कुंतल 48 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। बरामद गांजा की कीमत लाखों रुपए है। यह गांजा आरोपी उड़ीसा प्रांत से तस्करी करके ला रहे थे। पुलिस कैंटर के मालिक और गांजा मंगवाने वाले व्यक्ति की भी तलाश कर रही है। पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय सुनीति ने बताया कि थाना बादलपुर पुलिस को गुरुवार सुबह को सूचना मिली कि एक मिली कि एक आईसर कैंटर में कुछ लोग उड़ीसा से तस्करी करके गांजा ला रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर नारकोटिक्स विभाग के प्रभारी पवन कुमार और थाना बादलपुर में तैनात उप निरीक्षक प्रसून कुमार और उनकी टीम ने दुजाना गांव के पास से एक कैंटर को पकड़ा। उक्त कैंटर की तलाशी लेने पर उसमें रखे हुए 2 कुंतल 48 किलो ग्राम नाजायज गांजा मिला। उन्होंने बताया कि कैंटर में सवार रामवीर सिंह पुत्र कृपाल सिंह तथा उनके बेटे अभिषेक पुत्र रामवीर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

- **उड़ीसा से गांजा लाकर दिल्ली एनसीआर में अलग-अलग किया जाता था सप्लाई**

पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बताया कि वे लोग कैंटर लेकर उड़ीसा से सामान लेने गए थे, तभी उनके मालिक गजेंद्र सिंह का फोन आया कि उड़ीसा के खुर्दा से कुछ लोग तुम्हें गांजे की बोरी देंगे। उसे कैंटर में डालकर नोएडा लाना है। आरोपियों के अनुसार अपने मलिक की बात मानकर वे लोग कैंटर में गांजा रखकर नोएडा आए, तभी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी ने बताया कि पुलिस कैंटर चालक और गांजा मंगवाने वाले व्यक्ति के बारे में जानकारी इकट्ठी कर रही है। उन्होंने बताया कि बरामद गांजा की कीमत लाखों रुपए है। डीसीपी ने बताया कि उक्त बरामदगी करने वाली टीम को नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

## भाजपा जिलाध्यक्ष के जन्मदिन पर सांसद महेश शर्मा ने कार्यकर्ताओं को किया प्रोत्साहित

**ग्रेटर नोएडा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा ज़िला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर अंसल हाऊसिंग सोसाइटी पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी का जन्मदिन केक काट कर मनाया गया। जन्मदिन कार्यक्रम पर भाजपा के राष्ट्रीय वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद डॉक्टर महेश शर्मा भी पहुंचे। बधाई देते हुए डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा कि जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी सरल मृदुभाषी है भाजपा में युवामोर्चा के जिला अध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष रहते हुए विभिन्न दायित्व पदो पर कार्य करते हुए जिला अध्यक्ष गौतमबुधनगर पर कार्य करते हुए पार्टी संगठन को मज़बूत करने का कार्य कर रहें है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने जन्मदिन पर सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि हम सब मिलकर गौतमबुधनगर 2024 लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक विजय हासिल करें उसके लिए 25 व 26 नवम्बर को विशेष बूथ महाअभियान को सफल बनाने के लिए अपने अपने बूथ पर नई वोट बनवाने के लिये घर घर संपर्क करें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सेवानंद शर्मा, दीपक भारद्वाज, सुनील भाटी, इन्द्रनागर, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, रवि जिन्दल, सत्यपाल शर्मा, मनोज गर्ग, मनोज प्रधान, धर्मेन्द्र कोरी, मनोज भाटी, रवि भदोरिया कार्यकर्ता मौजूद रहे।





## आईआईआईए उद्यमी महासम्मेलन के साथ फूड एक्सपो का होगा आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। इण्डियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं उ.प्र. सरकार के एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग संयुक्त रूप से एमएसएमई उद्यमी महासम्मेलन का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ के मार्स हॉल में किया जा रहा है,इसी के साथ फूड एक्सपो का भी आयोजन होगा, जिसके शुभारम्भ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। साथ में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री उत्तर प्रदेश राकेश सचान तथा अपर मुख्य सचिव एम.एस.एम.ई. अमित मोहन प्रसाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। आईआईए ग्रेटर नोएडा चैप्टर के चेयरमैन राकेश बंसल, विशारद गौतमब, बीआर भाटी व जगदीश अधाना ने प्रेस वार्ता में कार्यक्रम की जानकारी दी। राकेश बंसल ने बताया कि उद्यमी महासम्मेलन में एमएसएमई क्षेत्र के विशेषज्ञों तथा एमएसएमई विभाग के उच्च पदाधिकारियों द्वारा इसकी अवधारणा को साकार करने के लिए उचित मार्गदर्शन एवं रोडमैप पर चर्चा की जाएगी। तकनीकी सत्र के दौरान ओपेन फोरम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को उद्यमों के बदलते स्वरुप एवं अभिनव तकनीकों से एमएसएमई को होने वाले लाभ आदि पर विचार प्रकट करने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे निश्चित ही उद्यमियों को एक नई दिशा मिलेगीं। कार्यक्रम में भाग लेने वाले कुछ एमएसएमई को अपने विशिष्ट एवं अभिनव उत्पादों को प्रदर्शनी के माध्यम से मुख्यमंत्री के सम्मुख प्रस्तुत करने का भी अवसर प्राप्त होगा। इस दौरान फूड एक्सपो में विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। इस अवसर पर आईआईए के पदाधिकारियों ने औद्योगिक क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, सीवर व इंस्पेक्टर राज सहित विभिन्न समस्याओं को साझा किया।

- **कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एमएसएमई सेक्टर के उद्यमियों से करेंगे वार्ता**

## पिता की शिकायत पर दोस्त के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में मामला दर्ज

**जेवर।** खुर्जा रोड़ पर धनसिया गांव के समीप रविवार शाम को एक अनियंत्रित कार के पेड़ से टकराने की वजह से कार में सवार थोरा गांव के एक युवक की मौत हो गई थी। मामले में मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने उसके दोस्त के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने आरोप में मामला दर्ज कर आरोपित चालक की तलाश शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि गत रविवार शाम को थोरा गांव का रहने वाला अमित उर्फ गोविंदा गांव के ही अपने दोस्त रोहित के साथ किसी कार्य से जहांगीरपुर जा रहे थे। उसी दौरान खुर्जा रोड पर धनसिया गांव के समीप अनियंत्रित कार पेड़ से टकराने पर कार सवार दोनों युवक घायल हो गए थे। जिन्हें उपचार के लिये जेवर स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान अमित उर्फ गोविंदा (29 वर्ष) की मौत हो गई थी तथा सोमवार को उपचार के बाद रोहित को छुट्टी दे दी गई थी। थोरा के रहने वाले भोजेन्द्र सिंह ने बुधवार को कोवताली पुलिस से शिकायत करते हुए गाड़ी के चालक रोहित पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप लगात हुए पुलिस से शिकायत की थी। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने वैगन आर कार चालक थोरा के रहने वाले रोहित के खिलाफ लापरवाही से वाहन चालने के आरोप में मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

- **अपने दोस्त के साथ गाडी में बैठकर जाते वक्त पेड़ से गाड़ी टकराने पर अमित उर्फ गोविंदा की हुई थी मौत**

## जीवन शैली में बदलाव से लोगों में बढ़ रही है बीमारियां

**ग्रेटर नोएडा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ऑफ ग्रीन, ग्रेटर नोएडा के सहयोग से, फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा ने रोटरी क्लब के सदस्यों को स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से अस्पताल परिसर में एक ज्ञानवर्धक बातचीत के लिए आमंत्रित किया। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने महत्वपूर्ण स्वास्थ्य विषयों पर प्रकाश डाला। फोर्टिस अस्पताल, ग्रेटर नोएडा के फैसिलिटी डायरेक्टर प्रमित मिश्रा ने कहा कि हम समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने में विश्वास करते हैं। इस तरह की बातचीत आम जनमानस को उनकी स्वास्थ्य कल्याण के विषय में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। रोटरी क्लब ऑफ ग्रीन ग्रेटर नोएडा के प्रेसिडेंट अतुल जैन ने साझा किया कि इस तरह के सहयोगात्मक कार्यक्रम



- **रोटरी क्लब ऑफग्रीन के साथ फोर्टिस हॉस्पिटल ने स्वास्थ्य के प्रति किया जागरुक**

सामाजिक कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण देते हैं। स्वास्थ्य शिक्षा एक स्वस्थ समाज के निर्माण की आधारशिला है। सत्र की शुरुआत फोर्टिस अस्पताल, ग्रेटर नोएडा में इंटरनल मेडिसिन की एडिशनल डायरेक्टर डॉ. प्रमिला रामनिस बैठा ने की, जिन्होंने इस दबाव वाले प्रश्न को संबोधित किया कि क्या जीवनशैली में बदलाव से डायबिटीज होता है? डॉ. बैठा ने जोर दिया, 'जीवनशैली और डायबिटीज के बीच संबंध को समझना इस आम होती बीमारी के प्रति चिंता को रोकने और प्रबंधित करने के लिए बेहद आवश्यक है। फोर्टिस अस्पताल, ग्रेटर नोएडा में यूरोलॉजी, यूरो-ऑन्कोलॉजी और एंड्रोलॉजी में कंसल्टेंट डॉ. प्रशांत कुमार ने 'प्रोस्टेट और किडनी स्वास्थ्य' पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रोस्टेट और किडनी स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता महत्वपूर्ण है, क्योंकि शुरुआती जांच उपचार और रोग का शीघ्र पता लगाने से इलाज का परिणाम काफी प्रभावित होता है। न्यूरोसर्जरी और एंडोवस्कुलर न्यूरोइंटरवेंशन में एक अनुभवी कंसल्टेंट डॉ. प्रशांत अग्रवाल ने 'कमर के निचले हिस्से में दर्द और साइटिका के उपचार की नई लाइन के लिए भ्रांतियों' के विषय पर प्रकाश डाला। डॉ. अग्रवाल ने हाइलाइट किया, साइटिका के दर्द को लेकर भ्रांतियों को दूर करना महत्वपूर्ण है, यह रोगियों को पीठ दर्द और साइटिका के लिए उपयुक्त उपचार की ओर निर्देशित करता है। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ ग्रीन ग्रेटर नोएडा के सेक्रेटरी शैलेश सी. वार्ष्णेय और ट्रेजरार ऋषि के. अग्रवाल मौजूद रहे।

## अनुसंधान पद्धति में आधुनिक रुझान विषय पर जीबीयू में तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। बोधिसत्व डॉ. बी.आर. अंबेडकर लाइब्रेरी, स्कूल ऑफ लॉ, जस्टिस एंड गवर्नेंस, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने भारत डिजिटल अकादमी, अलीगढ़ के सहयोग से 21 से 23 नवम्बर तक कुलपति रविन्द्र कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में 'अनुसंधान पद्धति में आधुनिक रुझान' पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य गुणात्मक और मात्रात्मक तरीकों पर ध्यान देने के साथ प्रतिभागियों को अनुसंधान पद्धति में नवीनतम रुझानों का अवलोकन प्रदान करना है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। कार्यशाला के सम्मानित अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन अधिष्ठाता डॉ. कृष्ण कांत द्विवेदी ने किया। अधिष्ठाता डॉ. कृष्ण कांत द्विवेदी स्कूल ऑफ लॉ, जस्टिस एंड गवर्नेंस ने शोध भाषा के रूप में हिंदी को लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता पर जोर देने के साथ शोध में भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। उनके बाद गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक प्रोफेसर एनपी मलखानिया ने शोध में नैतिकता के मूल्य



पर प्रकाश डाला और छात्रों को अपने शोध के दौरान कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि जीबीयू के रजिस्ट्रार डॉ. विश्वास त्रिपाठी ने कानून के क्षेत्र में शोध के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को अपना शोध जारी रखने और अपने निष्कर्षों को व्यापक समुदाय के साथ साझा करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 24 नवम्बर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## रामदेव पर सुप्रीम कोर्ट का शिकंजा

योग गुरु के रूप में प्रसिद्धि पाने के बाद आयुर्वेदिक दवाओं के व्यवसाय में उतरे बाबा रामदेव जैसे-जैसे ख्याति पाते गये, वे नये-नये विवादों में भी घिरते गये हैं। प्रारम्भ में तो उनकी सराहना हुई कि उन्होंने भारतीयों को अपने स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया। उनके योग शिविरों में लोगों ने भारी-भरकम शुल्क देकर योग सीखा। इसके बल पर उन्होंने अपना बड़ा साम्राज्य स्थापित कर लिया। अंग्रेजी दवाओं के खिलाफ उन्होंने बड़ा अभियान चलाया। इसे उन्होंने भारत की परम्परागत उपचार विधि पर हमला बताया। बाद में वे हरिद्वार के अलावा विभिन्न राज्यों में स्वयं के आयुर्वेदिक दवाओं के कारखाने खड़े करते गये तथा एक तरह से उनके पास हर बीमारी का इलाज मानों उपलब्ध था। वैसे तो उनके इलाज एवं दवाओं को प्रारम्भ से ही आधुनिक प्रणाली के लोग शंका की नज़र से देखते रहे हैं, परन्तु अपने प्रचार तंत्र और सत्ता से नज़दीकियों के कारण उनके खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई कभी नहीं की जा सकी।

अलबत्ता अब सुप्रीम कोर्ट में पतंजलि को कड़ी फटकार मिली है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से दायर एक याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने पतंजलि को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनके उत्पादों को लेकर किसी भी तरह के भ्रामक विज्ञापन जारी किये गये तो हर विज्ञापन पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया जायेगा। शीर्ष कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद को भविष्य में किसी भी तरह के भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने से बचने की सलाह देते हुए यह भी कहा कि ऐसा प्रेस बयान भी न दिया जाये जिससे कोई भ्रम फैले। वैसे सुप्रीम कोर्ट की इस चेतावनी के बाद रामदेव ने यह आरोप लगाया कि पतंजलि के खिलाफ ड्रग माफिया द्वारा षड्यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने इस बात से इंकार किया कि वे कोई गलत प्रचार कर रहे हैं। बुधवार को हरिद्वार में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर रामदेव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर पतंजलि कोई गलत प्रचार करेगा तो उस पर जुर्माना लगेगा। रामदेव ने मुख्य न्यायाधीश के समक्ष स्वास्थ्य लाभ लिये हुए मरीजों की परेड करने की भी चुनौती देते हुए कहा कि गलती करने पर वे एक हजार करोड़ रुपये का जुर्माना भरने व फांसी चढ़ने के लिये भी तैयार हैं।

रामदेव पहले तो योग करने-कराने में व्यस्त रहे लेकिन बाद में उन पर देश से भ्रष्टाचार खत्म करने का भूत सवार हो गया। वे एक दशक पहले हुए अन्ना हजारे के लोकपाल आंदोलन से जुड़ गये थे। उनकी लोकप्रियता ऐसी थी कि जब वे दिल्ली के रामलीला मैदान में चल रहे धरने में भाग लेने के लिये पहुंचे तो डॉ. मनमोहन सिंह की तत्कालीन कांग्रेस प्रवर्तित केन्द्र सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री उन्हें लेने व मनाने पहुंचे थे। यह अलग बात है कि आंदोलन को खत्म करने के लिये जब लाठी चार्ज हुआ तो मंच से कूदकर भागने वालों में वे सबसे आगे थे। उनके अनुयायियों ने उन्हें महिला के कपड़े पहनाकर सुरक्षित निकाला था।

मनमोहन सिंह की सरकार को बदनाम करने में जिन लोगों का प्रमुख हाथ था उनमें रामदेव भी थे। उनका दावा था कि अगर विदेशों में भारतीयों का रखा कथित भ्रष्टाचार का पैसा वापस आ जाये तो पेट्रोल पानी के भाव से मिलेगा और हर गांव समृद्ध होगा। उनकी भारतीय जनता पार्टी से नज़दीकियां बढ़ती चली गयीं। बताया जाता है कि अनेक राज्यों में उन्हें दवा निर्माण के लिये फैक्ट्रियां लगाने के लिये बहुत सस्ते में जमीनें मिल गयीं। हालांकि उन पर आरोप है कि उनकी दवाएं अमानक होती हैं तथा बहुत से ब्रांड उन्होंने आऊटसोर्स कर दिये हैं। यानी वे खुद नहीं बनाते। यह जानकर कि उनके प्रति लोगों का विश्वास व श्रद्धा इतनी है कि वे किसी भी कीमत पर उनकी दवाएं खरीद लेंगे, पतंजलि के उत्पाद काफी महंगे होते हैं व देश भर में उनकी दवाओं की मांग है। अब रामदेव केवल दवा नहीं बनाते बल्कि खाद्य सामग्रियां, सौंदर्य प्रसाधन का उत्पादन भी करते हैं। विदेशी संस्कृति की आलोचना करने वाले, भगवा वस्त्रधारी रामदेव को जीन्स के परिधान बनाने से भी परहेज नहीं रह गया। उनके उत्पादों पर कई बार आपत्तियां उठाई गईं लेकिन सत्ताधीशों के समर्थन से उन पर आंच तक न आई। भ्रष्टाचार व महंगाई पर वे अब कुछ नहीं कहते।

कोरोना काल में भी रामदेव ने भ्रम फैलाने का कार्य किया। जब करोड़ों लोग आधुनिक तकनीकों से किए गए शोधों के आधार पर एलोपैथी प्रणाली के टीके व दवाओं से अपनी जान बचा रहे थे, रामदेव ने इसकी निरर्थकता का प्रचार करते हुए आनन-फानन में तैयार अपने उत्पादों को रामबाण बतलाते हुए उसे बड़े पैमाने पर बेचा। आईएमए ने इस पर आपत्ति उठाई कि पर्याप्त शोध एवं आवश्यक अवधि तक प्रभाव देखे बिना पतंजलि अपनी कथित कोरोनारोधी दवाएं बेच रहा है। इस पर अपने समर्थकों, अनुयायियों एवं मुख्य धारा के मीडिया के जरिये एलोपैथी प्रणाली के खिलाफ उनके द्वारा अभियान ही छेड़ दिया गया। यहां तक कि संस्था को ईसाई बतलाया गया। उस दौरान उठे एलोपैथी बनाम आयुर्वेद विवाद का फायदा भी उन्होंने जमकर उठाया। परिणामस्वरूप कई लोगों ने एलोपैथी की बजाय पतंजलि के उत्पाद लेने प्रारम्भ किये।

योग से शुरू कर रामदेव की बनाई मल्टी-प्रोडक्ट्स वाली कम्पनी से किसी की दुश्मनी नहीं है। हर कोई अपना व्यवसाय कर सकता है लेकिन उसके लिये सभी आवश्यक नियमों का पालन ज़रूरी है। विशेषकर लोगों को भ्रमित कर अपना व्यवसाय करना सामाजिक हितों के खिलाफ है क्योंकि अमानक दवाएं हों या खाद्य सामग्रियां, वे जानलेवा होती हैं।

# एक आदमी की बर्खास्तगी क्यों हिला रही है वैश्विक तकनीकी गतिविधियां?

■ अंजन रॉय

सैमऑल्टमैन रातों-रात विश्व स्तर पर प्रसिद्ध हो गये हैं, इसलिए नहीं कि उन्होंने पहले ही कुछ हासिल कर लिया था जो कि मौलिक था, बल्कि इसलिए क्योंकि उनके द्वारा स्थापित स्टार्टअप फर्म के निदेशक मंडल ने उन्हें बिना गंभीरता से सोचे-समझे ही बर्खास्त कर दिया था।

सैमऑल्टमैन कम उम्र में ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए सॉफ्टवेयर विकसित करने में अपनी भूमिका के लिए एक किंवदंती बन गये थे, जिसे बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) के रूप में जाना जाता है। उस आधार पर, उनकी फर्म, ओपन एआई ने 'चैटजीपीटी' सॉफ्टवेयर विकसित किया था। यह एक बहुमुखी एआई मॉडल है जो बहुआयामी नई प्रौद्योगिकी व्यवस्था का चमत्कार था।

अब, वस्तुत: इस प्रणाली के निर्माता को उस कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा बाहर निकाल दिया गया, जिसके वे अध्यक्ष थे और जिसने चैटजीपीटी सॉफ़्टवेयर का निर्माण किया था। प्रथम दृष्टया, यह फर्म के प्रमुख, ऑल्टमैन और इसके मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी के बीच व्यक्तित्व का टकराव था। ऑल्टमैन को बर्खास्त करने का कारण यह बताया गया कि बोर्ड के साथ उनके संचार भ्रामक थे और उन्होंने पर्याप्त जानकारी नहीं दी थी।

सैम को बर्खास्त करने से ओपन एआई के शेयर की कीमतों में तुरंत गिरावट आई। निवेशक बोर्ड के खिलाफ़ हो गये और उससे ऑल्टमैन को कंपनी में वापस बुलाने के लिए कहा। अन्य स्टाफ सदस्य भी परेशान थे और एक पत्र में उन्होंने मांग की कि सैमऑल्टमैन को वापस लाया जाये। ऐसा कहा जा सकता है कि बोर्ड को अपमानित किया गया।

लेकिन फिर, जब तक निवेशकों और कर्मचारियों ने प्रतिक्रिया दी, तब तक कुछ और हो चुका था। माइक्रोसॉफ्ट, जिसने ऑल्टमैन के ओपन एआई का समर्थन किया था, ने इस खबर पर हल्की प्रतिक्रिया व्यक्त की और उसे सीधे माइक्रोसॉफ्ट के भीतर एक इन-हाउस एआई टीम चलाने के लिए भर्ती किया। सैमआल्टमैन को माइक्रोसॉफ्ट के अपने एआई संगठन का सीईओ घोषित किया गया।

वह माइक्रोसॉफ्ट के लिए दोधारी तलवार थी। सॉफ्टवेयर दिग्गज ने पहले ओपन एआई को एक स्टार्टअप के रूप में बढ़ावा देने के लिए 3अरब डॉलर खर्च किये थे और अपने अधिक पारंपरिक और लंबे समय से स्थापित सॉफ्टवेयर उत्पादों के साथ-साथ चैटजीपीटी सॉफ्टवेयर को उपलब्ध कराने के लिए उत्सुकता से काम लिया था।

माइक्रोसॉफ्ट के लिए एक समस्या है। इस कंपनी पर 3अरब डॉलर खर्च करने के बाद भी, क्या वह सो रहा था जब ओपन एआई में तूफ़ान बढ़ रहा था? कंपनी के इतने बड़े निवेशक को इसकी भनक तक नहीं थी कि कंपनी में क्या हो रहा है। माइक्रोसॉफ्ट के निवेशक निश्चित रूप से मुद्दे उठायेंगे।

एक भी आदमी को हटाने पर भयंकर तूफानी हवाएं उभरीं जो उच्च प्रौद्योगिकी दुनिया की प्रकृति का संकेत है जिसे हम अब देख रहे हैं। यह उत्तर-औद्योगिक दुनिया है जिसमें हम प्रवेश कर रहे हैं। यहां कार बनाने की तरह असेंबली लाइन उत्पाद नहीं हैं। यह नयी विश्व व्यवस्था व्यक्तियों और विचारों पर केंद्रित है। एक विचार परिचित दुनिया को बदल सकता है। एक एकल विचार का आश्चर्यजनक व्यावसायिक मूल्य हो सकता है।

> **सभी एआई जवाब मूलत: सांख्यिकीय रिसेशन विश्लेषण हैं। अगर आप स्मार्ट फोन यूजर हैं और मैसेज लिख रहे हैं तो आपके स्मार्टफ़ोन में एम्बेडेड सॉफ़्टवेयर द्वारा आपको अगला शब्द लिखने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जायेगा। अक्सर, यदि आप उच्च-स्तरीय का उपयोग कर रहे हैं, तो संकेत शब्द वही होगा जो आपने सोचा होगा या सबसे उपयुक्त होगा।**

सभी एआई जवाब मूलत: सांख्यिकीय रिसेशन विश्लेषण हैं। अगर आप स्मार्ट फोन यूजर हैं और मैसेज लिख रहे हैं तो आपके स्मार्टफ़ोन में एम्बेडेड सॉफ़्टवेयर द्वारा आपको अगला शब्द लिखने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जायेगा। अक्सर, यदि आप उच्च-स्तरीय का उपयोग कर रहे हैं, तो संकेत शब्द वही होगा जो आपने सोचा होगा या सबसे उपयुक्त होगा।

मशीन आपको ऐसा कैसे संकेत देती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि फोन में अंतर्निहित सॉफ्टवेयर शब्दों के एक विशाल आधार से होकर गुजरता है जो लिखित या मौखिक भाषा में उपयोग किया जाता है। जिन लाखों शब्दों का अध्ययन किया गया है, उनके सांख्यिकीय विश्लेषण के आधार पर, भाषा मॉडल ने अनुक्रम में अगले शब्द के आने की संभावना की गणना की थी।

सैमऑल्टमैन की फर्म, ओपन एआई ने इस तकनीक को इस स्तर तक उन्नत किया है कि सॉफ्टवेयर सिस्टम न केवल उपयोग किये जाने वाले अगले शब्द की भविष्यवाणी कर सकता है बल्कि अनेक अन्य सहायता कर सकता है। यह आपको, उदाहरण के लिए, एक कानून परीक्षा प्रश्न (जैसे अमेरिकन बार एसोसिएशन प्रवेश परीक्षा) का उत्तर इतनी अच्छी तरह से देने में सक्षम होगा कि सॉफ्टवेयर आसानी से परीक्षा उत्तीर्ण कर सके।

आम तौर पर यह परीक्षा इतनी कठिन पाई गई है कि बहुत लंबी तैयारी के बाद केवल मुट्ठी भर लोग ही इसमें सफल हो पाते हैं। सैमआल्टमैन की कंपनी का चैटजीपीटी कुछ ही समय में पास हो सकता था। यह उस प्रणाली की शक्ति का उदाहरण है जिसे इस फर्म ने अपने रहस्यमय नेता सैमऑल्टमैन के नेतृत्व में विकसित किया था।

जब चैटजीपीटी उत्पाद की घोषणा की गई और इसे जारी किया गया तो इसने पूरे तकनीकी जगत में सनसनी पैदा कर दी। इसकी कच्ची शक्ति के समान अब तक कुछ भी विकसित नहीं किया गया था। यह प्रणाली चिकित्सा सहित विभिन्न प्रकार के उपयोगों के लिए उपयोगी हो सकती है। क्योंकि, सिस्टम किसी विशिष्ट क्षेत्र, जैसे, फुफ्फुसीय रोगों, में अब तक उपलब्ध संपूर्ण ज्ञान में महारत हासिल कर सकता है और इन्हें केस अध्ययन के विशाल डेटाबेस से जोड़ सकता है और फिर किसी व्यक्तिगत मामले का तुरंत निदान कर सकता है।

चैटजीपीटी जारी होने के बाद पत्रकारों को खतरा महसूस हुआ था। डर यह था कि एआई प्रणाली को एक पत्रकार द्वारा जलवायु संकट पर एक लेख तैयार करने के लिए कहा जा सकता है। चैटजीपीटी को एक पत्रकार की शैली और लेखन के तरीके के साथ-साथ अब तक सामने आई बातों को आत्मसात करने के लिए प्रशिक्षित किया जायेगा और फिर वह बहुत ही कम समय में एक लेख तैयार कर सकता है, जिसमें एक पत्रकार को अधिक समय लग सकता है। ऐसे में अखबार पत्रकारों से छुटकारा पा कर ला सकते हैं बिना किसी पत्रकार वाला अखबार है।

वास्तव में, इससे अमेरिका में हॉलीवुड में लंबे समय तक औद्योगिक कार्रवाई (हड़ताल) हुई। अभिनेताओं और पटकथा लेखकों ने महीनों तक अपना काम अटका रखा था। उन्हें डर था कि पटकथा लेखकों के कार्य या यहां तक कि उनके बिना ही अभिनेताओं के अभिनय क्लिप बनाने के लिए उनके मौजूदा अनुबंध में बदलाव किया जा सकता है।

यह एआई सॉफ़्टवेयर के साथ संभव होना चाहिए जो पहचाने गये लेखकों या अभिनेताओं के पहले के कार्यों को एकत्रित करेगा और फिर पिछले प्रदर्शनों के अध्ययन के आधार पर नये आइटम सामने लायेगा। एआई सिस्टम को बस लेखकों या अभिनेताओं के कार्यों की कुछ पूर्व क्लिप की आवश्यकता है।

वास्तव में, हमने हाल ही में ऐसी एआई की शक्तियों का एक दु:स्वप्न प्रदर्शन किया था। एक प्रसिद्ध अभिनेत्री की दृश्य क्लिप का उपयोग एक 'नकली' दृश्य बनाने के लिए किया गया था जिसमें अभिनेत्री अभिनय कर रही थी या ऐसी बातें कह रही थी जो उसने कभी नहीं की थी। साथ ही, यह इतना उत्तम था कि कोई भी यह पता नहीं लगा सकता था कि यह नकली है और एआई सिस्टम द्वारा निर्मित है।

इस प्रकार के एआई तबाही मचा सकते हैं। यह संपूर्ण राजनीतिक व्यवस्था को नष्ट कर सकता है। कल्पना कीजिए, एक प्रमुख राजनेता की पिछली क्लिप का उपयोग किया जाता है और फिर उसके आधार पर कुछ लोगों या कारणों या मुद्दों के खिलाफ आग भड़काने वाला भाषण तैयार किया जाता है। यह विनाशकारी हो सकता है।

इस प्रकार एआई एक खतरनाक नयी दुनिया का निर्माण कर रहा है। कई विशेषज्ञ सोच रहे हैं कि एआई अंतत: मानव बुद्धि को पार कर सकता है और हमारी ज्ञात दुनिया में तबाही मचा सकता है। इन्हें विनियमित करने की आवश्यकता है। वास्तव में एक महत्वपूर्ण मुद्दा जिसके कारण सैमऑल्टमैन और ओपन एआई बोर्ड के बीच दरार पैदा हुई, वह यह था कि फंडरप्रोमोटर एआई द्वारा पैदा किये जा रहे संभावित राक्षसों के दु:खद परिणामों पर विचार करने के लिए तैयार नहीं था।

# रेवड़ी रिवाज की राजनीति, सरकारी खजानों पर भारी

राजनीतिक गलियारों में आजकल फ्री बीज की महंगी राजनीति यानि 'रेवड़ी कल्चर' पर चर्चा जोरों पर है। 'गरीब की थाली में आजकल पुलाव आ गया है... लगता है कि जैसे देश में चुनाव आ गया है' भारतीय राजनीति की हकीकत है। ताज्जुब की बात है कि जनता को दी जाने वाली जिन 'मुफ्त योजनाओं' को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'रेवड़ी कल्चर' कहकर सवाल उठाया गया था, आज उन्हीं की पार्टी बल्कि स्वयं चुनावों में भारी-भरकम मुफ्त सौगातों की घोषणाएं करते नजर आ रहे हैं। मंशा साफ है कि ऐन केन प्रकारेण चुनाव जीतना है। आज तमाम राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणा पत्र इसी फ्री बीज यानि 'मुफ्त योजनाओं' वाली सियासी वादों एवं दावों से भरी पड़ी है।

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों में लोक-लुभावनी घोषणाओं की जिस तरह से झड़ी लगी है, बल्कि कहा जाये कि बरसात हो रही है, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस तरह की नीतियां, योजनाएं या कार्यक्रमों का विरोध करने वाले इसे फ्री बीज यानि 'रेवड़ी कल्चर' कहते हैं, जबकि इसके समर्थक इसे 'कल्याणकारी योजनाएं' कहते हैं। 'मुफ्त योजनाओं' यानि 'रेवड़ी कल्चर' से असहमति रखने वालों का तर्क है कि इससे सरकारी खजाने पर भार पड़ता है, सरकार के ऊपर कर्ज का बोझ बढ़ता है, जो अंतत: अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी, घातक और अहितकारी सिद्ध होता है। राजनीतिक पार्टियां अपनी सियासी नफा-नुकसान के लिए करती हैं। इसके समर्थकों का मानना है कि इससे गरीबों को मदद मिलती है।



डॉ. लखन चौधरी

> **क्या इस तरह के मुफ्त उपहारों यानि फ्री बीज योजनाओं से चुनाव दर चुनाव जीतना एक तरह से सरल या आसान है? क्या रेवड़ी कल्चर चुनाव जीतने की गारंटी है? सवाल यह भी है कि क्या बगैर मुफ्त घोषणाओं के चुनाव जीतना असंभव है? आखिरकार क्यों फ्री बीज चुनावी राजनीति की धुरी बनती जा रही हैं?**

हर एक राजनीतिक दल दूसरे दल पर आरोप लगा रहा है कि मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज के लिए फलां, अमुक या दूसरे दल जिम्मेदार हैं, उनकी पार्टी तो केवल ठोस योजनाओं की बात करती है। राजनीतिक दल अपने दल की घोषणाओं को कल्याणकारी योजनाएं करार दे रहीं हैं, और दूसरे दलों की योजनाओं को रेवड़ी कहकर राज्य-देश हित के विपरीत और जनहित के लिए विनाशकारी करार दे रहीं हैं।

सवाल उठता है कि क्या इस तरह के मुफ्त उपहारों यानि फ्री बीज योजनाओं से चुनाव दर चुनाव जीतना एक तरह से सरल या आसान है? क्या रेवड़ी कल्चर चुनाव जीतने की गारंटी है? सवाल यह भी है कि क्या बगैर मुफ्त घोषणाओं के चुनाव जीतना असंभव है? आखिरकार क्यों फ्री बीज चुनावी राजनीति की धुरी बनती जा रही हैं? एक वक्त था जब चुनावी घोषणापत्रों में राजनीतिक दलों की विचारधारा, नीतियां और राजनीतिक दर्शन के झलक होते थे, आज चुनावी घोषणापत्र मुफ्त उपहारों की नुमाईशों यानि रेवड़ी बांटने की गारंटी का पुलिंदा बनकर रह गए हैं।

ज्ञातव्य है कि इसके पहले भी याचिका में चुनावों के दौरान राजनीतिक पार्टियों के वोटर्स से फ्री बीज या मुफ्त उपहार के वादों पर रोक लगाने की अपील की गई है। इसमें मांग की गई है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों की मान्यता रद्द करनी चाहिए। इस पर केंद्र सरकार ने सहमति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट से फ्री बीज की परिभाषा तय करने की अपील की है। केंद्र ने कहा कि अगर फ्री बीज का बंटना जारी रहा तो यह देश को 'भविष्य की आर्थिक आपदा' की ओर ले जाएगा, लेकिन यहां पर गौर करने वाली बात यह है कि क्या स्वयं केन्द्र सरकार भी यही नहीं कर रही है?

मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार अपनी कुल कर कमाई का 35 से 40 फीसदी हिस्सा फ्री बीज पर खर्च कर रहें हैं। आरबीआई की 31 मार्च 2023 तक की रिपोर्ट में सामने आया है कि मप्र, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल जैसे राज्य टैक्स की कुल कमाई का 35 फीसदी तक हिस्सा फ्री की योजनाओं पर खर्च कर देते हैं। पंजाब सरकार 35.4 फीसदी के साथ सूची में शीर्ष पर है। मप्र में यह हिस्सेदारी 28.8 फीसदी, राजस्थान में 28.6 फीसदी है। आंध्रप्रदेश अपनी आय का 30.3 फीसदी, झारखंड 26.7 फीसदी और बंगाल 23.8 फीसदी फ्री बीज के नाम पर खर्च कर रहे हैं।

इससे सरकारों का बजट घाटा बढ़ता है, जिससे राज्य ज्यादा कर्ज लेने को मजबूर हो जाते हैं। ऐसे में आय का बड़ा हिस्सा ब्याज अदायगी में चला जाता है। पंजाब, तमिलनाडु और पं. बंगाल अपनी कमाई का 20 फीसदी, मप्र 10 फीसदी और हरियाणा 20 फीसदी से अधिक ब्याज भुगतान पर खर्च कर रहे हैं। इस समय पंजाब सरकार पर जीएसडीपी का 48 फीसदी, राजस्थान पर 40 फीसदी, मध्यप्रदेश पर 29 फीसदी तक कर्ज है, जबकि यह 20 फीसदी से ज्यादा नहीं होना चाहिए। मप्र, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, कर्नाटक, राजस्थान और छत्तीसगढ़ आदि राज्यों ने पिछले सात सालों में करीब 1.39 लाख करोड़ की फ्री बीज दीं या घोषणाएं कीं है। रेवड़ी योजनाओं की वजह से पंजाब का घाटा 46 फीसदी बढ़ चुका है, और सबसे खराब स्थिति में है। पंजाब में बिजली सब्सिडी 1 साल में 50 फीसदी बढ़कर 20,200 करोड़ रूपए हो चुकी है।

'मुफ्त योजनाओं' अर्थात 'रेवड़ी कल्चर' के दुष्परिणामों की चर्चा करते हुए श्रीलंका की अर्थव्यवस्था की बदहाली का उदाहरण दिया जाता है। भारत में इसकी शुरूआत की बात की जाए तो 2006 वह साल था जब तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से 'रेवड़ी कल्चर' का शुभारंभ हुआ है। उस समय डीएमके ने चुनाव जीतने यानि उनकी सरकार बनने पर राज्य के प्रत्येक परिवार को मुफ्त में रंगीन टेलिविजन सेट देने का वादा किया था, और इसके पीछे तर्क दिया था कि इससे महिला साक्षरता बढ़ेगी। इसका प्रभाव यह हुआ कि डीएमके पार्टी चुनाव जीत गई और इस पर 750 करोड़ खर्च हुआ। यह अलग बात है कि 2011 में इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, लेकिन 2011 के ही तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में एआईडीएमके ने इसी तरह के कई वादे किये और अन्नाद्रमुक की सरकार बन गई। इसका मतलब है कि 'मुफ्त योजनाएं' अर्थात 'रेवड़ी कल्चर' चुनाव जीतने की गारंटी हैं, और तब से लेकर अब तक तमाम विरोधों के बावजूद 'मुफ्त योजनाओं' अर्थात 'रेवड़ी कल्चर' की भरमार है।

## पावन प्रसंग

### भगवान श्री हरि और रुद्र की कृपा का पर्व है- बैकुंठ चतुर्दशी

हिंदी महीनो में श्रावण मास एवं कार्तिक मास का विशेष महत्व बताया गया है। भगवान शिव की आराधना के लिए श्रावण मास में श्रद्धालु जलाभिषेक से लेकर दुग्धाभिषेक और महामृत्युंजय पाठ कर सृष्टि के संहारक भगवान भोलेनाथ से कुशल क्षेम की प्रार्थना करते हैं। कार्तिक मास में जहां हम मां लक्ष्मी की पूजा दीपावली के रूप में करते हैं , वहीं कार्तिक स्नान का महत्व भी पुराणों में बताया गया है। कार्तिक मास की महत्ता यहीं आकर नहीं रुक जाती। कार्तिक माह के अंतिम दिनों में एक तिथि ऐसी भी आती है , जो हिंदू धर्मावलंबियों को सृष्टि के पालन और संहारक भगवान विष्णु और शिव-शंकर की एक साथ पूजा का अवसर प्रदान करने वाली कही गई है।

पुराणों में ऐसा उल्लेख मिलता है कि देवशयनी एकादशी के दिन जब भगवान श्री नारायण क्षीरसागर में आराम के लिए प्रस्थान करते हैं,तब वे इस संसार के परिचालन की जिम्मेदारी भगवान भोलेनाथ को सौंप देते हैं। जब वे चार माह बाद जागते हैं और हम तुलसी विवाह का पर्व मनाते हैं, तब वह देवउठनी एकादशी होती है। इसे हम प्रबोधिनी एकादशी के नाम से भी जानते हैं। इस पर्व के ठीक चौथे दिन चतुर्दशी तिथि होती है इसे ही हम बैकुंठ चतुर्दशी के नाम से जानते हैं। इसी तिथि को देव दिवाली भी कहा जाता है । आषाढ़ शुक्ल पक्ष से लेकर कार्तिक शुक्ल पक्ष की प्रबोधिनी एकादशी तक संसार की सत्ता संभालने वाले भगवान भोलेनाथ बैकुंठ चतुर्दशी के दिन भगवान श्री नारायण को सत्ता सौंपते हैं।

भगवान विष्णु को संसार की सत्ता वापस सौंपने के लिए भगवान शिव और विष्णु जी की आपस में भेंट होती है। पुराणों में ऐसे कथानक मिलते हैं कि इसी भेंट के दौरान शिवजी पर तुलसी दल और विष्णु जी पर बेलपत्र गिर पड़ते हैं। पुराणों के इसी कथानक के चलते वर्ष में एक बार बैकुंठ चतुर्दशी के दिन भगवान शिव पर तुलसी दल और श्री नारायण पर बेलपत्र चढ़ाया जाता है। इस तिथि के उपरांत और न तो इससे पहले शिवजी पर तुलसी चढ़ाई जाती है और न ही श्री नारायण पर बेलपत्र चढ़ाया जाता है कि बैकुंठ चतुर्दशी के दिन भगवान भोलेनाथ और भगवान विष्णु की एक साथ पूजा कर प्रति बैकुंठ प्रताप की कामना करते हैं। संसार के पालनकर्ता और सहायिका की पूजा का प्रावधान चतुर्थी तिथि पर चतुर्दशी तिथि पर निश्चित काल अर्थात अर्धरात्रि में करने की बात कही जाती है यह भी मानना है कि इस दिन श्रद्धा और तर्पण का विशेष महत्व होता है ऐसे कथानक भी मिलते हैं कि इसी बैकुंठ चतुर्दशी पर महाभारत के युद्ध में मारे गए लोगों का श्राद्ध कर्म भगवान श्री कृष्ण ने करवाया था। वैष्णवन के आराध्य श्री नारायण एवं से लोगों के आराध्य भगवान शिव के भक्तों के लिए बैकुंठ चतुर्दशी को पारस्परिक एकता का प्रतीक माना जाता है। इस पावन पर्व अथवा धार्मिक परंपरा को हरिहर मिलन भी कहा जाता है। इस दिन दोनों आराध्यों की पूजा निम्न मंत्र द्वारा की जानी चाहिए-

विना यो हरि पुजाम तु, कुर्याद रुद्रस्य चार्चनम।
वृथा तस्य भवेत्पुजा, सत्यन्मेत द्वचो मम।।

बैकुंठ चतुर्दशी के दिन घर के द्वार में 14 दीपक जलाने से भगवान विष्णु और शिवजी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। भगवान शिव और विष्णु जी की पूजा एक साथ करने का अवसर बहुत ही कम आता है। भगवान विष्णु बैकुंठ चतुर्दशी के दिन सत्ता पाने के बाद यह संकल्प लेते हैं कि वे वाराणसी में विशेष अवसर पर 1000 कमल पुष्प से शिवजी की पूजा करेंगे। जब वे इस प्रकार की आराधना में लीन हुए तो पाया गया कि 1000 कमल पुष्प में से एक पुष्प गायब है। पूजा में व्यवधान न पड़े इस विचार के साथ भगवान श्री नारायण ने यह सोचकर कि उनका एक नाम कमल नयन भी है , अत: उन्होंने अपनी एक आंख भगवान शिव के चरणों में अर्पित कर दी इससे प्रसन्न होकर भगवान भोलेनाथ ने उनकी आंख उन्हें वापस कर पूजा स्वीकार की।

**सूर्यकान्त मिश्रा**

## आपके पत्र

### सीमित संसाधनों पर जनसंख्या का बोझ

भारत की विशाल जनसंख्या आजकल राजनैतिक गलियारों में खासी चर्चा का विषय बनी हुई है। भारत की बढ़ती जनसंख्या के सन्दर्भ में मशहूर विचारक गार्नर का कहना है कि जनसंख्या किसी भी राज्य के लिए उससे अधिक नहीं होनी चाहिए जितनी साधन संपदा उसके पास है। जनसंख्या किसी देश के लिए तब तक वरदान होती है, जब तक वह अपनी सीमा रेखा के पार ना जाए। पार जाने के बाद वह धीरे-धीरे अभिशाप का रूप लेने लगती है। वर्तमान समय में भारत की जनसंख्या चीन के बाद दूसरे नंबर पर है। हमारे सामने अभी जनसंख्या विस्फोट की बड़ी समस्या है पर विगत 20 वर्षों से पूरे विश्व के उपभोक्ता सामानों के उत्पादक कंपनियां इसे बड़ी पोटेंशियलिटी यानी बड़ी ताकत मानती है, अभी भारत की जनसंख्या अनुमानित 140 करोड़ के लगभग है पर हिंदुस्तान में 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 121 करोड़ जनसंख्या निवास करती है। यह विश्व की जनसंख्या की 17.4प्रतिशत होती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय की जनसंख्या 36 करोड़ थी, और आज हम 140 करोड़ से कहीं ऊपर जा चुके हैं । आज के उपभोक्तावादी समय में कोई इसे बड़ी समस्या मानने को तैयार नहीं है। राजनेता वोटो की राजनीति के चलते इस पर मौन साधे बैठे हुए है। इसकी तरफ कोई ध्यान भी देने को राजी नहीं है।

मशहूर अर्थशास्त्री माल्थस ने कहा है कि जनसंख्या ज्यामितीय अनुपात में आगे बढ़ती है, और उत्पादन अंक गणित के हिसाब से आगे बढ़ता है। उन्होंने यह कहा है कि जनसंख्या के अत्यधिक बढ़ जाने से उसे महामारी तथा प्राकृतिक विपदा से अपने नियंत्रण में कर लेती है। जनसंख्या के संदर्भ में यह बात सही ही उतरती है। कोरोना ने पूरी वैश्विक जनसंख्या को जिस तरह अपने संक्रमण में लिया था, और लाखों लोगों को मौत के घाट उतारा। ऐसे में अर्थशास्त्री माल्थस की भारत के सन्दर्भ में भविष्यवाणी सच होती दिखाई देती है। वैसे तो भारत में जनसंख्या के विस्फोट के कई कारण हैं, जिनमें जन्म-मृत्यु का असंतुलन, कम उम्र में विवाह, अत्यधिक निरक्षरता, धार्मिक दृष्टिकोण, निर्धनता मनोरंजन के साधनों की कमी, एवं अंधविश्वास हैं पर आज वैश्विक स्थिति में भारत बड़ी उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के लिए एक बहुत बड़ा और सशक्त आर्थिक स्थिति पैदा करने वाला बाजार है। इस बाजार में आधिपत्य जमाने के लिए बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत में तेजी से पैर फैलाने की कोशिश कर रही है। भारत तथा विश्व में होने वाले ब्यूटी कॉन्टेस्ट में भारत की सुंदरियों को विश्व का खिताब जिताने के पीछे उपभोक्तावाद संस्कृति का ही बड़ा हाथ है। इसके पीछे सौंदर्य प्रसाधनों को हिंदुस्तान की जनता को ज्यादा से ज्यादा बेचना भी था। आज हिंदुस्तान की 121 करोड़ जनता को रोजमर्रा के सामान बेचने के लिए देशी विदेशी कंपनियों की होड़ लगी हुई है। भारत में सबसे ज्यादा अमेजॉन विदेशी कंपनी द्वारा भारत में ऑनलाइन सामान बेचने का रिकॉर्ड ही बन गया है। आज इतनी बड़ी जनसंख्या को अनाज तथा भोजन बनाने के सामान को लेकर विश्व की दो बड़ी कंपनियां आमने-सामने हो गई हैं। विदेशी कंपनी अमेज़ान आक्रामक रूप से भारत में अपनी मौजूदगी तथा अस्तित्व को बनाए रखने के लिए तेजी से प्रयासरत है। उसे पूरी आशा है कि वह उभरते हुए मार्केट पर अपना कब्जा बनाए रखेगी। वहीं दूसरी तरफ भारत की बहुत बड़ी कंपनी रिलायंस भी ई-कॉमर्स मार्केटिंग में घरेलू सामानों को बेचने पर अमादा है। दोनों बड़ी कंपनियों में आज बहुत बड़े तनाव की स्थिति आ गई है।

**संजीव ठाकुर**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## फिलीपींस में आवासीय क्षेत्र में आग लगने से चार शिशुओं की मौत

**मनीला।** फिलीपींस के मध्य शहर सेबू में गुरुवार तड़के आवासीय क्षेत्र में आग लगने से चार शिशुओं की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सेबू सिटी कमांड सेंटर के अनुसार आग स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 05:51 बजे लगी। अग्निशमन कर्मियों ने सुबह लगभग 6:15 बजे आग पर काबू पाया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आग में करीब सात घर जलकर खाक हो गए। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# आईडीएफ ने अल-शिफा अस्पताल के निदेशक व डॉक्टरों को किया गिरफ्तार




शिफा अस्पताल से 190 मरीजों को दूसरे अस्पतालों में भेजा गया

**गजा पट्टी,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने गजा पट्टी के सबसे बड़े मेडिकल कॉम्प्लेक्स अल-शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेल्मिया और कुछ अन्य डॉक्टरों को गिरफ्तार कर लिया है। अस्पताल के एक डॉक्टर और मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।

फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी (पीआरसीएस) ने कहा कि 190 घायल और बीमार लोगों साथ ही उनके साथियों और कई चिकित्सा टीमों को गाजा के शिफा अस्पताल से गाजा पट्टी के दक्षिणी भाग में स्थित अन्य अस्पतालों में ले जाया गया है। 'अल जजीरा' चैनल ने रिपोर्ट में बताया कि अल शिफा अस्पताल के निदेशक डॉ सेल्मिया, कई अन्य 'वरिष्ठ डॉक्टरों', अस्पताल के एक विभाग प्रमुख खालिद अबू समरा के साथ गिरफ्तार किया गया है। इनकी सभी गिरफ्तारी की रिपोर्ट इज़रायली ब्रॉडकास्टिंग अथॉरिटी द्वारा दी है। इसके अलावा अस्पताल निदेशक सेलेम्या के चचेरे भाई अधम अबू सेलेम्या ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में इसकी पुष्टि की गई थी। अल जजीरा ने दक्षिणी गाजा से रिपोर्टिंग में बताया कि अल-शिफा मेडिकल कॉम्प्लेक्स के निदेशक डॉ. सेल्मिया को इजरायली कब्जे वाली सेना ने गिरफ्तार कर लिया है और इससे पहले भी, दो फ़िलिस्तीनी पैरामेडिक्स को आईडीएफ ने गिरफ्तार किया था। यह स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रहा है कि गाजा पट्टी के अंदर कोई सुरक्षित नहीं है। गाजा में न ही चिकित्साकर्मी, नागरिक सुरक्षा दल या यहां तक कि पत्रकार भी सुरक्षित नहीं है। हमले आम नागरिक ठिकानों पर भी हो रहे है।

## आईडीएफ ने वेस्ट बैंक में 90 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया

**वेस्ट बैंक।** इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने बुधवार रात उनके कब्जे वाले वेस्ट बैंक से कम से कम 90 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 36 कल्किल्या के अज्जुन गाँव और अर्रूब शरणार्थी शिविर के लोग शामिल हैं। फ़िलिस्तीनी कैदी सोसायटी ने यह जानकारी साझा की है। उसने कहा कि आईडीएफ ने कल रात जिन लोगों को गिरफ्तार किया है उनमें पूर्व कैदी भी शामिल हैं। गौरतलब है कि सात अक्टूबर से कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 3,130 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया गया है। फिलीस्तीन का इस्लामिक चरमपंथी समूह हमास के पिछले महीने सात अक्टूबर को इजरायल पर रॉकेट से भारी बमबारी की थी और इजरायल के नागरिकों को बंधक बनाकर अपने साथ ले गए थे। इजरायल की ओर से इसी हमास के हमलों का करार जावब दिया गया और आईडीएफ ने हवाई और जमीनी हमलों से गाजा पट्टी में स्थित हमास के कई ठिकानों को निशाना बनाकर निस्तेनाबूत कर दिया है। इस युद्ध में दोनों पक्षों को काफी नुकसान हुआ है। हमास शासित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उसने इजरायल-हमास की जंग में मारे गए फलस्तीनियों की विस्तृत जानकारी के साथ गणना फिर से शुरू कर दी है और अभी तक 13,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। उन्होंने बताया है कि वास्तविक मृतक संख्या इससे अधिक हो सकती है। इसके अलावा 6000 लोग लापता हैं।

### चेक राष्ट्रपति पेट्र पावेल ने कहा

# नाटो यूरोप में उच्च तीव्रता वाले संघर्ष की कर रहा तैयारी

**मॉस्को,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। चेक गणराज्य के राष्ट्रपति पेट्र पावेल ने कहा कि चेक गणराज्य सहित सभी नाटो सदस्य रूस को सबसे बड़ा सैन्य खतरा मानते हैं और यूरोप में संभावित उच्च तीव्रता वाले संघर्ष की तैयारी कर रहे हैं। चेक गणराज्य, पोलैंड, स्लोवाकिया और हंगरी के सांस्कृतिक और राजनीतिक गठबंधन, विसेग्राड ग्रुप के देश,बुधवार को प्राग कैसल में वी फोर नेताओं की बैठक के लिए एकत्र हुए।



श्री पावेल ने वी फोर नेताओं के शिखर सम्मेलन के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, न केवल चेक गणराज्य बल्कि सभी नाटो सदस्य रूस को यूरोप के लिए खतरा मानते हैं। इसका मतलब है कि यथार्थवादी परिस्थितियों में ऐसे युद्ध के लिए तैयारी करने की आवश्यकता है, सभी नाटो सेनाएं संभावित युद्ध की तैयारी कर रही हैं। यूरोप में उच्च तीव्रता वाला संघर्ष। साथ ही, राष्ट्रपति ने कहा कि नाटो ऐसा विकास नहीं चाहता है और संभावित संघर्ष की भविष्यवाणी एक यथार्थवादी चेतावनी है, ऐसा कुछ नहीं जो घटित होना ही है। रूस ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन में अपना विशेष सैन्य अभियान शुरू किया।

पश्चिमी देशों ने मॉस्को के खिलाफ व्यापक प्रतिबंध लगाकर जवाब दिया, साथ ही कीव के लिए अपना सैन्य समर्थन भी बढ़ाया।रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल तब से कई दौर की शांति वार्ता में लगे हुए हैं, लेकिन वार्ता अंततः गतिरोध पर पहुंच गई।

## सुडोकू 6385

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 1 | | | 8 | |
| | | | | | 6 | 2 | | 4 |
| | 5 | | | | 7 | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 9 | | 1 | | 2 | | 6 | |
| | | | 5 | | | | | 7 |
| | | 6 | 7 | | | | 1 | |
| 2 | | 3 | 6 | | | | | |
| | 1 | | | 8 | | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 24 नवम्बर, 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 12

### राशिफल

मेष - कम समय में अधिक लाभ पाने के विचार में आप फंस सकते हैं। कोर्ट-कचहरी के विषय में न पड़ने की सलाह आपको दी जाती है। स्थायी संपत्ति के काम भी टालना होंगे। मानसिक रूप से आप की एकाग्रता में कमी रहेगी।

वृषभ - आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोपहर के बाद मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी बात को लेकर ज्यादा इमोशनल ना हो।

मिथुन - आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है। पिता और बड़ों के आशीर्वाद से लाभ होगा। दोपहर के बाद मित्रों से लाभ हो सकता है।

कर्क - अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है। दोपहर के बाद व्यवसाय के क्षेत्र में आप के लिए परिस्थिति अनुकूल रहेगी।

सिंह - आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। सरकार या नियम विरोधी कामों से दूर रहें। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

कन्या - आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

तुला - आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं। व्यापार में धन लगाने की योजना पूरी कर पाएंगे। उचित कारणों पर धन खर्च होगा।

वृश्चिक - साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। आप कोई कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं। आज किसी सामाजिक या राजनीतिक चर्चा में भाग ले सकते हैं।

धनु - आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

मकर - जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। भाइयों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

कुंभ - अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा। नकारात्मक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। दोपहर के बाद आपके विचारों में स्थिरता दिखाई देगी।

मीन - आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है। परिजनों के साथ समय आनंदपूर्वक गुजरेगा। धार्मिक कामों में खर्च होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## दो हजार से अधिक इजरायलियों, फिलिस्तीनियों को ऑस्ट्रेलियाई वीजा

**कैनबरा,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायल और हमास के बीच संघर्ष बढ़ने के बाद से दो हजार से अधिक फिलिस्तीनियों और इजरायलियों को अस्थायी ऑस्ट्रेलिया का वीजा दिया गया है। आस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। गृह विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार गत सात अक्टूबर से 20 नवंबर के बीच ऑस्ट्रेलिया से संबंध रखने वाले 2,500 से अधिक फिलिस्तीनियों और इजरायलियों को वीजा दिए गए। इनमें से 860 फिलिस्तीनियों के लिए और 1,793 इजरायलियों के लिए थे। श्री वांग ने कहा कि जाहिर तौर पर इस क्षेत्र में पात्र लोगों के लिए ऑस्ट्रेलियाई वीजा की बहुत मांग है। सरकारी मीडिया ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) के अनुसार इन लोगों को ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल और अधिकारियों द्वारा उसी सुरक्षा जांच के अधीन किया गया है जैसा कि किसी भी वीजा आवेदक को इसकी आवश्यकता होगी। समूह को उपवर्ग 600 आगंतुक वीजा जारी किए गए हैं, जो उन्हें तीन से 12 महीने के बीच ऑस्ट्रेलिया में रहने की अनुमति देते हैं।



## अमेरिका में गोलीबारी, भारतीय छात्र की मौत

न्यूयॉर्क, 23 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राज्य ओहियो में गोलीबारी की घटना के बाद सिनसिनाटी विश्वविद्यालय में 26 वर्षीय एक भारतीय डॉक्टरेट छात्र अपनी कार के अंदर मृत पाया गया। ओहियो स्थित डब्ल्यूएलडब्ल्यूटी समाचार चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, आदित्य अदलखा सिनसिनाटी के वेस्टर्न हिल्स वायाडक्ट पर गाड़ी चला रहे थे, जब इस महीने की शुरुआत में हुई गोलीबारी में उनके वाहन पर कई बार हमला किया गया। पुलिस ने कहा कि उन्हें अदलखा उस वाहन के अंदर मिला, जो एक दीवार से टकरा गया था, और चालक की तरफ की खिड़की में कम से कम तीन गोलियों के छेद दिखाई दे रहे थे। हैमिल्टन काउंटी कोरोनर कार्यालय ने कहा कि गोलीबारी के बाद यूसी मेडिकल सेंटर ले जाने के दो दिन बाद 11 नवंबर को अदलखा की मृत्यु हो गई।

## सिफर मामले में इमरान की पेशी के आदेश

**इस्लामाबाद,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में गुप्त राजनयिक केबल (सिफर) मामले की सुनवाई कर रहे विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन ने गुरुवार को पाकिस्तान तहरीक ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को 28 नवंबर को इस्लामाबाद में संघीय न्यायिक परिसर (एफजेसी) में पेश करने का निर्देश। उल्लेखनीय है कि सिफर मामला राजनयिक दस्तावेज़ से संबंधित है। इसके बारे में संघीय जांच एजेंसी के आरोप पत्र में श्री खान पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने इसे कभी वापस नहीं किया। पीटीआई लंबे समय से इस पर कायम है कि श्री खान को प्रधानमंत्री पद से हटाने के लिए अमेरिका की ओर से धमकी दी गई थी। पूर्व प्रधानमंत्री और उनके सहयोगी श्री कुरैशी मौजूदा समय में सलाखों के पीछे बंद हैं और दोनों को 23 अक्टूबर को इस मामले में दोषी ठहराया गया था, लेकिन उन्होंने खुद को निर्दोष बताया है। अदियाला जेल में मुकदमे पर सुनवाई चल रही है और चार गवाहों ने पहले ही अपने बयान दर्ज कर लिए हैं।



■ राजनयिक दस्तावेज से संबंधित है सिफर मामला

# यक्रेनी हमले में मारी गईं रूसी अभिनेत्री



**मास्को,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। रूसी सैन्य अवकाश के मौके पर कार्यक्रम पेश कर रहीं अभिनेत्री पोलिना मेन्शिख की यूक्रेन के हमले में निधन हो गया है।

अभिनेत्री रूस अधिकृत यूक्रेन के क्षेत्र के एक डांस हॉल में 19 नवंर को 'रूसी सैन्य अवकाश' मनाने के लिए एक शो कार्यक्रम पेश कर रही थीं। इस दौरान हुए हमले में वह घायल हो गयीं और बाद में उन्होंने अस्पताल में दम तोड़ दिया। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, 19 नवंबर को हमले के दौरान मेन्शिख रूसी सैन्यों के लिए प्रस्तुति दे रही थीं। हमले के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड हुआ है, जिसमें अभिनेत्री मंच पर गाते और गिटार बजाती हुई दिखाई देती हैं। उसी दौरान एक विस्फोट हुआ और हॉल की रोशनी बुझ जाती है। इस हमले में घायल सुश्री मेन्शिख बाद में अस्पताल में निधन हो गया। बीबीसी के अनुसार यूक्रेनी सेना के प्रवक्ता ने हमले की मीडिया रिपोर्टिंग की पुष्टि की है। अभिनेत्री से जुड़े सेंट पीटर्सबर्ग स्थित एक थिएटर स्टूडियो पोर्टल ने बताया गया कि उनके द्वारा पहले निर्देशित एक नाटक का आगामी प्रदर्शन उनकी स्मृति को समर्पित किया जाएगा।

■ जवानों के लिए दे रहीं थी कार्यक्रम



# स्पेन में ट्रेड यूनियनों की हड़ताल, हजारों ट्रेनें रद्द

**मेड्रिड,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। स्पेन में ट्रेड यूनियनों के हड़ताल के आह्वान के मद्देनजर राष्ट्रीय रेल नेटवर्क रेनफे ने 1,548 मध्यम और लंबी दूरी की ट्रेनों को रद्द कर दिया है। श्रमिकों के अधिकारों की गारंटी की मांग को लेकर स्थानीय ट्रेड यूनियनों ने 24 और 30 नवंबर तथा 01, 04 और 05 दिसंबर को हड़ताल का आह्वान किया है। हड़ताल में 15,000 श्रमिकों के शामिल होने की उम्मीद है। रेनफे ने ट्रेनों के रद्द किये जाने से प्रभावित यात्रियों को यथासंभव शेड्यूल पर रहने वाली अन्य ट्रेनों के लिए अपने टिकटों का आदान-प्रदान करने की पेशकश की है। यात्री अपना टिकट निःशुल्क रद्द या दूसरी तारीख के लिए बदल भी सकेंगे। स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते ने मंगलवार को अपना पदभार संभाला है। उन्होंने कहा है कि विवाद के समाधान के लिए यूनियनों के साथ फिर से संपर्क शुरू करेंगे। इससे पहले पूर्व मंत्री की टीम के साथ बैठकें विफल रही थी।

**आयोजन** दक्षिण पूर्व एशिया के बाजार में भारत के ज्वार-बाजरा उत्पादों का शोर

# इंडोनेशिया में लगा 5 दिवसीय 'मिलेट मेला'

जकार्ता, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। मिलेट यानी ज्वार-बाजरा श्रेणी के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बना कर भोजन में जलवायु-अनुकूल अनाज को प्रोत्साहित करने के लिए दक्षिण पूर्व एशियायी देशों के संघ आसियान के लिए भारतीय मिशन ने कृषि मंत्रालय के साथ मिलकर बुधवार को यहां इंडोनेशिया की राजधानी में आसियान-भारत मिलेट्स फेस्टिवल का आयोजन किया है। इस पांच दिवसीय महोत्सव में भारत के कई स्टार्ट-अप, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), निर्यातक और बाजरा उद्यमी भाग ले रहे हैं।

इस उत्सव का उद्देश्य ज्वार-बाजरा, जिसे भारत ने श्री अन्ना कहा जाता है, उसके गुणों और उपयोगिता के बारे में जागरूकता पैदा करना और इसे भोजन के पसंदीदा पसंदीदा भोजन विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना है।

■ जलवायु-अनुकूल अनाज को प्रोत्साहित करने की कोशिश

आसियान में भारत के राजदूत जयंत खोबरागड़े ने यहां विशेष रूप से आयोजित भारतीय नृत्य और संगीत कार्यक्रम के बीच महोत्सव के उद्घाटन के बाद अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल 7 सितंबर को आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लिया और उसमें अपनाए गए संयुक्त बयानों में से एक खाद्य सुरक्षा पर था, और देखिए, उसके बाद दो महीने में ही हम बाजरा उत्सव मना रहे हैं जिसमें खाद्य सुरक्षा का विषय भी शामिल है । यह दर्शाता है कि हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी कितने प्रभावी ढंग से काम कर रही है।,



उद्घाटन समारोह में इंडोनेशिया की राष्ट्रीय खाद्य एजेंसी के प्रतिनिधि एरीफ प्रासेत्यो आदि ने कहा कि आसियान-भारत मिलेट्स महोत्सव पोषण और पर्यावरणीय दशाओं से लेकर आर्थिक विकास तक ज्वार-बाजरा श्रेणी के उत्पादों के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है।

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में अतिरिक्त सचिव डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी ने कहा, चूंकि मिलेट्स कोई एक एकल फसल नहीं हैं बल्कि और बहुत ही विविधता वाली विभिन्न फसलों का एक समूह है, जिसमें एक सामान्य विशेषता है कि ये फसले जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने में सहायक, कृषकों के साथ-साथ उपभोक्ताओं के लिए भी स्वस्थ फसल हैं, ज्वार-बाजार श्रेणी की फसलों की खेती दुनिया भर के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में पोषण प्रदान कर सकते हैं।'' इस कार्यक्रम में ज्वार-बाजार के बाजार में काम कर रहे भारतीय उद्यमियों के अलावा, कई इंडोनेशियाई फर्मों ने भी भाग लिया है।

## आज का इतिहास

1675– सिक्खों के नौवें गुरु गुरु तेग़ बहादुर का निधन हुआ।
1759 – इटली में विसूवियस पर्वत शिखर पर ज्वालामुखी विस्फोट हुआ।
1831 – ब्रिटेन के भौतिकशास्त्री माइकल फेरेडे ने बिजली की खोज की।
1832 – दक्षिण कैरोलिना ने अधिसूचना का अध्यादेश पारित किया।
1859 – चार्ल्स डार्विन की 'ऑन द ओरिजिन आफ स्पेशीज' का प्रकाशन।
1871 – राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन का आयोजन किया गया।
1874 – अमेरिका के खोजकर्ता जोसेफ फरवेल ग्लिडन ने वाणिज्यिक रूप से सफल कांटेदार तार का पेटेंट हासिल किया।
1877 – डिप्टी कमिश्नर बनने वाले पहले हिंदुस्तानी कवासाजी जमाशेदजी पेटिगरा का जन्म।
1899– प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ एवं राजस्थान के प्रथम मुख्यमंत्री हीरा लाल शास्त्री का जन्म हुआ।
1903 – क्लाइड कोलमैन ने ऑटोमोबाइल इलेक्ट्रिक स्टार्टर का पेटेंट कराया।
1904 – पहला सफल कैटरपिलर ट्रैक का निर्माण किया गया।
1914 – बेनिटो मुसोलिनी को इटालियन समाजवादी पार्टी से बाहर निकला गया।
1926 – प्रख्यात दार्शनिक श्री अरविंदो को पूर्ण सिद्धि की प्राप्ति हुई।
1929– प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ तथा बिहार, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रहे मोहम्मद शफ़ी कुरैशी का जन्म हुआ।
1944 – प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता एवं फिल्म निर्देशक अमोल पालेकर का जन-?म हुआ।
1955– इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और अब कमेंटेटर इयान बॉथम का जन्म हुआ।
1961 – विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्लूएफपी) को संयुक्त राष्ट्र के अस्थायी कार्यक्रम में शामिल किया गया।
1966 – कांगो की राजधानी किंसासा में पहला टीवी स्टेशन खुला।
1976 – पूर्वी तुर्की में ओलादिरन-मुरादी के भूकंप ने कम से कम 4,000 लोगों की जान ली।

## वर्ग पहेली 6385



**बायें से दायें:-**

१. मधु दैत्य का वध करने वाले श्रीकृष्ण, भौंरा
४. जिसका विरोध न हुआ हो, स्वच्छंद, श्रीकृष्ण के प्रपौत्र
६. लौटना, वापस आना
७. हालत, दशा, आनंद, मजा, रंग
८. झूठ, झूठी बात
१०. फौरन
११. नियम बनाने वाला, व्यवस्थापक, नियंता
१३. पृष्ठ या पन्ने के चारों ओर का प्रायः सादा किनारा
१४. कोमल
१५. चंदन
१७. दया, कृपा (उर्दू)
१९. चेहरे पर का काला धब्बा, ख़िजाब
२१. दर्शन करना, निहारना
२२. किसी दल का गिरोह या प्रधान
२४. मछुआरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. फूलों का पराग
२. सूर्य पुत्री, यमुना
३. नया आया हुआ
४. बेहद
५. अपमानित, बदनामी (उर्दू)
९. रूढ़िवादी (उर्दू)
११. व्यर्थ, बेकार, फलरहित
१२. कामदेव
१३. स्थिति, दशा (उर्दू)
१४. कमल
१५. शिव
१६. नाम के अनुरूप
१८. रक्तपान करने वाला
१९. कछुआ
२०. उपाधि, खिताब
२३. दिनांक

### वर्ग पहेली-6384

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ नौ | ज | २ ला | ध्य | ३ क्ष | ■ | ४ पा | की | ५ ज | गी |
| नि | ■ | व | ■ | ६ मा | हि | र | ■ | रू | ■ |
| ७ हा | सि | ल | ■ | या | ■ | ८ प | धा | र | ९ ना |
| ल | ■ | श्क | ■ | १० च | रि | त्र | ■ | ■ | व |
| ■ | ११ ब | र | १२ स | ना | ■ | ■ | १३ उ | त्क | च |
| ■ | चा | ■ | चे | ■ | १४ सं | जी | दा | ■ | ला |
| १५ न | व | १६ जा | त | ■ | प | ■ | १७ र | १८ ह | ना |
| व | ■ | दू | ■ | १९ खि | न्न | २० ता | ■ | सी | ■ |
| २१ ल | वं | ग | ■ | ल | ■ | २२ र | त | ना | २३ र |
| ता | ■ | २४ र | च | ना | त्म | क | ■ | ■ | ण |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

# चीन में बड़े पैमाने पर निमोनिया का शिकार हो रहे हैं बच्चे : रिपोर्ट

**बीजिंग,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। चीन में बड़े पैमाने पर बच्चे निमोनिया का शिकार हो रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, इससे देश के बाल चिकित्सा अस्पतालों में भारी भीड़ है। इस बीमारी का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। बच्चों में मुख्य रूप से तेज बुखार सहित कई लक्षण दिखाई दे रहे हैं, कुछ बच्चों में फुफ्फुसीय नोड्यूल विकसित हो रहे हैं। अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि संक्रमण घातक है। इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर इंफेक्शियस डिजीज की ऑनलाइन रिपोर्टिंग प्रणाली प्रोमेड मेल पर एक पोस्ट में कहा गया, %%ये रिपोर्टें 2019 के अंत में वुहान में एक रहस्यमय निमोनिया के प्रकोप की शुरुआती रिपोर्टों के समान हैं, जिसने कोविड -19 की शुरुआत की, जिससे माता-पिता सवाल करने लगे कि क्या अधिकारी महामारी को कवर कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि चीन में निमोनिया के प्रकोप ने बीजिंग, लियाओनिंग और अन्य स्थानों के बाल चिकित्सा अस्पतालों को बीमार बच्चों से भर दिया है। स्कूल और कक्षाएं भी निलंबित होने की कगार पर हैं।

# प्रादेशिकी

## हिमाचल में गैस सिलेंडर फटने से बुरी तरह झुलसा युवक

**शिमला,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में शिमला जिला के ग्राम पंचायत शोली के गडासू में सिलेंडर फटने से आग की चपेट में आने से एक युवक बुरी तरह से झुलस गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के उपमंडल रामपुर के ननखड़ी के गडासू में यह घटना घटी। हालांकि राहत की बात यह है कि युवक की हालत खतरे से बाहर है। गडासू में रसोई घर में रखें गैस सिलेंडर के फटने से जोरदार धमाका हुआ। इस दौरान आग की चपेट में योग राज (33) पुत्र ठाकुर सेन आ गया जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। लिहाज़ा मौके पर मौजूद ग्रामीणों और परिवार के सदस्यों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। साथ ही योगराज को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

## सुक्खू ने श्रीनिवास रामानुजन स्टूडेंट् डिजिटल योजना का शुभारंभ किया



- पोर्टमोर स्कूल के सभी क्लासरूम को स्मार्ट बनाने की घोषणा
- अगले बजट में विशेष बच्चों के उत्थान के लिए आएगी योजना
- मुख्यमंत्री ने 5 करोड़ रुपए से बनने वाले कन्या छात्रावास की आधारशिला रखी

**शिमला,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज राजकीय कन्या मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में छात्राओं के लिए 5 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले छात्रावास का शिलान्यास किया और सभी कक्षाओं को स्मार्ट क्लास में बदलने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2021-22 के मेधावी विद्यार्थियों को श्रीनिवास रामानुजन योजना के तहत टेबलेट प्रदान करने का शुभारम्भ किया और 16 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि टेबलेट प्राप्त करने वाले प्रदेश के कुल 10,540 विद्यार्थियों में से 7,520 बालिकाएं हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार की योजना बनाई जा रही है। अध्यापकों की कमी को दूर किया जा रहा है और अगले शैक्षणिक सत्र से शिक्षा में सुधार के लिए कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले 10 स्कूलों को राज्य स्तर तथा जिला स्तर पर 5-5 स्कूलों का चयन किया जाएगा। विद्यार्थियों की स्मार्ट यूनिफार्म का फैसला एसएमसी और स्कूल प्रबंधन करेंगे। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर और कक्षाओं में सुधार लाया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों के सीखने के बेहतर अनुभव प्राप्त हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी राजकीय डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने जा रही है, जहां विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के उपाय किए जाएंगे।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के 4000 अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' का दर्जा दिया, जिसके तहत उनकी देख-रेख, शिक्षा और आत्मनिर्भर बनाने का जिम्मा राज्य सरकार का कानूनी दायित्व है। उन्होंने कहा कि विशेष बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए अगले बजट में एक योजना लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मेधावी छात्राओं को ई-स्कूटी खरीदने के लिए 25 हजार रुपए का अनुदान प्रदान कर रही है। सुविधाओं के अभाव में कोई विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए राज्य सरकार ने डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना शुरू की है, जिसके तहत उच्च शिक्षा के लिए एक प्रतिशत ब्याज पर 20 लाख रुपए तक ऋण उपलब्ध करवा रही है। इस योजना के तहत प्रदेश सरकार एडमिशन फीस की पहली किश्त उपायुक्त के माध्यम से प्रदान करेगी ताकि ऋण मिलने में देरी होने के कारण उसे एडमिशन से हाथ न धोना पड़े।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दे रही है। बेटियों की शादी की आयु को बढ़ाने पर भी विचार चल रहा है और कानूनी पहलुओं का अध्ययन करने के लिए सचिव स्तर का ग्रुप बनाया जा रहा है। इससे बेटियों को जीवन में आगे बढ़ने के और अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा के क्षेत्र में बेटियां आगे बढ़ रही हैं और आने वाले समय में राजनीति में भी उन्हें अवसर मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि रास्ते में जाते हुए कुछ छोटी बच्चियों ने उन्हें स्कूल आने का आग्रह किया और उनके अनुरोध पर ही वह इस कार्यक्रम में आए हैं। उन्होंने अपने छात्र व राजनीतिक जीवन के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि दृढ़ निश्चय, मेहनत और लग्न से निरंतर अपने ध्येय की ओर अग्रसर रहने से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए स्कूल को एक लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा की।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि यह विद्यालय प्रदेश के उत्कृष्ट विद्यालयों में से एक है। इसका समृद्ध इतिहास है तथा प्रदेश भर से छात्राएं इस स्कूल में पढ़ने के लिए आती हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध करवा रही है। शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पोर्टमोर स्कूल में कन्या छात्रावास के निर्माण के लिए पांच करोड़ रुपए प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पुरस्कार पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विधायक हरीश जनारथा ने छात्रावास की मांग को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे यहां पढ़ने वाली छात्राओं को सुविधा मिलेगी।

## एक साल गुजर चुका, अभी तक मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए 80 करोड़ खर्च करके जमीन समतल हो पाई

**शिमला,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश के नालागढ़ के लखनपुर में बनने जा रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में पहले चरण में भूमि को समतल करने का कार्य पूरा हुआ है। उसके बाद दूसरे चरण में दो भवनों और एक प्रशासनिक भवन निर्माण शुरू हुआ है। पांच बोर वैल से जल आपूर्ति करने के लिए इस माह के अंत में निविदा प्रक्रिया पूरी होगी। पहाड़ी भोगोलिक क्षेत्र होने के कारण जमीन को निर्माण योग्य करने पर 80 करोड़ खर्च हो चुके हैं। भूमि को समतल करने का कार्य कर रही कंपनी ने तीस फीसदी कटौती की। 394.83 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाला मेडिकल डिवाइस पार्क तय समय पर पूरा नहीं हो पाएगा। अब पार्क के निर्माण की अवधि 31 मार्च 2025 तय की गई है।

2022 में हो चुकी है औपचारिकताएं पूरी

150 तरह के चिकित्सा उपकरणों को तैयार किया जाएगा। पार्क में उद्योग स्थापित करने के लिए अब तक 10 उद्योगपतियों ने सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। करीब पांच हजार करोड़ रुपये का निवेश पार्क में किया जा रहा है। लखनपुर में करीब 301 एकड़ भूमि पर इसे स्थापित किया जा रहा है। इस पार्क में यूनिट लगाने वाले उद्योगों को सरकार एक रुपये प्रति स्क्वेयर मीटर पर जमीन मुहैया करवाएगी। इसके अलावा तीन रुपये प्रति यूनिट पर इन उद्योगों को बिजली प्रदान की जाएगी। युवाओं को रोजगार भी मुहैया होगा।मेडिकल डिवाइस पार्क में कैंसर केयर, रेडियो थेरेपी, रेडियोलाजी एंड इमेजिंग, इंप्लांटेबल तथा दंत चिकित्सा, स्टेंट व हड्डी जोड़ने सहित अन्य करीब 150 चिकित्सा उपकरणों का उत्पादन किया जाएगा।

पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण निर्माण महंगा

उद्योग एवं संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान का कहना है कि पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण निर्माण मैदानी राज्यों की अपेक्षा महंगा है। यही वजह है कि मेडिकल डिवाइस पार्क निर्माण स्थल को समतल करने में 80 करोड़ का खर्च आ चुका है। अब पार्क में भवन निर्माण कार्य शुरू किया गया है और निर्माण कार्य पूरा करने में समय लगेगा।

### विभाग प्रदान करेगा लाइसेंस

राज्य दवा नियंत्रक नवनीत मरवाह का कहना है कि मेडिकल डिवाइस पार्क स्थापित करने के लिए विभाग लाइसेंस प्रदान करेगा। उद्योगपति आनलाइन भी लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं। वर्तमान में दुनिया का 40 प्रतिशत चिकित्सा उपकरण अमेरिका, जबकि 25 प्रतिशत यूरोप व 20 प्रतिशत जापान बनाता है। 20 प्रतिशत दुनिया के अन्य देश उत्पादन करते हैं। भारत में 65 प्रतिशत उपकरण आयात किए जाते हैं। नालागढ़ में मेडिकल डिवाइस पार्क बनने के बाद विदेशों पर भारत की निर्भरता कम होगी तथा देशवासियों को सस्ते दाम पर ये मिल सकेंगे।

## गन्ना किसानों का अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी, रेल यातायात रोका

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर-लुधियाना राष्ट्रीय राजमार्ग के जालंधर-फगवाड़ा खंड पर धानोवाली गांव के पास गन्ने का समर्थन मूल्य 380 रुपये से बढ़ाकर 450 रुपये प्रति क्विंटल करने और चीनी मिलों को चालू करने की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्यों द्वारा मंगलवार से शुरू अनिश्चितकालीन धरना आज भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन के तीसरे दिन आज किसानों ने रेल पटरियों पर धरना लगा कर रेल यातायात को भी बंद कर दिया है। धरने के कारण जालंधर लुधियाना राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर भारी जाम की स्थित है जिसमें हजारों मुसाफिर फंसे हुए हैं। रेल पटरियों पर धरने के कारण कई ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। फगवाड़ा के पास अमृतसर शताब्दी 12031 को रोक दिया गया। किसानों ने 15707 आम्रपाली एक्सप्रेस को चहेड़ू में रोक दिया। रेलवे विभाग की ओर से अभी तक 14 रेल गाड़ियों को डायवर्ट किया गया है जबकि चार रेल गाड़ियों को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। अमृतसर से जालंधर और जालंधर से जम्मू जाने वाले रूट पर ही रेल गाड़ियों को चलाया जा रहा है। अभी तक राष्ट्रीय मार्ग के दोनों तरफ चल रही सर्विस लेन पर भी ट्रैफिक बंद कर देने का एलान कर दिया है। संयुक्त किसान मोर्चा के अध्यक्ष बलविंदर सिंह मल्ली ने कहा धरने में कोई बदलाव नहीं होगा। रेलवे ट्रैक पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इस मामले में बुधवार को चंडीगढ़ में किसानों की बैठक की जानी थी, लेकिन बैठक न होने से किसानों का सरकार के प्रति गुस्सा फूट पड़ा है। किसानों ने घोषणा की है कि जब तक पंजाब सरकार गन्ने का रेट बढ़ाने की मांग नहीं मान लेती, तब तक धरना जारी रहेगा। इसके बाद किसान संगठन 26 नवंबर को चंडीगढ़ कूच करेंगे।

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत ऑनलाइन गीता प्रश्नमाला का शुभारंभ 26 से

**सिरसा।** हरियाणा में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की ओर से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को लेकर आम नागरिकों और विद्यार्थियों के लिए 26 नवंबर से छह दिसंबर तक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता (गीता प्रश्नमाला) का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जारी है। हरियाणा, असम सहित अन्य प्रदेश के नागरिक और विद्यार्थी पंजीकरण कराकर प्रतियोगिता में भागीदार बन सकते हैं। पंजीकरण के समय जो ओटीपी आएगा वहीं आपका पासवर्ड रहेगा तथा आपका फोन नम्बर लॉगिन आईडी रहेगा। गीता प्रश्नमाला का शुभारंभ रविवार (26 नवंबर) से होगा, जिसके तहत प्रतिदिन गीता, महाभारत, 48 कोस तीर्थ से संबंधित पांच प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रतिभागियों को प्रश्न के ऑनलाइन जवाब देने होंगे।

## सुडोकू 6385 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 4 | 3 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 |
| 1 | 3 | 9 | 8 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 4 | 7 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 3 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 2 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 5 | 3 | 4 | 6 |

## कांग्रेस के पास झूठ बोलने के अलावा कोई विकल्प नहीं : आर डी मलिक



**नई दिल्ली** 23 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में चुनाव प्रचार करने पहुंचे दिल्ली भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह-संयोजक रामदास मलिक ने कहा कि कांग्रेस के पास झूठ बोलने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। करोली विधानसभा में चुनाव प्रचार करने पहुंचे भाजपा नेता मालिक ने अशोक गहलोत की सरकार पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आर पी सिंह और राजस्थान भाजपा के प्रवक्ता शैलेन्द्र सिंह गुर्जर भी मौजूद रहे। मलिक ने आगे कहा कि राजस्थान में घोटाले वाली सरकार चल रही है, कांग्रेस भ्रष्टाचार में नंबर 1 पार्टी है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती हैं। गहलोत सरकार पर बोलते हुए मालिक ने कहा कि राजस्थान की सरकार महिला, युवा विरोधी है। उन्होंने शोभायात्रा में पथराव को लेकर कहा गहलोत सरकार के राज्य में हिन्दू त्यौहारों पर हमला किया जाता हैं और राज्य सरकार चुप बैठी है। उन्होंने कहा, जब जब हिन्दू त्योहार होता है राज्य में धारा 144 लगा दी जाती है।

उन्होंने गहलोत सरकार की गारंटियों पर बोलते हुए कहा कि इनकी अपनी गारंटी नहीं है। इनका युवा नेता सचिन पायलट और इनके विधायकों में विरोध हुआ वो दूसरों को क्या गारंटी देंगे।

## रेखा आर्या ने रवाना किए विकसित भारत संकल्प यात्रा के वाहन भारत सरकार से अल्मोडा जनपद को मिले 29 वाहन



**अल्मोड़ा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या गुरूवार को अल्मोड़ा जनपद पहुंची जहां काबीना मंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यों में भारत सरकार की 17 प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं से लक्षित लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाना है। इसके अंतर्गत भारत सरकार ने जनपदों में गाडियां उपलब्ध कराई गई हैं। इन गाड़ियों के माध्यम से सभी गांव तक पहुंचकर लोगों को केंद्र सरकार की प्रमुख 17 योजनाओं से संतृप्त करना है। कहा कि इस यात्रा के सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बीते दिनों महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई थी। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर समितियों का गठन कर दिया जाए जो विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन एवं ग्राम तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करेंगे एवं योजनाओं की जानकारियां उपलब्ध कराएंगे। कहा कि भारत सरकार से 29 वाहन इस यात्रा के लिए जनपद अल्मोड़ा के लिए मिले हैं। इन सभी वाहनों के लिए रूट चार्ट तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा 20 दिनों में जनपद की सभी ग्राम पंचायतों को इस विकसित भारत संकल्प यात्रा से अच्छादित कर लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा हेतु ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी भी नामित किए गए हैं, जिनका दायित्व यह होगा कि रूट के अनुसार वाहन ग्राम पंचायत में पहुंचे, इसकी जानकारी सभी ग्रामीणों को पूर्व से उपलब्ध कराई जाए तथा यह सुनिश्चित हो कि केंद्र सरकार की उक्त योजनाओं से सभी पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाए।

## एचटेट की परीक्षा के मद्देनजर निषेधाज्ञा लागू

**सिरसा,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा दो और तीन दिसंबर को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिले के परीक्षा केंद्रों की परिधि निषेधाज्ञा लागू करने के आदेश जारी किए है। इन आदेशों के तहत जिला में परीक्षा केंद्रों की 500 मीटर की परिधि में कोई भी व्यक्ति घातक हथियार, अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक सामग्री लेकर नहीं चल सकता।

जिलाधीश पार्थ गुप्ता के आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से केंद्र में प्रवेश नहीं कर सकता है। आदेशों की अवहेलना करने वाले तथा असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। परीक्षा केंद्रों के नजदीक 500 मीटर की परिधि में सभी फोटो स्टेट की दुकानें भी बंद रहेगी। ये आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस या अन्य सरकारी अधिकारी, कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। इन आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ धारा 188 के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

गौरतलब है कि एचटेट लेवल तीन की परीक्षा दो दिसंबर को अपराह्न तीन बजे से शाम साढ़े पांच बजे, लेवल दो की परीक्षा तीन दिसंबर को सुबह 10 बजे से अपराह्न साढ़े 12 बजे तक तथा लेवल एक की परीक्षा अपराह्न तीन बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक जिले में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी।

## हिमाचल प्रदेश में 27 नवंबर को भारी हिमपात और बारिश का अनुमान

**शिमला,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने हिमाचल प्रदेश में चालू सप्ताह के दौरान शुष्क मौसम के अनुमान जताये हैं, लेकिन इसकी सिनोप्टिक प्रणाली ने संकेत दिया है कि अगले सोमवार को राज्य में भारी बर्फबारी और बारिश हो सकती है जिससे तापमान में अचानक गिरावट आने के आसार हैं। विभाग ने कहा कि वर्तमान में उत्तरी पश्चिमी हिमालयी राज्यों को तड़के कोहरे के मौसम का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन न्यूनतम और अधिकतम तापमान मुख्य रूप से सामान्य है।

अगले दो से तीन दिनों में अधिकतम तापमान में मामूली सुधार होने के आसार हैं। अगले सप्ताह हालांकि एक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तरी पश्चिमी हिमालय के कई हिस्सों में आने का अनुमान है और यह 27 नवंबर की दोपहर से भारी बर्फबारी और बारिश ला सकता है।

राज्य में 27 से 28 नवंबर तक शीतलहर का प्रभाव रहने के अनुमान जताये गये हैं और 29 और 30 नवंबर को तापमान सामान्य रहेगा। हिमपात के जल्दी बढ़ने से दिसंबर में शीत लहर की स्थिति तेज हो सकती है और राज्य में क्रिसमस और नए साल के दिनों में हिमपात के आसार हैं। आईएमडी सिनोप्टिक विशेषताओं के अनुसार डब्ल्यूडी मध्य-क्षोभमंडल स्तर में एक गर्त के रूप में अब मोटे तौर पर लॉन्ग के साथ चलता है। आईएमडी ने चेतावनी दी है कि पहाड़ों में गाड़ी चलाते समय ड्राइवरों और यात्रियों को तेज गति का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि मैदानी इलाकों सहित, कई उत्तर पश्चिमी राज्यों में अगले कुछ दिनों के भीतर कोहरे की स्थिति तेज होने के आसार हैं क्योंकि यात्रियों को ट्रेनों की आवाजाही में देरी का सामना करना पड़ सकता है और इसके कारण यातायात जाम हो सकता है। इस सप्ताहांत तक कोहरे के मौसम की स्थिति के कारण दृश्यता में अचानक गिरावट आयी है।

## धामी रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए ग्राउण्ड जीरों पर मौजूद

■ अमर नाथ तिवारी



- केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह पहुंचे उत्तरकाशी
- टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का किया निरीक्षण
- बाबा बौखनाग का लिया आशीर्वाद

**देहरादून,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। सीएम पुष्कर सिंह धामी एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल (रिटा.) वीके सिंह ने गुरुवार को सिलक्यारा पहुंचकर सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने टनल में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने टनल के प्रवेश द्वार पर स्थित बाबा बौखनाग के मंदिर पर शीश नवाते हुए आशीर्वाद लिया एवं सभी श्रमिकों के जल्द रेस्क्यू होने की कामना की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय टनल विशेषज्ञ प्रो अर्नोल्ड डिक्स से सुरंग में चल रहे रेस्क्यू अभियान के तकनीकी पक्ष के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनल में स्थापित ऑडियो कम्युनिकेशन सेटअप के माध्यम से अंदर फंसे श्रमिकों से बात की। उन्होंने श्रमिकों का हाल चाल जानते हुए उनका हौसला आफजाई की। श्रमिकों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर स्थिति पर नजर बनाएं हुए हैं और नियमित रूप से रेस्क्यू अभियान की प्रगति की जानकारी ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने रेस्क्यू ऑपरेशन में रात दिन जुटे श्रमिकों से भी बात कर उनकी पीठ थपथपाई। इस दौरान सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन, एमडी एनएचआईडीसीएल महमूद अहमद, कमिश्नर गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडे, सचिव डॉ. नीरज खैरवाल, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### सभी की मेहनत से रेस्क्यू कार्य सफलता की ओर बढ़ रहा

देहरादून। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा आप सभी की मेहनत से रेस्क्यू कार्य सफलता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा टनल में फंसी बहुमूल्य जिंदगियों को बचाने में श्रमिकों का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा रेस्क्यू ऑपरेशन में रात दिन जुटे श्रमिकों को किसी तरह की दिक्कत ना हो इसका भी विशेष ध्यान रखा गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ड्रिलिंग के दौरान पाइप के मुहाने पर फंसे धातु के टुकड़ों को पाइप के अंदर रेंगकर काटने के अत्यंत दुष्कर कार्य को सफलता पूर्वक अंजाम देने वाले श्रमिक प्रदीप यादव एवं बलविंदर की भी सराहना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऑगर मशीन से ड्रिलिंग की प्रक्रिया की भी जानकारी ली। उन्होंने टनल में फंसे श्रमिकों को भेजे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की। मुख्यमंत्री ने कहा श्रमिकों को निकालने के लिए हर संभव प्रयास जारी रहे। हम सभी की प्राथमिकता उन्हें सुरक्षित बाहर निकालना है। सीएम पुष्कर सिंह धामी एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल (रिटा.) वीके सिंह ने राहत बचाव कार्य में जुटे एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस जवानों स्वास्थ्य कर्मियों एवं इंजीनियरो से भी मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया।

## निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिये दो करोड़ 83 लाख रुपये की राशि मंजूर

**जालंधर,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। पंजाब में जालंधर के जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने पंजाब भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड अधीन जिले में पंजीकृत 1146 निर्माण श्रमिकों के लिये विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत दो करोड़ 83 लाख 92 हजार रुपये की राशि मंजूर की है। उपायुक्त ने कहा कि श्रमिक बोर्ड अधीन मिस्त्री, ईंटों/सीमेंट पकड़ाने वाले मजदूर, प्लंबर, बढ़ई, वेल्डर, इलेक्ट्रिशयन अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सरकारी, अर्ध-सरकारी या निजी संस्थान के उत्पादन, भवन, सड़क, नहर, बिजली बांट, टेलीफोन, तार, रेडियो, रेलवे, हवाई अड्डे आदि में निर्माण, मुरम्मत, रख-रखाव या तोडने-हटाने के काम के लिए कौशल/काम करने वाले व्यक्ति अर्ध-कौशल कारीगर या सुपरवाइजर के तौर पर सैलरी या मेहनतनामा लेकर काम करने वाले व्यक्ति भी अपना पंजीकरण करवाने के पात्र हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले के सभी योग्य श्रमिकों को पंजाब भवन एवं अन्य कंस्ट्रक्शन वर्कर्स कल्याण बोर्ड द्वारा चलायी जा रही विभिन्न भलायी योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जागरूक किया जाये। उन्होंने मजदूरों से अपील की कि पंजाब सरकार द्वारा भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिये अपना रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने को कहा। पंजाब भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड से रजिस्ट्रेशन प्राप्त करने के लिये, योग्य लाभपात्रियों की आयु 18 से 60 वर्ष में होनी चाहिये और उसने पिछले 12 महीनों के दौरान पंजाब में 90 दिन निर्माण मजदूर के तौर पर काम किया हो। उन्होंने कहा कि लाभपात्री अपने और परिवारिक सदस्यों के आधार कार्ड, बैंक खाते की कापी, जन्म तिथि का प्रमाण, पारिवारिक फोटो और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने नजदीकी सेवा केंद्र में जा सकते हैं।



### पंजाब मुख्यमंत्री राहत कोष में 7.63 लाख रु का योगदान

पंजाब के बाढ़ प्रभावित लोगों को वित्तीय राहत देने के लिये कौंसिल ऑफ जूनियर इंजीनियर्स (पीएसईबी) द्वारा गुरुवार को बिजली मंत्री हरभजन सिंह ई. टी. ओ को पंजाब मुख्यमंत्री राहत फंड के लिये पांच लाख रुपये का चेक सौंपा गया। कौंसिल द्वारा नवंबर 2023 के महीने के दौरान इस राहत फंड में कुल 7 62,500 रुपये का योगदान डाला गया है। कौंसिल की तरफ से किये गये इस प्रयास की सराहना करते हुये बिजली मंत्री हरभजन सिंह ई. टी. ओ ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत फंड में ऐसा योगदान राज्य के लोगों को ज़रूरत के समय सहायता प्रदान करने में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि पीएसईबी के जूनियर इंजीनियरों की तरफ से राज्य में बिजली के बुनियादी ढांचे की मज़बूती के लिये डाले योगदान से सभी अवगत हैं।

## उद्योग मंत्री ने इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का दौरा किया

शिमला, 23 नवम्बर (देशबन्धु)। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आज प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित किए जा रहे इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्टॉलों से फीडबैक लिया तथा हिमाचल मंडप प्रबन्धन की सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के विकास, नवोन्मेषी प्रयासों, पहल तथा समृद्ध कला एवं संस्कृति को देश के सामने प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

उद्योग मंत्री ने उड़ीसा, असम, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक तथा अन्य राज्यों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन एवं हस्तशिल्पियों से संवाद भी किया। उन्होंने विभिन्न उद्यमियों से हिमाचल में पर्यटन, उद्योग तथा अन्य क्षेत्रों में निवेश के लिए प्रोत्साहित भी किया।

इस अवसर पर अवगत करवाया गया कि हिमाचल मंडप में अभी तक लगभग 80 हजार आगंतुक अपनी उपस्थिति दर्ज करवा चुके हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी के.एस. बांशटू भी उपस्थित थे। इससे पूर्व, आवासीय आयुक्त मीरा मोहन्ती, निदेशक उद्योग राकेश कुमार प्रजापति, अतिरिक्त निदेशक उद्योग सुरेन्द्र माल्टू व तिलक राज शर्मा, संयुक्त निदेशक ज्ञान सिंह चौहान और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उद्योग मंत्री का स्वागत किया तथा ट्रेड फेयर की विस्तृत जानकारी दी।


# प्रादेशिकी

**साड़ों से बच्चे बुजुर्गो को नहीं बचा पा रही है भाजपा सरकार: अखिलेश**

मैनपुरी, 23 नवम्बर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार करोड़ो रूपए खर्च करके भी बच्चों और बुजुर्गो को सांडों से बचा नहीं पा रही। जिले के घुटारा गांव में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि बच्चे डर की वजह से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं और बूढ़े डर की वजह से घर से नहीं निकल रहे हैं। प्रदेश में किसान,गरीब,बेरोजगार समस्याग्रस्त हैं और सरकार उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है। सपा 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हरायेगी। भाजपा जनता की समस्याओं पर बात नहीं करती और न जनता के मुद्दों पर चुनाव लड़ती है। भाजपा धार्मिक मुद्दों पर चुनाव लड़ती है, धर्म के नाम पर वोट मांगती है। उन्होने कहा कि किसानों को फसल की उपज का सही दाम नहीं मिल पा रहा है।

## मोदी के नेतृत्व में देश ने किए एक नए भारत के दर्शन: योगी

**लखनऊ/मथुरा,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश के 142 करोड़ की आबादी ने एक नए भारत का दर्शन किया है। रेलवे ग्राउंड में चल रहे ब्रजरज उत्सव 2023 में शिरकत करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का योगी आदित्यनाथ ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। यहां पर पीएम मोदी ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर प्रांगण में मौजूद सभी चार मंदिरों के दर्शन कर पूजन किया। सबसे पहले उन्होंने प्राचीन आदिकेशव भगवान का दर्शन पूजन किया। इसके बाद पीएम ने योगमाया मंदिर में मां योगमाया के दर्शन किए। फिर गर्भगृह में श्रीकृष्ण के दर्शन और पूजन किया। इसके बाद भागवत भवन में पीएम मोदी ने दर्शन पूजन किया। इस दौरान तीन पंडितों ने उनकी पूजा संपन्न कराई। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के सचिव ने एक तस्वीर श्री मोदी को भेंट की। दर्शन पूजन के बाद पीएम मोदी का काफिला ब्रजरज उत्सव के लिए रवाना हो गए। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नए भारत का वैश्विक मंच पर सम्मान बढ़ा है। आज दुनिया में आप कहीं भी जाते हैं तो पूरी दुनिया पलक पावड़े बिछा करके आपका अभिनंदन करती है। ऐसे में 142 करोड़ का भारत अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता है। श्री मोदी के नेतृत्व में भारत



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश के 142 करोड़ की आबादी ने एक नए भारत का दर्शन किया है, आज दुनिया में आप कहीं भी जाते हैं तो पूरी दुनिया पलक पावड़े बिछा करके आपका अभिनंदन करती है : योगी आदित्यनाथ**

की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। उनके 9.5 वर्षों में देश की हर समस्या के समाधान को एक मार्ग दिखा करके उसे समाधान तक पहुंचाया गया है। भारत के सर्वांगीण विकास की कार्य योजना 9.5 वर्षों के अंदर बनाना और उसका प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन भी पीएम नेतृत्व में हुआ है। आज भारत एक नए रूप में विकसित भारत की रूपरेखा दुनिया के सामने प्रस्तुत करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक भारत है और श्रेष्ठ भारत भी है। जो विकास भी करता है और गरीब कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू भी करता है। यह नया भारत अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति भी करता है और उनके पुनरुद्धार की कार्य योजनाओं को व्यवस्थित तरीके से बढ़ा करके आने वाली पीढ़ी के लिए नई प्रेरणा भी प्रस्तुत करता है।

### अब वो दिन दूर नहीं जब भगवान कृष्ण के दर्शन और भी दिव्य रूप में होंगे: मोदी

लखनऊ/ मथुरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ब्रज क्षेत्र ने मुश्किल से मुश्किल समय में भी देश को संभाले रखा, लेकिन जब देश आजाद हुआ तो जो महत्व इस पवित्र तीर्थ को मिलना चाहिए था वो हुआ नहीं। जो लोग भारत को उसके अतीत से काटना चाहते थे, जो लोग भारत की संस्कृति और उसकी आध्यात्मिक पहचान से विरक्त थे, जो आजादी के बाद भी गुलामी की मानसिकता नहीं त्याग पाए उन्होंने ब्रज भूमि को भी विकास से वंचित रखा। लेकिन अब राम मंदिर की तिथि भी आ गई है। अब वो दिन दूर नहीं जब यहां भगवान कृष्ण के दर्शन और भी दिव्य रूप में होंगे।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को मथुरा पहुंचे, जहां वह कृष्ण की भक्त व कवयित्री मीराबाई की 525वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम ब्रजरज उत्सव-2023 में शामिल हुए। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत हमेशा से नारीशक्ति का पूजन करने वाला देश रहा है। कृष्ण के आगे भी राधा ही लगा है। हमारे देश में महिलाओं ने हमेशा जिम्मेदारियां भी उठाईं और समाज को लगातार मार्गदर्शन भी किया है। मीराबाई जी इसका भी एक प्रखर उदाहरण रही है। मीराबाई एक पथ प्रदर्शक रही हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण और मीराबाई का गुजरात का अलग ही रिश्ता है। मथुरा के कान्हा ने यहां से जाकर गुजरात में द्वारिका बनाई और उनकी महान भक ?त मीराबाई ने राजस्थान से आकर अंत समय गुजरात में बिताया था। पीएम मोदी ने कहा कि यहां पर ब्रज और ब्रजवासियों का दर्शन मिला है। यहां वही आता है जिसे श्रीकृष्ण बुलाते हैं। यह कोई साधारण धरती नहीं है।

## प्रदूषण को रोकने के लिए सभी का सहयोग जरूरी: श्रुति शर्मा

- स्टॉल लगाकर ग्रामवासियों को योजनाओं की जानकारी दी
- ब्लॉक स्तर पर किया जा रहा कार्यक्रमों का आयोजन

**मेरठ,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड जानी के ग्राम पांचली खुर्द व अफजलपुर पावटी में ग्रामवासियों को योजनाओं की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें स्वास्थ्य से लेकर बैंकिंग, कृषि, पेंशन, पीएम किसान, खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों द्वारा हिस्सा लिया गया। महिलाओं की आजीविका वर्धन हेतु चलाई जा रही भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के बारे में ब्लॉक मिशन प्रबंधक अंकित तोमर द्वारा विस्तृत जानकारी दी।




खंड विकास अधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा ने मौजूद किसानों महिलाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम वासियों को नई फसलों के बारे में जानना चाहिए। इससे रोजगार में बढ़ावा मिलेगा। स्टॉल में जिला उद्यान विभाग के अधिकारी मौजूद है जिनसे नई फसलों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने प्रदूषण के बारे में बोलते हुए कहा कि यहां पराली की शिकायत तो नहीं है लेकिन ऐसा देखा गया है कि किसान गन्ने के पत्तों को जलाते हैं। जिससे वातावरण प्रदषित हो रहा है इससे बचने के लिए सभी किसान डिकंपोजर का इस्तेमाल करें जिससे कचरा गलकर खाद्य बन जाएगा। योजनाओं में उपस्थित लाभार्थियों को संतृप्त करने के लिए जरूरी कागजात उपलब्ध कराने का कहा गया। इस मौके पर ग्राम पांचली खर्द के प्रधान धमेन्द्र सिंह राणा व ग्राम अफजलपुर पावटी के प्रधान मनोज राणा समेत विकास खण्ड के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**सार संक्षेप**

### देवउठनी एकादशी व गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस मनाया

मवाना। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अंतर्गत संचालित विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर एवम सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मवाना में गुरुवार को प्रार्थना सभा में देव उठनी एकादशी एवं गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस मनाया गया। जिसका संचालन अनन्या मित्रा ने किया। इसमें सभी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता श्रीमती संगीता, अनुपमा ने एकादशी महत्ता बताकर सभी छात्र-छात्राओं को जागरुक किया। आचार्य ब्रहमसिंह ने गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस के विषय में संक्षेप में बताया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने छात्र-छात्राओं को गंगा स्नान की महत्ता बताई।

### मतदाता सहायता केंद्र की स्थापना की

मवाना। ए एस इंटर कॉलेज मवाना में स्वीप के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदाता सहायता केंद्र की स्थापना की गई, जिसका शुभारंभ नगर पालिका के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक, विद्यालय की प्रबंध समिति के प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी ने फीता काटकर किया। वहां पर उप प्रबंधक शैवाल दुबलिश , उपाध्यक्ष नरेश रस्तोगी, सदस्य नितिन रस्तोगी, अमित रस्तोगी, अमित रस्तोगी बल्ले, सुनील राजवंशी, आलोक रस्तोगी तथा प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह के साथ अंग्रेजी माध्यम की कोऑर्डिनेटर अंजू सिंह , प्रॉक्टर विभा जैन , स्वीप की विद्यालय की नोडल अधिकारी सोनिया के साथ माही, दिव्या, वैष्णवी व पूर्वी मौजूद रहे। प्रधानाचार्य डा.मेघराज सिंह ने बताया कि ए एस इंटर कॉलेज मवाना का कोई भी छात्र छात्रा तथा अन्य विद्यालय की कोई भी छात्रा, कोई भी महिला जिसका नया वोट न बना हो वह फार्म 6 भरकर जमा कर सकते हैं। आनलाइन की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में विशेष कुमार, कृष्ण चंद्र, श्रवण कुमार, राजीव कुमार, अभिषेक कुमार का विशेष सहयोग रहा।

### भाजपा की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

मवाना। गुरूवार को नगर पालिका के सभागार में जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा की अध्यक्षता में भाजपा वोटर चेतना महाअभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिलाध्याक्ष ने कहा कि हमें आगामी लोकसभा चुनाव के निमित्त अपनी हस्तिनापुर विधानसभा में अधिक से अधिक न्यू मतदाताओं की वोट बनवाने व फर्जी वोट कटवाने का कार्य को अपने मन से करना है। नगर पालिका के सभागार में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी ने कहा कि हस्तिनापुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए एकजुटता के साथ कार्य करके मोदी पार्ट 3 लाना है और प्रदेश में लोकसभा के शत प्रतिशत सीट भाजपा के जीताना है। कार्यशाला बैठक में हस्तिनापुर प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा अमल खटीक, विधानसभा संयोजक रामगोपाल त्यागी, हस्तिनापुर विधानसभा वोटर चेतना अभियान संयोजक सोमनाथ पपनेजा, ब्लाक प्रमुख योगेश प्रधान, नितिन पोशवाल,के.पी.खूंटी, मवाना नगर चौयरमेन अखिल कौशिक, जिला उपाध्यक्ष संजय शर्मा,जिला मंत्री सुनील पोशवाल, जिला कोषाध्यक्ष नीरज गोयल, हस्तिनापुर विधानसभा विस्तारक पवन कुमार, अनूसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष विपिन सुधा वाल्मीकि मण्डल अध्यक्ष हरिओम शर्मा, सतेन्द्र काकराण आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 349 जोड़ों का विवाह

**मेरठ,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। गढ़ रोड स्थित हसनपुर कदीम के विरासत रिसोर्ट में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जिला प्रशासन के पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया था। जिसमें 174 हिन्दु एवं 175 मुस्लिम कुल 349 जोड़ों को लाभान्वित किया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में डा0 सोमेन्द्र तोमर राज्य मंत्री उर्जा एवं अतिरिक्त उर्जा स्त्रोत उ0प्र.सराकार, राजेन्द्र अग्रवाल सांसद मेरठ हापुड़ लोकसभा क्षेत्र, राखी त्यागी सदस्य महिला आयोग उ0प्र0 सरकार, कौशल सिंह चौहान ब्लाक प्रमुख रजपुरा द्वारा उपस्थित होकर वर-वधु को आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, समाज कल्याण के संयुक्त निदेशक पी.के.त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह व समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी समस्त सहायक विकास अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी (स0क0) व समाज कल्याण विभाग के समस्त कार्यालय व क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तेज सायरन बजा कर सड़कों पर दौड़ रही मानक विहीन एंबुलेंस पर कार्रवाई लटकी

- एआरटीओ कार्यालय में 163 पंजीकृत एंबुलेंस, अधिकतर मे फिटनेस समाप्त

फर्रुखाबाद, 23 नवम्बर (देशबन्धु)। मानको से खिलवाड़ कर सड़कों पर तेज सायरन हूटर बजा दौड़ रही एंबुलेंस यातायात पुलिस व एआरटीओ के लिए सिर दर्द बनी हुई है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बावजूद भी अभी तक एक भी ऐंबुलेंस के खिलाफ अभी तक कोई कार्यवाही सामने नही आई है। गौरतलब है। कि ऐंबुलेंस सड़कों पर मानको से खिलवाड़ कर दौड़ रही है। ऐंबुलेंस के खिलाफ कार्यवाही के लिए समिति का गठन न होने से एंबुलेंस के खिलाफ अभी तक कोई भी कार्यवाही सामने नहीं आई है। एआरटीओ ने सीमित बनाने के लिए तीसरी बार सीएमओ को पत्र भेजा है। एआरटीओ सुभाष चंद्र राजपूत ने कहा कि एंबुलेंस के खिलाफ कार्यवाही व जांच बिना चिकित्सक टीम के नहीं हो सकती। मालूम हो कि आरटीओ कार्यालय में 163 एंबुलेंस पंजीकृत है। 62 एंबुलेंस ऐसी है जिनकी काफी समय पहले फिटनेस समाप्त हो चुकी है। सभी एंबुलेंस संचालकों को फिटनेस कराने के लिए नोटिस जारी किया गया है। यदि एक सप्ताह में फिटनेस नहीं कराते तो उनका पंजीयन निलंबित किया जाएगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन



**मेरठ,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। विकासखंड रोहटा के ग्राम शेखपुरी व ग्राम भोला में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दर्जनों विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। जिसमें कृषि, बैंकिंग, स्वास्थ्य, पेंशन, पीएम किसान, खाद्य एवं रसद आदि विभागों ने कैंप लगाकर हिस्सा लिया। स्टॉल में विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामवासियों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने विभिन्न योजनाओं के उपस्थित लाभार्थियों को संतृप्त करने के लिए आवश्यक कागजात उपलब्ध कराने के लिए कहा। उन्होंने वोटरों को अपनी वोट एवं पहचान पत्र बनवाने एवं उपस्थित बी0एल0ओ0 को तत्काल ही वोट एवं पहचान पत्र बनवाने के लिए निर्देशित किया। वहीं एनआरएलम कर्मियों द्वारा महिलाओं की आजीविका वर्धन हेतु चलाई जा रही भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के बारे में सरल तरीके से समझाया गया। प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।



**श्री श्याम बाबा के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्याम बाबा का भव्य रूप सजाया गया। जो तेरे नाम पर ही श्याम जीते हैं मरते हैं उसके दिन सुख चैन से ही सदा गुजरते हैं जय के साथ श्री श्याम बाबा के जयकारे लगाए। इस दौरान महिमा बंसल, वर्षा महेश्वरी, राकेश माहेश्वरी, वेदांश बंसल, रवि महेश्वरी, शौर्य बंसल, पलक महेश्वरी मौजूद रहीं।**



## पूजा अर्चना के साथ गंगा मेले का उद्घाटन

- उद्घाटन के बाद भी धराशाई नजर आई व्यवस्थाऐं
- श्रद्धालुओं के पेयजल की समस्या से होना पडा दो चार

मवाना, 23 नवम्बर (देशबन्धु)। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मखदूमपुर गंगा घाट पर हिन्दू धर्म की आस्था का प्रतिक कहे जाने वाले गंगा मेले का गुरूवार को जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष शिव कुमार राणा, जिलाधिकारी दीपक मीणा व एस एसपी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। तदोपरांत गंगा मैया की पूजा-अर्चना का पांच दिवसीय गंगा मेले का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान गंगा का तट मां गंगे के जयकारों से गुंजायमान हो गया। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी ने कहा कि मेला सद्भावना और सौहार्द्र का परिचायक होता है। मेले में प्रत्येक श्रद्धालु की भावना गंगा मैया से जुड़ी होती है। श्रद्धालुओं मेले को भव्य और सफल बनाने में सहयोग की अपेक्षा की है। वह।, मेले में श्रद्धालुओं का पहुंचना प्रारंभ हो गया है। दुकानदारों ने अपनी दुकानों को लगाना प्रारंभ कर दिया है। श्रद्धालुओं के पेयजल के लिए हैंडपंप लगाए जा रहे हैं। मुख्य मार्ग को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। मेले के उद्घाटन से पूर्व ही गंगा घाट पर रौनक बढ़ती दिखाई देने लगी है। वहीं, श्रद्धालुओं ने भी अपने तंबू लगाने शुरू कर दिए हैं। कंट्रोल रूम के माध्यम से मेले की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जाएगी।

## महिलाओं को गाइनो कप मेंस्ट्रुएशन कप निःशुल्क वितरित

**मेरठ,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से माइल्ड केयर्स, एनआईसीएसआई, एमआईईटी इन्क्यूबेशन फोरम के संयुक्त प्रयासों से माछरा ब्लाक के अमीनाबाद उर्फ बड़ा गांव में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि एनआरएलएम मेरठ के उपायुक्त बब्बन राय, जिला मिशन प्रबंधक योगेश मोगा, माइल्ड केयर के संस्थापक एवं सीईओ संदीप व्यास, डॉ. शिखा धवन, डॉ. स्वपन सुमन और सुशील कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। माइल्ड केयर्स के संस्थापक एवं सीईओ संदीप व्यास ने माइल्ड केयर्स द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर चलाये जा रहे अभियान 'स्विच टू कप' के बारे में विस्तार से बताया। माइल्ड केयर्स आईआईटी कानपुर के स्थापना उद्यमिता और नवाचार केंद्र (एसआईआईसी) का एक उपकरण है। माइल्ड केयर्स महिलाओं के लिए स्वास्थ्य उत्पाद भी बनाती है। इस दौरान 792 महिलाओं को गाइनो कप मेंस्ट्रुएशन कप निःशुल्क वितरित किये गये। महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन की जगह मेंस्ट्रुअल कप के इस्तेमाल के फायदे बताएं। कार्यशाला के सफल आयोजन में माइल्ड केयर की सह-संस्थापक रचना व्यास,डॉ स्वपन सुमन,सुशील कुमार शर्मा, डॉ शिखा धवन, संदीप व्यास आदि का विशेष योगदान रहा।




## रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस में जॉब फेस्ट दिशा-2.0 का आयोजन

- 1242 यवाओं को नौकरी की सौगात, खिल उठे चेहरे
- मुख्य अतिथि चयनित प्रतिभागियों को ऑफर लेटर वितरित किए
- राष्ट्रीय स्तर की 46 कंपनियों ने लिया था हिस्सा

**मेरठ,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस में जॉब फैस्ट दिशा-2.0 का आयोजन किया गया। यह रोजगार मेला क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय व रूद्रा इंस्टीट्यूशंस के संयुक्त में लगाया गया था। बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे उप जिलाधिकारी अखिलेश यादव ने रिबन काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहायक निदेशक शशि भूषण उपाध्याय, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. उर्मिला मोरल, निदेशक डॉ. मनोज शर्मा, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर, संजीत सिंह, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हैड प्रवीन शर्मा, मार्केटिंग हैड सुमित काकरान, डीन रुचिका गुप्ता, चीफ पॉक्टर राहुल ओसवाल, अंकुश गौरियान आदि उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को इस जॉब फैस्ट के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने सभी कम्पनियों के ऑफिशियल्स से भी मुलाकात की। इसके पश्चात कंपनी के अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों के साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू की गई। साक्षात्कार में प्रतिभागियों की योग्यता को परखा गया और योग्यता के आधार पर चयन किया गया। इस जॉब फैस्ट में राष्ट्रीय स्तर की करीब 46 कंपनियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 2337 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की थी। इस जॉब फेस्ट में 1242 प्रतिभागियों को रोजगार पाने में सफलता मिली। कंपनी के अधिकारियों ने प्रतिभागियों को 8500 से लेकर 28000 तक के वेतनमान पर विभिन्न पदों के लिए चयनित किया। समापन समारोह में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के कुलसचिव मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने चयनित प्रतिभागियों को ऑफर लेटर वितरित किए तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ऑफर लेटर मिलते ही चयनित युवा खुशी से झूम उठे। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मेरठ मंडल के सहायक निदेशक शशि भूषण उपाध्याय ने सभी चयनित प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि हमारा प्रयास है कि क्षेत्र के सभी बेरोजगार युवकों को रोजगार मिले और इसी को ध्यान में रखते हुए हम समय-समय पर इस प्रकार के रोजगार मेले का आयोजन कॉलेज के सहयोग से कराते रहते हैं। इस जॉब फैस्ट पर रुद्रा ग्रुप इंस्टिट्यूशंस के सभी विभागाध्यक्ष एवं फैकेल्टी मेंबर्स का विशेष योगदान रहा। मंच का कुशल संचालन सहायक प्रोफेसर मैम उरूज फातिमा द्वारा किया गया।

**परिश्रम ही सफलता का मार्ग: डा. उर्मिला मोरल**

रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस की प्राचार्या डॉ उर्मिला मोरल ने सभी चनियत प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि केवल परिश्रम ही सफलता का मार्ग है। कठिन परिश्रम के मार्ग पर चलने से जीवन में सफलता मिलती है। वही निदेशक डॉ. मनोज शर्मा ने भी इस जॉब फैस्ट में सफलता प्राप्त करने वाले युवाओं को बधाई दी। कहा कि रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस अपने ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान प्रदान कर रहा है। ट्रेनिग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर हैड प्रवीन शर्मा ने चयनित युवाओं को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रतिभागियों को मेहनत कर भविष्य में और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## अन्तर्महाविद्यालय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप का शुभारंभ

**मेरठ,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। एन0ए0एस कॉलेज द्वारा आयोजित करायी जा रही दो दिवसीय चौ0 चरणसिंह विश्वविद्यालय अन्तर्महाविद्यालय मुक्केबाजी (महिला एवं पुरूष) चैम्पियनशिप 2023-24 प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि डा0 सरोजनी अग्रवाल, सदस्य विधान परिषद, विशिष्ठ अतिथि महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अवैतनिक सचिव अमित कुमार शर्मा एवं प्राचार्य प्रो0 मनोज कुमार अग्रवाल, उपप्राचार्य प्रो0 सुनील कुमार शर्मा द्वितीय, डा0 संजय कुमार, क्रीड़ा सचिव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके आयोजन का शुभारम्भ किया। चैम्पियनशिप में विश्ववविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न 33 महाविद्यालयों से 54 पुरूष तथा 17 महिला खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहें है। गुरूवार को विभिन्न भार वर्ग में महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों की बाउट करायी गयी। समारोह में विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक के रूप में डा0 भीष्म सिंह, प्रो0 अनिल मिश्रा, आयोजन सचिव डा0 शिवा भारद्वाज, विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा, डा0 मनोज कुमार, शारीरिक शिक्षा, डा0 राद्यवेन्द्र भारद्वाज, डा0 कपिल, डा0 विवेक त्यागी, डा0 चन्दन उपाध्याय, डा0 प्रफुल राठी, विजित कुमार, डा0 सुनील ढाका, तथा विभिन्न कॉलेजो से आये टीम मैनेजर/कोच के साथ-साथ निर्णायक मण्डल में राजेन्द्र सिंह, अमरदीप संजीव कुमार, प्रवीण कुमार, राजन, कु0 ज्योति, एस0सी0 शर्मा ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभायी।

## मैं एक ऐसी भूमिका की तलाश में था, जो मुझे सेट पर वापस लाए : रोहित रॉय

**मुंबई।** शो 'सौभाग्यवती भव: नियम और शर्तें लागू' से टीवी पर वापसी करने वाले अभिनेता रोहित रॉय ने कहा कि वह जानबूझकर टीवी से दूर नहीं हुए थे, बल्कि वह एक ऐसी भूमिका की तलाश में थे, जो उनके जुनून को बनाए रखे। इस शो में रोहित ने डीसीपी अविनाश की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसे राघव की हत्या के मामले की जांच करने का काम सौंपा गया है। वह करणवीर बोहरा और अमनदीप सिद्धू के साथ स्क्रीन साझा कर रहे हैं। रोहित ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किस कारण से उनकी टीवी पर वापसी हुई। रोहित ने कहा कि मैंने कभी भी जानबूझकर खुद को टेलीविजन से दूर नहीं किया। हालांकि, उपलब्ध कार्यक्रमों और शो के परिदृश्य ने मेरे उत्साह को नहीं बढ़ाया।

## जोया की भी एक मूल कहानी हो सकती है : कैटरीना कैफ



**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। अपनी लेटेस्ट रिलीज 'टाइगर 3' में जासूस की भूमिका को लेकर एक्ट्रेस कैटरीना कैफ ने कहा कि उनके किरदार जोया की भी एक मूल कहानी हो सकती है। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि सलमान खान स्टारर 'टाइगर' की तरह जोया के लिए भी एक मूल कहानी होनी चाहिए, कैटरीना ने बताया कि यह बेहतरीन होगा, मुझे लगता है कि आदित्य चोपड़ा ने जो रचना की है, उसमें बहुत जगह है और उनके द्वारा बनाए गए सभी पात्रों के लिए बहुत गुंजाइश है क्योंकि वे बहुत अच्छी तरह से लिखे गए हैं।

जोया पहली बार कबीर खान निर्देशित 2012 की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'एक था टाइगर' में दिखीं थी, जिसमें कैटरीना ने एक आईएसआई एजेंट की भूमिका निभाई थी। इसके बाद उन्हें 2017 में अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित फिल्म 'टाइगर जिंदा है' में देखा गया, जहां उन्होंने टाइगर की पत्नी की भूमिका निभाई। इसके बाद वह 'टाइगर 3' में नजर आईं।

कैटरीना जोया पर बनने वाली फिल्म के लिए बस एक अच्छी कहानी और स्क्रिप्ट चाहती हैं। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि एक अच्छी स्क्रिप्ट हमेशा बनाई जानी चाहिए। अगर हमें मिलता है या यदि आप जानते हैं, कि ने टीम एक अद्भुत कहानी लिखी है, जिसके बारे में हर कोई उत्साहित है, तो काम करना शानदार होगा। ज़ोया की मूल कहानी निश्चित रूप से हो सकती है।

### विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेले में मनोरजन की भरपूर व्यवस्था

# आने लगे घोड़ा-हाथी, पर्यटकों के ठहरने के लिए स्विस कॉटेज

- पशु मेले का आयोजन कल से शुरू
- सांस्कृतिक कार्यक्रम भी दिखाई देंगे
- मेले में गाय, भैंस, घोड़े समेत अनेक पशुओं को बिक्री




**पटना,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार के विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले में इस बार आने वाले लोगों के मनोरजन की भरपूर व्यवस्था रहेगी, वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी दिखाई देंगे। कार्तिक पूर्णिमा से गुलजार होने वाले इस मेला को लेकर तैयारी जोरों पर है। सोनपुर में लगने वाला विश्वप्रसिद्ध पशु मेला इस बार 25 नवम्बर से शुरू हो रहा है।

करीब एक माह तक चलने वाला यह मेला इस बार 32 दिनों का होगा। इस मेले में गाय, भैंस, घोड़े समेत अनेक पशुओं को बिक्री के लिए लाया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा से गुलजार होने वाले इस मेले में दुनिया भर से लोग आते हैं। इस पशु मेले की ख्याति देश ही नहीं, विदेशों तक में है। पहले इस मेले में हाथी सहित अन्य पशुओं को खरीदने के लिए लोग दूर-दूर से आते थे। पूर्णिमा के दिन हाथी स्नान और हाथी दौड़ की प्रतियोगिता को देखने के लिए विदेशों से भी लोग आते रहे हैं। मेला में घोड़े का आना प्रारंभ हो गया है, थियेटरों के लिए प्रसिद्ध इस मेले में चर्चित छह थियेटर का निर्माण भी पूरे होने को है। वहीं, पर्यटन विभाग का भव्य मुख्य पंडाल का निर्माण तथा आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज का निर्माण भी युद्धस्तर पर चल रहा है। मेला में सैलानियों की सुविधा तथा मेला के आकर्षक ढंग से सजाने-संवारने हेतु विभिन्न कार्य जारी हैं। दूसरी ओर पर्यटन विभाग द्वारा विदेशी और देशी सैलानियों के लिए ग्रामीण परिवेश के साथ अत्याधुनिक सुविधाओं को समाहित करते हुए बनने वाले स्विस कॉटेज का निर्माण भी अंतिम चरण में है। इस साल पहली बार मेले में अंडर वाटर फिश टनल आया है। कहा जा रहा है कि यह मेले में आकर्षण का केंद्र होगा। इसके अलावा कई अत्याधुनिक झूले भी आए हैं। इस साल मेला में शाही गज स्नान भी होगा।

कई वर्षों के बाद मेला में नारायणी नदी में गज स्नान का दृश्य सैलानियों को इस बार देखने को मिलेगा।



## प्रशंसित मलयालम अभिनेता इंद्रान्स दसवीं की देंगे परीक्षा



**तिरुवनंतपुरम,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। पढ़ाई की कोई उम्र नहीं होती जब चाहें शुरू हो जाएं, इस बात को राष्ट्रीय और राज्य पुरस्कार विजेता मलयालम अभिनेता इंद्रान्स ने सच कर दिखाया है। अभिनेता को चौथी कक्षा में वित्तीय बाधाओं के कारण स्कूल छोड़ना पड़ा था, जिसके चलते उनकी पढ़ाई पूरी नहीं हो सकी। इंद्रान्स अब अगले साल दसवीं कक्षा की परीक्षा में बैठने के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं।

400 से अधिक फिल्मों में अभिनय करने वाले 67 वर्षीय अभिनेता अब स्कूल में कक्षाओं में भाग लेने के लिए वापस आ गए हैं। इंद्रान्स को अत्यधिक गरीबी के कारण कक्षा 4 के बाद स्कूल छोड़ना पड़ा।

1981 में अपनी सिलाई की दुकान में काम करते हुए और प्रोडक्शन हाउस के लिए वेशभूषा बनाते हुए, वह सेल्युलाइड में आ गए और 1994 में लोकप्रियता हासिल की। इसके बाद वह इंडस्ट्री में एक लोकप्रिय हस्ती बन गए। राज्य और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतकर लगातार मजबूत होते जा रहे हैं।

अभिनेता का कहना है कि अनपढ़ होना अंधा होने के समान है और अब उन्होंने कहा कि वह दुनिया को 'देखना' चाहते हैं और इसलिए उन्होंने पढ़ाई पर वापस जाने का फैसला किया।

दसवीं कक्षा की परीक्षा पास करने के एकल सूत्री एजेंडे के साथ इंद्रान्स अब यहां अपने घर के पास एक सरकारी स्कूल में आयोजित रविवार की कक्षाओं में भाग लेते हैं। वह अगले साल परीक्षा पास करके बेहतर 'दृष्टिकोण' प्राप्त करने की उम्मीद करते हैं।

## झारखण्ड राज्य दिवस पर प्रगति मैदान में दिखी राज्य की पारम्परिकता व संस्कृति की झलक

**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। झारखण्ड प्रकृति के गर्भ में बसा और अपनी आदिवासी संस्कृति के लिए पहचाना जाने वाला प्रदेश है। यहाँ का सामाजिक परिवेश रहन-सहन, लोक संस्कृति अतुलनीय है। दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखण्ड पवेलियन ने झारखण्ड राज्य दिवस का आयोजन किया। जिसमे झारखण्ड की लोक संस्कृति को प्रदर्शित किया गया।



झारखण्ड के राज्य दिवस के अवसर पर प्रदेश के माननीय मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मिथिलेश कुमार ठाकुर, सूड़ा के सी ई ओ श्री अमित कुमार, उद्योग विभाग के सचिव जितेन्द्र कुमार सिंह, निदेशक उद्योग भोर सिंह यादव। माननीय मंत्री द्वारा झारखण्ड पवेलियन में भगवान विरषा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर दीप प्रज्वल्लित किया।

तद उपरान्त पवेलियन की सभी स्टॉलों का अवलोकन किया। जिसमें उन्होंने पवेलियन में लगे स्टालों में उनके हुनर एवं कार्य प्रगति की सराहना करते हुए कहा की ट्रेड फेयर राज्य में होने वाले विकास को प्रदर्शित करने का अच्छा मंच है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड राज्य भी इस फेयर में अपने विकास को प्रदर्शित कर रहा है। झारखंड सरकार अब सभी रूप से सक्षम है। झारखण्ड प्रदेश अपनी खनिज सम्पदा और कला संस्कृति के लिए अलग पहचान रखता है।

झारखण्ड राज्य दिवस में एम्फी थियेटर में झारखण्ड के पद्मश्री शशिधर आचार्य का छाऊ नृत्य, सुदामा सिंह और टीम का नागपुरी नृत्य, विनोद कुमार महतो का खोरता फोक, कृष्ण भगत और टीम का उरांव कुदुख सॉन्ग और अशोक कच्छप का पाइका डांस ने लोगो को मंत्रमुग्ध किया।

## चिकित्सा सुविधा पर टोना-टोटका हावी



- ठंड शुरू होने के साथ बच्चों में बढ़ी निमोनिया की शिकायतें
- निमोनिया पीड़ित डेढ़ माह के मासूम को 51 बार अगरबत्ती से दागा गया

**भोपाल,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। भले ही देश और दुनिया में चिकित्सा जगत में उपचार के आधुनिकतम तरीके ईजाद कर लिए गए हों, मगर मध्य प्रदेश में अब भी उपचार के लिए टोना-टोटकों का सहारा लिया जा रहा है।

बीते एक सप्ताह के दौरान कई स्थानों से मरीज और खासकर निमोनिया पीड़ित बच्चों के उपचार के लिए टोना-टोटका का सहारा लिया गया। बच्चों की सेहत नहीं सुधरी बल्कि उनकी जिंदगी ही खतरे में पड़ गई।

ताजा मामला उज्जैन जिले की महीदपुर तहसील के किशनखेड़ी गांव का है, जहां डेढ़ माह के बच्चे को निमोनिया था, परिजनों ने बच्चे को अस्पताल ले जाने की बजाय झाड़फूंक करने वाले को बुलाया। बच्चे को सरिया से दागा गया, जब तबियत बिगड़ी तो उसे उज्जैन अस्पताल लाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। परिजन बच्चे के शरीर पर पड़े छालों की वजह दूसरे बच्चे द्वारा जला देना बता रहे हैं। इससे पहले एक मामला शहडोल जिले का सामने आया था, जहां हरदी निवासी प्रेमलाल के डेढ़ माह के बेटे प्रदीप को निमोनिया था, निमोनिया पीड़ित डेढ़ माह के एक मासूम को 51 बार अगरबत्ती से दागा गया था, जिसके चलते उसके शरीर पर कई घाव हो गए। बच्चे को मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया।

जानकारों की मानें तो राज्य में ठंड शुरू होने के साथ बच्चों में निमोनिया की शिकायतें बढ़ती है, जिसके चलते ग्रामीण इलाकों के निवासी चिकित्सकों के पास जाने की बजाय अपने आसपास के क्षेत्रों के ओझा से उपचार कराते हैं और ये ओझा बच्चों को दागने तक से नहीं हिचकते।

## हमारे देश की संस्कृति को दूसरे स्तर पर ले गया 'इंडियन आइडल' : रणबीर कपूर



**मुंबई,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। एक्टर रणबीर कपूर, जो सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल 14' में नजर आएंगे, ने कहा कि शो में जिस तरह का टैलेंट है, वह वास्तव में हमारे देश की संस्कृति को दूसरे स्तर पर ले गया है।

आने वाला एपिसोड 'शानदार परिवार' स्पेशल होगा। 'एनिमल' के कलाकार रणबीर और रश्मिका मंदाना शो का हिस्सा होंगे और वे न केवल कंटेस्टेंट्स की परफॉर्मेंस का आनंद लेंगे, बल्कि कुछ दिलचस्प किस्से भी शेयर करेंगे, जिससे दर्शकों को काफी खुशी होगी।

टॉप 14 कंटेस्टेंट्स जज कुमार शानू और श्रेया घोषाल को इंप्रेस करेंगे। रणबीर ने कहा कि इंडियन आइडल एक ऐसा शो है जिस पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। इस शो में जिस तरह का टैलेंट है, वह वास्तव में हमारे देश की संस्कृति को एक अलग स्तर पर ले गया है। इसलिए इसके लिए, मैं वास्तव में 'इंडियन आइडल' को बधाई देना चाहूंगा।

उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे उनके ससुर महेश भट्ट, कुछ हफ्ते पहले शो में आए थे और उनके पास जजों और कंटेस्टेंट्स के बारे में कहने के लिए केवल अच्छी बातें थी। 'इंडियन आइडल सीजन 14' सोनी पर प्रसारित होता है।

## कांगेर वैली में शोधकर्ताओं का बढ़ता रुझान



**जगदलपुर,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग का कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जैव-विविधता से परिपूर्ण क्षेत्र है जो अपने प्राकृतिक सौंदर्य, रोमांचक गुफाओं, जैव-विवधता और स्थानीय आदिवासी संस्कृति के लिए देश - विदेश में विख्यात है, इसी के चलते यहां अनुसंधान की भी अपार संभावनाएं हैं।

यहां विभिन्न अनुसंधान केन्द्रों व संस्थाओं द्वारा शोध कार्य होते आये हैं। वर्तमान में शोधकर्ताओं व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अधिक संख्या में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान लैंडस्केप का चुनाव अध्ययन क्षेत्र के लिए किया जा रहा हैं। वर्तमान में 12 शोधकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय उद्यान में अध्ययन कार्य किये जा रहे हैं, जिसमें तितलियों की विविधता, मगरमच्छों का रहवास, पहाड़ी मैना रहवास व व्यवहार, औषधीय पौधों की विविधता, वानस्पतिक विविधता, बायोमॉस व कार्बन स्टॉक और पारिस्थितिक पर्यटन का प्रभाव विषयों पर अध्ययन कार्य किये जा रहे हैं। अध्ययन हेतु स्थानीय ही नहीं, अन्य राज्यों से भी शोधकर्ता आ रहे हैं। इन शोधकर्ताओं द्वारा स्थानीय लोगों को भी यहां की विविधताओं के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे स्थानीय युवा प्राकृतिक मार्गदर्शक के रुप में उभरते हुए जैव - विविधता संरक्षण में अपना योगदान दे रहे हैं।

राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक धम्मशील गणवीर ने बताया कि बस्तर क्षेत्र और विशेषकर कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान का लैंडस्केप शोधकर्ताओं के लिए हॉटस्पॉट के रूप में उभर रहा है। इन सभी शोध कार्यों से भविष्य में बस्तर की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण, संवर्द्धन और प्रबंधन में मदद मिलेगी।

## केबीसी 15 : 1 करोड़ जीतने से चूका अरिजीत सिंह का 8 साल का फैन



**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। क्विज-बेस्ड रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' सीजन 15 में एक साढ़े आठ साल के कंटेस्टेंट ने एक करोड़ रुपए की बड़ी रकम जीतने का मौका गंवा दिया।

'केबीसी 15' के जूनियर स्पेशल सेगमेंट में हॉट सीट पर छत्तीसगढ़ के भिलाई के रहने वाले तीसरी क्लास के छात्र विराट अय्यर ने कब्जा जमाया। हॉट सीट पर बैठने के बाद विराट ने कहा कि सर, मैं कुछ कहना चाहता हूं। क्या मैं कह सकता हूं? बिग बी - आप जो कुछ भी कहते हैं, वह महत्वपूर्ण है।

कंटेस्टेंट - सर, जब मैं पूजा करता हूं, तो मुझे सोचता हूं कि भगवान कैसे बोलते हैं। मैं कल्पना करता हूं कि भगवान आपकी तरह बोलते हैं और जब वह गाते हैं, तो अरिजीत सिंह की तरह गाते हैं। एक्टर ने बताया कि विराट अरिजीत के बहुत बड़े फैन हैं। विराट के शानदार गेम प्ले के बारे में बात करते हुए, अमिताभ ने कहा कि बहुत कम बच्चे इस स्टेज तक पहुंच पाते हैं। और, विराट जल्दी ही इस मुकाम पर पहुंच गए। वह तेजी से इस स्टेज तक पहुंचे और उन्होंने इस प्रक्रिया में मिस्टर कंप्यूटर और मुझे शिक्षित किया। यहां आपकी स्क्रीन पर 1 करोड़ प्वाइंट के लिए 15वां प्रश्न है।

एक करोड़ रुपये के लिए प्रश्न था पीरियॉडिक टेबल में 96 और 109 परमाणु संख्या वाले दो तत्वों के नाम के बारे में क्या बात विशेष है?

दिए गए विकल्प थे ए नोबेल पुरस्कार विजेताओं के नाम पर, बी- महिला वैज्ञानिकों के नाम पर, सी भारतीय वैज्ञानिकों के नाम पर, और डी- उनके कोई नाम नहीं हैं।

सही जवाब विकल्प 'बी' था। विराट ने गलत जवाब दिया और 50 लाख रुपए गंवा दिए। वह 3,20,000 रुपए घर ले गया।

एक्टर ने फिर कहा कि आपने बताया कि आप किसी से मिलना चाहते हैं। उसका नाम क्या था?

विराट - अरिजीत सिंह।

अमिताभ ने अरिजीत को वीडियो कॉल किया। उन्होंने सिंगर से कहा कि यहां आपका एक फैन है जिसका नाम विराट है। और, उसकी इच्छा थी कि वह किसी दिन आपसे मिले। इसलिए, गिफ्ट के रूप में, हम आपको उससे जोड़ रहे हैं। बहुत-बहुत धन्यवाद बहुत, अरिजीत। विराट, कृपया उससे बात करें।

## जैसे-जैसे समाज समृद्ध हो रहा, असमानता भी बढ़ रही : एंटोनियो फरेरा

आईएफएफआई 2023

**पणजी,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। पुर्तगाली फिल्म 'ए बेला अमेरिका' के निर्देशक एंटोनियो फरेरा ने इस बात पर दुख जताते हुए बुधवार को कहा कि जैसे-जैसे समाज समृद्ध हो रहा है, असमानता भी बढ़ रही है।

फरेरा यहां बुधवार को 54वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में 'सिनेमा ऑफ द वर्ल्ड' श्रेणी के तहत अपनी फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद प्रतिनिधियों और सिनेमा प्रेमियों के साथ बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हम असमानता को बढ़ते हुए देख रहे हैं समाज किसी तरह समृद्ध हो रहा है, लेकिन साथ ही असमानता भी बढ़ रही है। ये ऐसी स्थितियां हैं, जिनमें पुर्तगाल (के कुछ हिस्सों) में सैकड़ों लोग सड़कों पर रहते हैं, क्योंकि वे घर का खर्च वहन नहीं कर सकते। इससे मुझे चिंता होती है।



'ए बेला अमेरिका' फिल्म के असमानता के मूल संदेश को व्यक्त करने के लिए भोजन, लोकलुभावनवाद और हास्य के विषयों को आपस में जोड़ता है।

फिल्म निर्माता एक सामूहिक चेतना को प्रेरित करने का प्रयास करता है, सभी से विभाजन को पाटने और एक ऐसी दुनिया बनाने का आग्रह करता है, जहां समानता सिर्फ एक आकांक्षा नहीं है, बल्कि एक जीवित वास्तविकता है।

गहरे सामाजिक संदेशों को व्यक्त करने के लिए कॉमेडी का उपयोग करने के बारे में उन्होंने कहा कि हास्य उनके व्यक्तित्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और वही फिल्म में भी झलकता है।

'ए बेला अमेरिका' में, लिस्बन रेस्तरां में काम करने वाला एक प्रतिभाशाली रसोइया लुकास, एक खूबसूरत और सफल टेलीविजन हस्ती अमेरिका के प्यार में पड़ जाता है। वह उसके दरवाजे पर भोजन रखना शुरू कर देता है, जिससे उसकी जिज्ञासा बढ़ती है और वह उसे खोजने के लिए प्रेरित होती है। धीरे-धीरे उनके बीच गुप्त रिश्ता पनपता है।

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 1.48 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.18 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.16 प्रतिशत |
| टेक महिन्द्र | 0.61 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.48 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.11 प्रतिशत |
| एम एंड एम | 1.91 प्रतिशत |
| अल्ट्रा टेक | 1.37 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.05 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.02 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

# 'सबसे तेजी से बढ़ रहा है निर्यात'



नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय उद्योग जगत 2023 तक दो लाख करोड़ डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने की रणनीति पर विचार कर रहा है क्योंकि कोविड के बाद भारत के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

भारत की उभरती निर्यात गतिशीलता पर पीएचडी रिसर्च ब्यूरो, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आज जारी में कहा गया है कि 2021 और 2022 के दौरान निर्यात की वृद्धि क्रमश: 20 प्रतिशत और 9.7 प्रतिशत थी। संगठन ने कहा कि देश 20 प्रमुख निर्यातकों के बीच किये गये सर्वेक्षण के आधार पर यह रिपोर्ट जारी की गयी है। पीएचडी चैंबर के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने यहां जारी प्रेस बयान में कहा कि सरकार की गतिशील नीति के साथ-साथ निर्यातकों के वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जुड़ने के प्रयासों से निर्यात में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी से मजबूत वापसी के बाद पिछले कुछ महीनों के दौरान निर्यात की गति धीमी हो गई थी, हालांकि, अक्टूबर 2023 में निर्यात बढ़ने से वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में एक संक्षिप्त मंदी के बाद महत्वपूर्ण पुनरुद्धार के संकेत दिखाई दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों के दौरान निर्यात में काफी तेजी आई है, जो वित्त वर्ष 2011 में 375 अरब डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 770 अरब डॉलर हो गया है। अवधि, गतिशीलता, विकेंद्रीकरण, दिशा और आपदा प्रूफिंग के पांच प्रमुख तत्वों के साथ भारत की नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 की शुरूआत का उद्देश्य निर्यातकों के लिए एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। संगठन के कार्यकारी निदेशक डॉ. रणजीत मेहता ने कहा कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार और इसके विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के आधार पर विचार करते हुए भारत के निर्यात को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि एफटीपी 2023 का उद्देश्य प्रत्येक राज्य को वैश्विक व्यापार के साथ एकीकृत करने में सक्षम बनाने के लिए प्रचार और विकास करके वैश्विक बाजारों में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है, जो भारत के 'आत्मनिर्भर' बनने के दृष्टिकोण के अनुरूप एक कदम है। उन्होंने कहा कि टोगो, नीदरलैंड, ब्राजील, इज़राइल, इंडोनेशिया, तुर्की, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब और बेल्जियम जैसे उभरते उच्च विकास गंतव्य और चीनी एवं मिष्ठान्न, खनिज ईंधन और तेल, एल्यूमीनियम और अन्य वस्तुयें, अकार्बनिक रसायन जैसे उच्च विकास निर्यात वस्तुएं है। जहाज, रबर और ऑप्टिकल, फोटोग्राफिक, चिकित्सा उपकरण भारत की निर्यात वृद्धि को नई ऊंचाई पर पहुंचाएंगे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि शीर्ष 10 निर्यात स्थलों ने पिछले पांच वर्षों (वित्त वर्ष 2019 से वित्त वर्ष 2023 औसत) के दौरान लगातार वृद्धि देखी है, जिसमें टोगो (73प्रतिशत), नीदरलैंड (36प्रतिशत), ब्राजील (28प्रतिशत), इज़राइल (27प्रतिशत) शामिल हैं। , इंडोनेशिया (24प्रतिशत), तुर्की (22प्रतिशत), ऑस्ट्रेलिया (20प्रतिशत), दक्षिण अफ्रीका (19प्रतिशत), सऊदी अरब (16प्रतिशत) और बेल्जियम (13प्रतिशत) शामिल है। श्री अग्रवाल ने कहा कि वैश्विक आर्थिक मंदी के बीच इन देशों को निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। ये देश भारत के निर्यात के लिए प्रमुख विकास स्थल बन रहे हैं, हालांकि आने वाले समय में निर्यात में और अधिक वृद्धि होनी है। रिपोर्ट के अनुसार शीर्ष 10 अत्यधिक बढ़ती निर्यात वस्तुओं ने पिछले पांच वर्षों (वित्त वर्ष 2019 से वित्त वर्ष 2023 औसत) के दौरान लगातार उच्च वृद्धि देखी है, जिसमें चीनी और कन्फेक्शनरी (43प्रतिशत), खनिज ईंधन और तेल (36प्रतिशत), विद्युत मशीनरी और पार्ट्स (27 प्रतिशत) शामिल हैं। एल्यूमीनियम और वस्तुएं (18प्रतिशत), अकार्बनिक रसायन, कीमती और दुर्लभ धातुएं (16प्रतिशत) विविध रासायनिक उत्पाद (16प्रतिशत), अनाज (14प्रतिशत), लोहा और इस्पात (12प्रतिशत), जहाज, नावें और फ्लोटिंग संरचनाएं (11प्रतिशत), रबर और वस्तुयें (11प्रतिशत) और ऑप्टिकल, फोटोग्राफिक, चिकित्सा उपकरण (10प्रतिशत) शामिल है।

# लैब में बने हीरे की कीमतों में तेज गिरावट



**नई दिल्ली,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। पिछले आठ साल में डायमंड उद्योग में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। प्रयोगशाला में तैयार होने वाले हीरे यानी लैब-ग्रोन डायमंड (एलजीडी) की कीमत बहुत तेजी से गिरी है। इस गिरावट के कारण इस सेक्टर में हुआ निवेश खतरे में पड़ गया है।

पहली बार जब वाणिज्यिक रूप से एलजीडी सामने आए थे, तब इन्हें प्राकृतिक हीरे की तुलना में पर्यावरण की दृष्टि से ज्यादा सुरक्षित विकल्प माना गया था। 2016 में 1-कैरेट कृत्रिम हीरे की कीमत प्राकृतिक हीरे की तुलना में बमुश्किल 10 प्रतिशत कम थी। हालांकि 2022 के अंत तक अलग-अलग मैन्यूफैक्चररों के हिसाब से इनकी कीमतों में अंतर 80 प्रतिशत तक हो गया है।

एनालिस्ट पॉल जिमनिस्की और बेन एंड कंपनी के तीन दशक तक चले एक अध्ययन में पता चला है कि पिछले छह साल में एलजीडी की लागत 74 प्रतिशत बढ़ी है, जबकि हल्के उतार-चढ़ाव के साथ लंबी अवधि में प्राकृतिक हीरे की कीमतों में औसतन सालाना 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्राकृतिक हीरे में किए गए निवेश की कीमत और इनकी सस्टेनेबिलिटी को लेकर नैचुरल डायमंड काउंसिल (एनडीसी) की %डायमंड फैक्ट्स% रिपोर्ट में तस्वीर स्पष्ट की गई है। इस व्यापक रिपोर्ट में डायमंड इंडस्ट्री से जुड़े भ्रमों को दूर किया गया है और यह भी दिखाया गया है कि कैसे सदियों में प्राकृतिक हीरे ने खुद को साबित किया है और ग्राहकों के लिए बेहतर विकल्प साबित हुआ है। पर्यावरण के लिए ज्यादा सुरक्षित होने को लेकर एलजीडी से जुड़े कथित अप्रमाणित दावों ने कीमतों में अंतर को बढ़ाया है। इन हीरों को बनाने में कुछ हफ्ते का समय लगता है। इस प्रक्रिया में बहुत ज्यादा ऊर्जा की जरूरत होती है। इन्हें तैयार करने के लिए जिस तापमान की आवश्यकता होती है, वह सूरज की सतह के करीब 20 प्रतिशत के बराबर होता है। भारत में इन हीरों को बनाने के लिए केमिकल वैपर डिपोजिशन (सीवीडी) तकनीक का प्रयोग किया जाता है।

## चीन का एक्सप्रेस डिलीवरी उद्योग 'तेजी से विकास' से 'उच्च गुणवत्ता वाले विकास' में बदला

**बीजिंग,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। चीन का एक्सप्रेस डिलीवरी उद्योग तेजी से विकास से उच्च गुणवत्ता वाले विकास में बदल गया है। चाइना एक्सप्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष कोओ होंगफंग ने कहा कि चीन का एक्सप्रेस डिलीवरी उद्योग तेजी से विकास से उच्च गुणवत्ता वाले विकास की ओर बढ़ रहा है और चीनी एक्सप्रेस डिलीवरी कंपनियों को आधुनिक लॉजिस्टिक्स कंपनियों और व्यापक लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं में अपने परिवर्तन में तेजी लाने की जरूरत है। पांचवां चीन (हांगचो) अंतर्राष्ट्रीय एक्सप्रेस उद्योग सम्मेलन 22 नवंबर को पूर्वी चीन के चच्यांग प्रांत के हांगचो शहर में आयोजित हुआ। सम्मेलन में भाग लेने वालों ने चीन के एक्सप्रेस उद्योग के विकास की प्रवृत्ति के बारे में विश्लेषण किया। इसके साथ, सम्मेलन द्वारा जारी ग्लोबल एक्सप्रेस डिलीवरी डेवलपमेंट रिपोर्ट से पता चला कि चीन का एक्सप्रेस पार्सल व्यवसाय वॉल्यूम वर्ष 2014 के बाद से दुनिया में पहले स्थान पर है। साल 2022 में चीन का एक्सप्रेस पार्सल व्यवसाय वॉल्यूम 1 खरब 10 अरब 58 करोड़ पीस था, जिसमें 10 खरब 56 अरब 67 करोड़ युआन का व्यावसायिक राजस्व था। बताया गया है कि चीन की एक्सप्रेस और पार्सल कंपनियों की ताकत में काफी वृद्धि हुई है। चाइना पोस्ट और एसएफ़ एक्सप्रेस की रैंकिंग दुनिया की शीर्ष 500 कंपनियों में है।

## डीफपेक के खतरे से निपटने के लिए प्रतिबद्ध : वैष्णव

**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डीपफेक से उत्पन्न मुद्दों पर हितधारकों के साथ चर्चा में डीपफेक को दुनिया भर में लोकतंत्र और सामाजिक संस्थाओं के लिए एक गंभीर खतरा बताते हुये आज कहा कि भारत सरकार प्रौद्योगिकी का उपयोगकर और सार्वजनिक जागरूकता को बढ़ावा देकर डीपफेक के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है।



श्री वैष्णव ने इस दौरान कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने समय-समय पर सोशल मीडिया मध्यस्थों को डीपफेक के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से डीपफेक सामग्री के प्रसार ने इस चुनौती को और बढ़ा दिया है। श्री वैष्णव ने डीपफेक पर प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर शिक्षा जगत, उद्योग निकायों और सोशल मीडिया कंपनियों (फेसबुक, एक्स (पूर्व में ट्विटर), व्हाट्सएप, टेलीग्राम, कू, स्नैपचैट आदि) के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। चर्चा के दौरान इस बात पर सहमति बनी कि सरकार, शिक्षा जगत, सोशल मीडिया कंपनियां और नॉसकॉम संयुक्त रूप से डीपफेक का जवाब देने की दिशा में काम करेंगे। इस बात पर भी सहमति हुई कि अगले 10 दिनों के भीतर कार्रवाई योग्य बिन्दुओं की पहचान की जाएगी। ऐसी सामग्री पोस्ट करने से पहले और बाद में डीपफेक सामग्री का पता लगाया जाना चाहिए। डीपफेक सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए एक प्रभावी तंत्र होना चाहिए। प्रभावी और शीघ्र रिपोर्टिंग और शिकायत निवारण तंत्र उपलब्ध होना चाहिए और डीपफेक के मुद्दे पर व्यापक जागरूकता पैदा की जानी चाहिए।

इसके अलावा, तत्काल प्रभाव से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय डीपफेक के खतरे को रोकने के लिए आवश्यक नियमों का आकलन और मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ करेगा। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक्स मायगाव पोर्ट पर जनता से टिप्पणियाँ आमंत्रित करेगा। चार-स्तंभीय संरचना को अंतिम रूप देने के लिए दिसंबर, 2023 के पहले सप्ताह में संबंधित हितधारकों के साथ एक बैठक फिर से आयोजित की जाएगी।


# शेयर बाजार सपाट

**मुंबई** 23 नवंबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, दूरसंचार, धातु, तेल एवं गैस और रियल्टी समेत बारह समूहों में 1.22 प्रतिशत तक की तेजी वहीं आईटी, टेक और हेल्थकेयर समेत आठ समूहों में 1.13 प्रतिशत तक की बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ सपाट बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 5.43 अंक फिसलकर 66017.81 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 9.85 अंक की मामूली गिरावट लेकर 19802 अंक पर रहा। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.15 प्रतिशत बढ़कर 33,567.10 अंक और स्मॉलकैप 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 39,751.07 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3844 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2064 में लिवाली जबकि 1636 में बिकवाली हुई वहीं 144 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 25 कंपनियां लाभ और शेष 25 नुकसान में रहीं।

बीएसई के आठ समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान हेल्थकेयर 1.13, इंडिस्ट्रियल्स 0.02, आईटी 0.46, यूटिलिटीज 0.12, कैपिटल गुड्स 0.26, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.44, पावर 0.11 और टेक समूह के शेयर 0.26 गिर गए।




ब्रिटेन के एफटीएसई की 0.01 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। जर्मनी का डैक्स 0.10, जापान का निक्केई 0.29, हांगकांग का हैंगसेंग 0.99 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.60 प्रतिशत चढ़ गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 61 अंक की बढ़त के साथ 66,084.37 अंक पर खुला और लिवाली के बाल पर थोड़ी देर बाद ही 66,235.24 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह कारोबार के अंतिम चरण में 65,980.50 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 66,023.24 अंक के मुकाबले 0.01 प्रतिशत फिसलकर 66017.81 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी भी 16 अंक बढ़कर 19,828.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,875.15 अंक के उच्चतम जबकि 19,786.75 अंक के निचले स्तर पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही कंपनियों में अल्ट्रा सिमको 1.75, एलटी 1.11, टीसीएस 0.59, इंफोसिस 0.55, एनटीपीसी 0.55, टाइटन 0.51, कोटक बैंक 0.36, सन फार्मा 0.36, एशियन पेंट 0.34, पावर ग्रिड 0.31, टेक महिंद्रा 0.21, टाटा मोटर्स 0.18, मारुति 0.10 और हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इंडसएंड बैंक 1.16, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.05, भारती एयरटेल 0.96, एचडीएफसी बैंक 0.62, विप्रो 0.49, टाटा स्टील 0.48, रिलायंस 0.31, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.17, एसबीआई 0.15, आईटीसी 0.14, आईसीआईसीआई बैंक 0.10, एक्सिस बैंक 0.09 और एचसीएल टेक के शेयरों ने 0.04 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

# मास्टरकार्ड और यू ग्रो कैपिटल ने मिलाया हाथ

**नई दिल्ली,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। मास्टरकार्ड ने आज भारत में छोटे व्यवसायों के लिए वित्त संबंधी समाधानों का विस्तार करने के लिए एमएसएमई फाइनेंसिंग में विशेषज्ञता वाली नॉन-बैंकिंग फाइनेंसिंग कंपनी यू ग्रो कैपिटल के साथ हाथ मिलाने की घोषणा की।

कंपनी ने आज यहां कहा कि छोटे व्यवसायों को अपने अस्तित्व को बनाए रखने और काम को बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता की आवश्यकता होती है। भारत में एमएसएमई लंबे समय से कई तरह की जटिल चुनौतियों से जूझ रहे हैं, जिनमें पूंजी तक उनकी सीमित पहुंच भी शामिल है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार भारत में 6.40 करोड़ से अधिक एमएसएमई में से केवल 14 प्रतिशत के पास ही ऋण तक पहुंच है।मास्टरकार्ड और यू ग्रो कैपिटल के बीच इस रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य भारत में लाखों छोटे व्यवसायों के लिए समग्र डिजिटल सप्लाई चेन फाइनेंसिंग समाधानों को सक्षम करके इस चुनौती का समाधान करना है। यू ग्रो कैपिटल अन्य छोटे व्यापारियों और महिला उद्यमियों के अलावा डीलर-डिस्ट्रीब्यूटर्स और अंतिम खुदरा विक्रेताओं को अल्पकालिक ऋण की पेशकश करने के लिए अपने प्रोपराइटरी अंडरराइटिंग और नकदी प्रवाह समर्थित मूल्यांकन मॉडल का लाभ उठाएगी। अपने विशाल नेटवर्क के माध्यम से मास्टरकार्ड छोटे व्यवसायों के विकास के लिए पर्याप्त सहयोग को संभव करने के लिए मांग और आपूर्ति वाले पारिस्थितिकी तंत्र के हितधारकों को एक आम मंच पर ला रहा है। मास्टरकार्ड के दक्षिण एशिया के मुख्य परिचालन अधिकारी विकास वर्मा ने कहा मास्टरकार्ड एमएसएमई के सामने आने वाली पूंजी तक पहुंच संबंधी महत्वपूर्ण चुनौतियों को समझता है, जिससे उनके व्यवसायों के विकास में बाधा उत्पन्न होती है। क्रेडिट संबंधी अंतर को पाटने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

## सार संक्षेप

### गो फर्स्ट को एनसीएलटी से 90 दिन की राहत

**नई दिल्ली।** नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने गुरुवार को कॉरपोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया के तहत वाडिया के स्वामित्व वाली गो फर्स्ट एयरलाइन के लिए रोक को 90 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। एनसीएलटी ने निर्देश दिया कि समाधान योजना को निर्धारित समय अवधि के भीतर पूरा किया जाए, जो 4 फरवरी, 2024 को समाप्त होगी। इस 90-दिन की अवधि में समाधान प्रक्रिया को पूरा करने में विफलता के कारण न्यायाधिकरण कंपनी के परिसमापन का आदेश दे देगा। यह फैसला बंद पड़ी एयरलाइन के लिए एक जीत है, क्योंकि मामले में विमान पट्टे पर देने वाली कंपनी की दलीलें खारिज कर दी गईं। गो फर्स्ट के रेजोल्यूशन प्रोफेशनल ने ट्रिब्यूनल को सूचित किया कि एयरलाइन के लिए एक संभावित बोलीदाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) अब वाहक के लिए अगले कदम पर पुनर्विचार कर रही है।

### रुपया एक पैसे मजबूत

**मुंबई।** आयातकों और बैंकरों की बिकवाली की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया एक पैसे की बढ़त लेकर 83.31 रुपए प्रति डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.32 रुपए प्रति डॉलर रहा था। कारोबार की शुरुआत में रुपया एक पैसे सुधरकर 83.31 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और इसी स्तर पर बंद भी हुआ। सत्र के दौरान बिकवाली होने से यह 83.30 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया जबकि लिवाली के दबाव में यह 83.36 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया

### भारत में प्रारंभिक बचपन की शिक्षा में सुधार के लिए उन्नत एआई का उपयोग कर रहा रॉकेट लर्निंग

**नई दिल्ली।** भारत में प्रारंभिक बचपन शिक्षा (ईसीई) में सुधार के लिए, गैर-लाभकारी रॉकेट लर्निंग आंगनबाड़ियों और कम आय वाले परिवारों को नए युग की प्रौद्योगिकियों, जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल)के साथ बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली प्रारंभिक बचपन शिक्षा प्रदान करने के लिए सशक्त बना रहा है। रॉकेट लर्निंग के सह-संस्थापक और सीटीओ विशाल सुनील के अनुसार, वे माता-पिता और शिक्षकों के लिए गेम-चेंजिंग कोच और मॉडल बनाने के लिए उन्नत एआई को भी एकीकृत कर रहे हैं, इससे लाखों लोगों को प्रभावित करने और देश में सीखने की गरीबी को खत्म करने की क्षमता है। सुनील ने आईएएनएस को बताया कि रॉकेट लर्निंग भारत की पहली सार्वभौमिक प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा प्रणाली स्थापित करने के लिए समर्पित है। उनके अनुसार, अमेज़ॅन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) और क्लाउड टेक्नोलॉजी ने वास्तव में उनके काम करने के तरीके को बदल दिया है।

# सोया रिफाइंड में तेजी

**नई दिल्ली,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड महंगा हो गया वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 30 रिंगिट फिसलकर 3821 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.06 सेंट की तेजी के साथ 50.54 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलजुला रुख रहा। सोया रिफाइंड तेल 73 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव टिके रहे।



**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10700-10800, अरहर दाल 9500-9600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

# दक्षिण पूर्व एशिया के बाजार में भारत के ज्वार-बाजरा उत्पादों का शोर, इंडोनेशिया में 5 दिवसीय 'मिलेट मेला'

**जकार्ता (इंडोनेशिया),** 23 नवंबर (वार्ता) मिलेट यानी ज्वार-बाजरा श्रेणी के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बना कर भोजन में जलवायु-अनुकूल अनाज को प्रोत्साहित करने करने के लिए दक्षिण पूर्व एशियायी देशों के संघ (आसियान) के लिए भारतीय मिशन ने कृषि मंत्रालय के साथ मिलकर बुधवार को यहां इंडोनेशिया की राजधानी में आसियान-भारत मिलेट्स फेस्टिवल ( ज्वार-बाजरा उत्पाद महोत्सव) का आयोजन किया है। इस पांच दिवसीय महोत्सव में भारत के कई स्टार्ट-अप, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), निर्यातक और बाजरा उद्यमी भाग ले रहे हैं। इस उत्सव का उद्देश्य ज्वार-बाजरा, जिसे भारत ने श्री अन्ना कहा जाता है, उसके गुणों और उपयोगिता के बारे में जागरूकता पैदा करना और इसे भोजन के पसंदीदा पसंदीदा भोजन विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना है। आसियान में भारत के राजदूत जयंत खोबरागड़े ने यहां विशेष रूप से आयोजित भारतीय नृत्य और संगीत कार्यक्रम के बीच महोत्सव के उद्घाटन के बाद अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल 7 सितंबर को आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लिया और उसमें अपनाए गए संयुक्त बयानों में से एक खाद्य सुरक्षा पर था, और देखिए, उसके बाद दो महीने में ही हम बाजरा उत्सव मना रहे हैं जिसमें खाद्य सुरक्षा का विषय भी शामिल है । यह दर्शाता है कि हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी कितने प्रभावी ढंग से काम कर रही है।, उद्घाटन समारोह में इंडोनेशिया की राष्ट्रीय खाद्य एजेंसी के प्रतिनिधि एरीफ प्रासेत्यो आदि ने कहा कि आसियान-भारत मिलेट्स महोत्सव पोषण और पर्यावरणीय दशाओं से लेकर आर्थिक विकास तक ज्वार-बाजरा श्रेणी के उत्पादों के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है।




भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में अतिरिक्त सचिव डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी ने कहा, चूंकि मिलेट्स कोई एक एकल फसल नहीं हैं बल्कि और बहुत ही विविधता वाली विभिन्न फसलों का एक समूह है, जिसमें एक सामान्य विशेषता है कि ये फसले जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने में सहायक, कृषकों के साथ-साथ उपभोक्ताओं के लिए भी स्वस्थ फसल हैं, ज्वार-बाजार श्रेणी की फसलों की खेती दुनिया भर के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में पोषण प्रदान कर सकते हैं।'' इस कार्यक्रम में ज्वार-बाजार के बाजार में काम कर रहे भारतीय उद्यमियों के अलावा, कई इंडोनेशियाई फर्मों ने भी भाग लिया है। उनके स्टालों पर बाजरा उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में संयुक्त सचिव (फसल) श्रीमती शुभा ठाकुर ने कहा, ज्वार-बाजरा को भोजन की थाली में फिर से जगह दिलाने , हमारे आहार में इसे सबसे आगे रखने के लिए, हमें इसकी ब्रांडिंग करने की जरूरत है। हमें इस तरह इसकी ब्रांडिंग करने की जरूरत है कि यह पकाने में आसान है और खाने में अच्छा है।

# खेल जगत

## राशिद खान पीठ की चोट के कारण बीबीएल 13 से हटे



**एडिलेड,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। एडिलेड स्ट्राइकर्स को इस खबर से झटका लगा है कि अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान पीठ की चोट के कारण आगामी बिग बैश लीग (बीबीएल) सीजन 13 से हट गए हैं, जिसके लिए मामूली सर्जरी की आवश्यकता है। स्ट्राइकर्स ने गुरुवार को घोषणा की कि राशिद को मामूली ऑपरेशन की आवश्यकता है और वह सीज़न से हट गए हैं। एडिलेड स्ट्राइकर्स के महाप्रबंधक (क्रिकेट) टिम नीलसन ने कहा कि यह एडिलेड स्ट्राइकर्स टीम के लिए एक बड़ी क्षति है। नीलसन ने कहा, राशिद स्ट्राइकर्स का एक प्रिय सदस्य और एक प्रशंसक पसंदीदा है जो सात साल से हमारे साथ है, इसलिए इस गर्मी में उसकी बहुत याद आएगी। रशीद को एडिलेड और स्ट्राइकर्स से प्यार है, और हम जानते हैं कि वह बीबीएल में खेलना कितना पसंद करते हैं, और हम उनका समर्थन करते हैं क्योंकि खेल में उनकी दीर्घकालिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उनके पास इस चोट का इलाज है।

# हम इस बार जू. महिला हॉकी विश्व कप में पदक जीतने की पूरी कोशिश करेंगे : प्रीति

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



- हमें जू. महिला हॉकी एशिया कप जीतने से बहुत आत्मविश्वास मिला
- शिविर में हममें से हर किसी ने जानी अपनी भूमिका

नई दिल्ली, 23 नवंबर (देशबन्धु)। प्रीति की अगुआई में भारत की जूनियर महिला टीम मुंबई से 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक सेंटियागो (चिली) में होने वाले एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप 2023 में शिरकत करने के लिए सांतियागो रवाना हो गई। ऋतुजा डडासो पिसल भारतीय जूनियर महिला टीम की उपकप्तान होंगी। भारत की जूनियर महिला टीम पूल सी में 2022 की उपविजेता जर्मनी, बेल्जियम और कनाडा के साथ पूल सी में है। मौजूदा चैंपियन नीदरलैंड पूल ए में दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और मेजबान चिली के साथ है। अर्जेंटीना, दक्षिण कोरिया व जिम्बाब्वे पूल बी में जबकि इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, अमेरिका और जापान पूल डी में हैं। भारतीय जूनियर महिला टीम अपने अभियान का आगाज कनाडा के खिलाफ 29 नवंबर को मैच से करने के बाद 30 नवंबर को जर्मनी और 2 दिसंबर को पूल सी में अपने लीग मैच में बेल्जियम से भिड़ेगी। भारतीय जूनियर टीम की निगाहें सबसे पहले अपने पूल सी में शीर्ष पर रहकर क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाने पर रहेंगी।

भारत की कप्तान फुलबैक प्रीति सोनीपत (हरियाणा ) की हैं। पहलवान पिता की बेटी प्रीति ने छठी कक्षा में हॉकी थामी और शुरू में भारत की पूर्व कप्तान प्रीतम रानी सिवाच की अकादमी में अपने हॉकी कौशल को निखारा। भारतीय जूनियर टीम के सांतियागो रवाना होने से पहले टीम की कप्तान प्रीति ने कहा, %जूनियर हॉकी विश्व कप जैसे विश्व मंच पर अपने देश की नुमाइंदगी करना वाकई गर्व की बात है। मेरे लिए इससे भी बड़े गर्व की बात यह है कि मैं महिला हॉकी जूनियर विश्व कप में प्रतिभाशाली भारतीय खिलाडि़यों की टीम का नेतृत्व कर रही हूं। हमारी जूनियर टीम के पास दुनिया के सामने भारतीय हॉकी की ताकत को दिखाने का मौका है। हमें दक्षिण कोरिया को जूनियर महिला हॉकी एशिया कप के फाइनल में 2-1 से हराकर खिताब जीतने से हमारा आत्मविश्वास मिला और इसी लय के साथ जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में शिरकत करना चाहते हैं। इस बार हमसे सभी सांतियागो (चिली) में जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में पदक जीतने की उम्मीद कर रहा है और हम इन उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। हमारा शिविर बहुत बढिय़ा रहा । शिविर में हमारी टीम की हर खिलाड़ी जान पाई कि भारत को जूनियर महिला हॉकी विश्व कप जीतना है तो उसकी भूमिका क्या होगी। हम जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में शिरकत करने को लेकर खासे रोमांचित हैं।हमारी टीम जूनियर टीम ने 2013 में जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में कांसा जीता था। 2021 में पोशेफस्ट्रूम (दक्षिण अफ्रीका ) के जूनियर हॉकी विश्व कप में में हमारी जूनियर टीम इंग्लैंड से निर्धारित समय में 2-2 की बराबरी के बाद शूटआउट 0-3 से हारकर कांस्य जीतने से चूक गई और तब मैं टीम में बहुत छोटी थी और मुझे मात्र एक मैच खेलने को मिला था। मेरा मानना है कि हम अतीत में आखिरी मिनट में अपनी एकाग्रता कुछ खोते रहे हैं और इस असर मैच के नतीजे पर पड़ता है। हमने इस साल यही सबक सीखा है कि आखिरी सीटी बजने तक खेल खत्म नहीं होता है और मैच में आखिरी क्षण तक पूरे जोश और जज्बे से खेलने की जरूरत है। हमने इसके लिए बढिय़ा तैयारी की और अपने कोच तुषार खांडकर के मार्गदर्शन मे हमारे अभ्यास सत्र खासे बढिय़ा रहे। हमने कम समय में कोच तुषार सर के साथ टीम के स्ट्रक्चर और अपना कौशल बेहतर करने पर खासी चर्चा की। हम अपने खेल को बेहतर करने में जुटी हैं।'

भारत की कप्तान फुलबैक प्रीति अब भारतीय जूनियर टीम महिला हॉकी टीम की नियमित सदस्य हैं और वह लुसाने में हुए हीरो एफआईएच हॉकी 5 टूर्नामेंट में शिरकत करने वाली भारतीय टीम में शामिल थी। प्रीति जब 13 बरस की थी तब एक जिला स्तरीय टूर्नामेंट में उनके पैर में चोट लगी थी और तब डॉक्टरों ने उन्हें पूरे एक बरस के बेड रेस्ट की सलाह देने के साथ यह उनके फिर कभी हॉकी खेलने पर आशंका जताई थी। वह कहती हैं, %मेरे लिए यह वाकई बहुत मुश्किल समय था और मैं तब बेहद निराश थी। तब मेरे पिता ने मुझे यह संकेत भी नहीं दिया कि मैं फिर कभी नहीं खेल पाउंगी। तब मेरे पिता ने मुझे बस यही कहा था कि यदि मैं हॉकी खेलना चाहूं तो खेल सकती हूं। तब मुझे अपने कोच का बहुत समर्थन मिला और उन्होंने बराबर मुझे प्रेरित किया और तभी फिर हॉकी खेल पाई। जब मैं आठवीं-नौंवी कक्षा में थी तब मैंने हॉकी को और गंभीर से खेलना शुरू कर दिया। मुझे अपनी उपलब्धियों पर फख्र है। जिन्होंने मेरी क्षमता पर सवाल उठाए थे, मैंने उन सभी को जवाब दे दिया । मेरा मानना है कि महिलाएं खेल में बहुत कुछ हासिल कर सकती है। मेरा मानना है कि मैं अन्यों के उदाहरण प्रस्तुत कर सकती हूं जिससे कि और महिलाओं को मेरी जैसी दिक्कत नहीं झेलनी पड़ी।%

अपनी कप्तान प्रीति की बात से इत्तेफाक जताते हुए भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की उपकप्तान ऋतुजा डडासो पिसल ने कहा, %हमारी टीम में बेहतरीन प्रतिभासम्पन्न खिलाड़ी है। हमारे लिए यह जूनियर विश्व कप दुनिया को यह दिखाने का मौका है कि भारत दुनिया की श्रेष्ठ टीम है। भारतीय जूनियर टीम की उपकप्तान के रूप में मैं प्रीति का हर लिहाज से टीम को जूनियर विश्व कप जिताने का सर्वश्रेष्ठ मौका मुहैया कराने की पूरी कोशिश करूंगी

## चाइना मास्टर्स में लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत पहले दौर में बाहर






**शेनझेन** 23 नवंबर (एजेंसियां) भारत के बैडमिंटन स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत पुरुष बुधवार को एकल राउंड अपने-अपने मुकाबले हारकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट चाइना मास्टर्स में हारकर बाहर हो गये।

वहीं महिला वर्ग में रुतुपर्णा पांडा-श्वेतापर्णा पांडा को चीन झांग शू जियान-झेंग यू के खिलाफ हार के साथ महिला युगल में भी भारत की चुनौती समाप्त हो गई।

दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन को सातवीं वरीयता प्राप्त चीन के शि युकी ने 19-21 18-21 से हराया जबकि श्रीकांत को थाईलैंड के कुनलावुत विदितसवर्ण के हाथों 15-21 21-14 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

सेन का खराब फॉर्म जारी है उन्हें बीडब्ल्युएफ वर्ल्ड टूर प्रतियोगिताओं में लगातार सातवीं बार पहले दौर में बाहर होना है वहीं श्रीकांत विश्व टूर पर लगातार तीसरी बार पहले दौर में बाहर हुए। वह इस सत्र में चार बार क्वार्टरफाइनल में पहुंचे।

इस बीच, प्रियांशु राजावत को भी जापान के केंटा निशिमोतो के खिलाफ 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-14 से हार का सामना करना पड़ा।

रुतुपर्णा पांडा-श्वेतापर्णा पांडा की जोड़ी झांग शु जियान-झेंग यू की चीनी जोड़ी से केवल आधे घंटे में 15-21, 9-21 से हार गयी।

पुरुष एकल में एचएस प्रणय और पुरुष युगल में चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी गुरुवार को अपना मुकाबले में स्पर्धा करेंगे।

## ग्रीक ओलंपिक चैंपियन स्टेफानोस डुस्कोस पेरिस 2024 के पहले मशाल वाहक होंगे



**एथेंस,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। हेलेनिक ओलंपिक समिति (एचओसी) ने कहा कि टोक्यो 2020 रोइंग स्वर्ण पदक विजेता ग्रीस के स्टेफानोस डुस्कोस 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के पहले मशाल वाहक होंगे।

ओलंपिक मशाल रिले पेरिस 2024 का विवरण, जो 16 से 26 अप्रैल, 2024 तक ग्रीस में होगा, हेलेनिक ओलंपिक समिति द्वारा बुधवार को अपने मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रस्तुत किया गया।

एचओसी ओलंपिक मशाल रिले आयोग के अध्यक्ष, डुस्कोस पहले मशाल वाहक होंगे, जबकि लौ को टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता जियानिस फाउंटुलिस के नेतृत्व में पुरुषों की राष्ट्रीय वाटर पोलो टीम द्वारा पैनाथेनिक स्टेडियम तक ले जाया जाएगा, जहां इसे एचओसी के अध्यक्ष स्पाइरोस कैप्रालोस को सौंप दिया जाएगा, जो इसे पेरिस ओलंपिक आयोजन समिति को सौंप देंगे।

प्राचीन ओलंपिया में 16 अप्रैल को ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी और यह ग्यारह दिवसीय यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है। लगभग 600 मशाल वाहक ओलंपिक मशाल को ग्रीक क्षेत्र से लेकर जाएंगे, जो 41 नगर पालिकाओं में 5000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगा और 26 अप्रैल 2024 को पैनाथेनिक स्टेडियम में समाप्त होगा, जहां आधुनिक खेलों को पुनर्जीवित किया गया है।

ओलंपिक लौ का मार्ग चार मुख्य उद्देश्यों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, यानी, पूरे ग्रीस को कवर करना, देश के चार छोरों को जोड़ना, क्रेते से अलेक्जेंड्रोपोली और कोर्फू से कस्टेलोरिज़ो तक।

- हमारे इतिहास और संस्कृति (प्राचीन एलिस, माइसीने, नोसोस, डेल्फी, प्राचीन फिलिपी, वेर्गिना, सौनियो, एक्रोपोलिस) के खजाने को उजागर करते हुए, सबसे महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थलों को बढ़ावा देना।
- ग्रीस की सुंदरता को बनाने वाले प्रतिष्ठित परिदृश्यों को प्रदर्शित करने के लिए (मेथोनी, नेफप्लियो, सेंटोरिनी, मेटियोरा)।
- अंत में, उद्देश्य उस ऐतिहासिक अतीत का सम्मान करना है जो फ्रांस और ग्रीस को जोड़ता है, एक ऐसी कहानी जो वर्षों में एक बहुत मजबूत दोस्ती में विकसित हुई। फ्रांस मुख्य रूप से 1821 की यूनानी क्रांति से जुड़ा है, जिसने यूनानी लोगों के प्रति सहानुभूति और समर्थन की एक बड़ी लहर जगाई।

# कभी नहीं सोचा था कि मेरी विश्व कप यात्रा सिर्फ एक मैच खेलने के साथ समाप्त हो जाएगी : अश्विन



**नई दिल्ली,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। अनुभवी भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनकी विश्व कप यात्रा सिर्फ एक मैच खेलने के साथ समाप्त हो जाएगी। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने घरेलू मैदान - चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में भारत का पहला लीग मैच खेला, जिसमें उन्होंने अपने निर्धारित दस ओवर के कोटे में 34 रन देकर एक विकेट लिया।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, कभी नहीं सोचा था कि विश्व कप में मेरी दौड़ चेन्नई में एक मैच खेलने के बाद खत्म हो जाएगी, क्योंकि मैं अच्छी लय के साथ गेंदबाजी कर रहा था। धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ मेरी वापसी होनी थी, हार्दिक को दिल तोड़ने वाली चोट लगी थी। हार्दिक पांड्या एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी थे समझिए क्योंकि हमारे पास उनकी जगह लेने के लिए कोई ऑलराउंडर नहीं था।

अश्विन ने भारत के खिलाफ एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की जीत की सराहना की और इसका श्रेय बैगी ग्रीन्स के रिकॉर्ड-विस्तारित छठे खिताब को अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शिखर मुकाबले में दिखाए गए उनके असाधारण सामरिक कौशल को दिया। लीग चरण के पहले दो मैचों में हार के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ फाइनल में पहुंचने के लिए लगातार आठ मैच जीते, फ़ाइनल उन्होंने ट्रैविस हेड की 137 रनों की मास्टरक्लास पारी की बदौलत छह विकेट से जीता।

अश्विन फाइनल में पैट कमिंस के सामरिक मास्टरक्लास से बहुत प्रभावित हुए क्योंकि कमिंस ने श्रेयस अय्यर और विराट कोहली के दो महत्वपूर्ण विकेट लिए।

अश्विन ने कहा, फ़ाइनल कमिंस द्वारा एक सामरिक मास्टरक्लास था, उनके पास एक ऑफ-स्पिनर के समान 4-5 क्षेत्ररक्षण सेटअप था, जो स्टंप लाइन को हिट करता था - उन्होंने बल्लेबाजों को ड्राइव करने की अनुमति नहीं देते हुए स्टंप लाइन की ओर 6 मीटर के निशान में केवल 3 गेंदें फेंकी - उन्होंने बिना मिड-ऑफ के ऑल-ओवर गेंदबाजी की, जो एक मास्टरक्लास है।

अश्विन को भी उम्मीद थी कि ऑस्ट्रेलिया परंपरा पर कायम रहेगा और पहले बल्लेबाजी करेगा, लेकिन उन्होंने अपने फैसले से सभी को चौंका दिया। उन्होंने कहा कि टॉस के लिए ऑस्ट्रेलिया की पसंद पिच की काली मिट्टी के विश्लेषण पर आधारित थी, जो शाम को बल्लेबाजी के लिए अनुकूल होती है।

मैं स्पष्ट कर दूं, ऑस्ट्रेलिया नियति या भाग्य के कारण नहीं जीता। फाइनल में वे सामरिक रूप से उत्कृष्ट थे। मैंने फ़ाइनल में उनके प्रदर्शन को अत्यंत आकर्षण के साथ देखा। ऑस्ट्रेलिया और पैट कमिंस ने मुझे धोखा दिया। मैंने सोचा था कि अगर ऑस्ट्रेलिया टॉस जीतता है तो वह पहले बल्लेबाजी करेगा, क्योंकि ऐतिहासिक रूप से, टॉस जीतना और बल्लेबाजी करना% ऑस्ट्रेलियाई परंपरा रही है। फाइनल के लिए इस्तेमाल किया गया विकेट अहमदाबाद की धरती का नहीं, बल्कि ओडिशा का था। अश्विन ने कहा, यह उस तरह का विकेट था जो ज्यादा नहीं टूटेगा। पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहे जाने के बाद भारत 240 रन का स्कोर खड़ा करने में सफल रहा क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज कड़ी लाइन और ऑफ के बाहर अच्छी लाइन लेंथ के साथ शीर्ष पर थे।

ऑस्ट्रेलियाई तेज़ गेंदबाज़ तिकड़ी ने सात विकेट लिए, जिनमें से तीन मिचेल स्टार्क को और दो-दो विकेट कमिंस और जोश हेज़लवुड को मिले। पावरप्ले में लाए गए ग्लेन मैक्सवेल रोहित शर्मा का अहम विकेट लेने में कामयाब रहे, जिन्होंने एक बार फिर भारत को रोमांचक शुरुआत दी।

अश्विन ने मैच के बाद ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली के साथ अपनी बातचीत को भी याद किया और कहा, मेरी पारी के मध्य के दौरान जॉर्ज बेली के साथ बातचीत हुई थी, मैंने उनसे पूछा कि आप लोग हमेशा की तरह पहले बल्लेबाजी क्यों नहीं करते - उन्होंने जवाब दिया, हमने यहां आईपीएल और द्विपक्षीय श्रृंखलाएं बहुत खेली हैं - लाल मिट्टी विघटित होती है लेकिन काली मिट्टी नहीं और यह रोशनी के नीचे बेहतर हो जाती है - लाल मिट्टी पर ओस का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है लेकिन काली मिट्टी में दोपहर में अच्छा मोड़ आता है और फिर रात में यह कंक्रीट

## सार संक्षेप

### भारतीय टीम ने एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण सहित कुल नौ पदक जीते

**बैंकाक।** एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक के साथ कुल नौ पदक हासिल किये है। थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में बुधवार को हुई चैंपियनशिप में दुनिया में पांचवीं वरीयता वाले भारत के राकेश कुमार ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई। राकेश और सूरज सिंह ने पुरूषों के कंपाउंड वर्ग में चीनी ताइपै के पुंग हुंग वू और चिह चियांग चांग को 147.144 से हराकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण जीता। राकेश ने शीतल देवी के साथ इंडोनेशिया के टी आडी आयुडिया फेरेली और केन एस को 154.149 से हराकर मिश्रित टीम वर्ग में भी स्वर्ण हासिल किया। वहीं महिला कंपाउंड ओपन टीम में शीतल और ज्योति ने कोरिया की जिन यंग जियोंग और ना मि चोइ को 148.137 से हराकर स्वर्ण हासिल किया। भारत ने महिला रिकर्व टीम फाइनल, पुरूष रिकर्व युगल, पुरूष रिकर्व डब्ल्यूवन युगल में रजत पदक जीता। सरिता ने महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य जीता। चैम्पियनशिप में भारत नौ पदकों साथ शीर्ष पर रहा वहीं दक्षिण कोरिया की टीम तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य जीतकर दूसरे स्थान पर रही।

### डेविड लॉयड ने पाकिस्तान के कप्तान के रूप में बाबर के इस्तीफे का समर्थन किया

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर डेविड लॉयड ने बाबर आजम के सभी प्रारूपों में पाकिस्तान की कप्तानी छोड़ने के फैसले का समर्थन किया और कहा कि 29 वर्षीय खिलाड़ी को अपनी बल्लेबाजी पर अधिक ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत में आईसीसी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में टीम की हार पर बाबर को पद छोड़ने के लिए कहा, जिसे उन्होंने पीसीबी प्रमुख जका अशरफ के साथ बैठक के बाद स्वीकार कर लिया। लॉयड ने मैदान पर कप्तानी की भूमिका को सरल पहलू के रूप में रेखांकित किया, जबकि राजनीतिक पहलुओं से निपटना और हार से होने वाले नतीजे अराजक हो सकते हैं। क्रिकेट पाकिस्तान ने लॉयड के हवाले से कहा, (कप्तानी का) सबसे आसान हिस्सा गेंदबाजी में बदलाव करना और फील्डिंग सेट करना है। जब नुकसान के बारे में सारी राजनीतिक बातें सामने आती हैं और पोस्टमार्टम होता है तो वह अराजक हो जाता है। बाबर का बल्ले से संघर्ष सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए पाकिस्तान के संघर्ष के प्रमुख पहलुओं में से एक था। वह नौ मैचों में 40 की औसत से चार अर्द्धशतक बनाते हुए 320 रन बनाने में सफल रहे, लेकिन सभी मैचों में 100 से कम की उनकी स्ट्राइक रेट जांच के दायरे में आ गई। उन्होंने कहा, बाबर आजम इस समय दुनिया के महान खिलाड़ियों में से एक हैं। बस खेलते रहो और किसी और को सिरदर्द होने दो।

# माही मार रहा है! रांची में एक हफ्ते में दूसरी बार टूट गया धोनी का वह यादगार रिकॉर्ड



**रांची,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। माही मार रहा है ! क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के बारे में यह मुहावरा रांची के स्कूली टूर्नामेंट में उनकी जिस यादगार पारी के बाद गढ़ा गया था, उसका रिकॉर्ड टूट गया है। वह भी एक हफ्ते में दूसरी बार।

17 नवंबर को रंजीत एवं प्रखर और इसके बाद 22 नवंबर को तीर्थ एवं मनीष नाम के किशोर क्रिकेटरों की जोड़ियों ने धोनी और उनके पार्टनर शब्बीर का रांची के मैदान पर बनाया गया 28 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

दरअसल, धोनी ने क्रिकेटर के तौर पर पहली बार लोगों का ध्यान 1995 में तब खींचा था, जब उन्होंने इंटर स्कूल टूर्नामेंट में अपने साथी शब्बीर हुसैन के साथ मिलकर ओपनिंग करते हुए 25 ओवरों में रिकॉर्ड 376 रनों की नाबाद साझेदारी का रिकॉर्ड बनाया था। यह साझेदारी लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज की गई थी। धोनी ने उस मैच में 213 रन और उनके पार्टनर शब्बीर ने 156 रन बनाए थे। धोनी और शब्बीर ने जेवीएम श्यामली स्कूल की ओर से खेलते हुए उस मैच में केंद्रीय विद्यालय हिनू की टीम को बुरी तरह हराया था।

अब रांची में जिला स्तरीय क्रिकेट में रंजीत साव एवं प्रखर यादव नामक किशोर क्रिकेटरों की जोड़ी ने अंडर 14 इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में पहले विकेट के लिए 459 रनों की साझेदारी का रिकॉर्ड बनाया। ये दोनों रांची के बालगोविंद स्कूल में आठवीं कक्षा के स्टूडेंट हैं। दोनों ने 17 नवंबर को हुए मैच में साईं धुर्वा की ओर से विजडम एकेडमी नामक टीम के खिलाफ खेलते हुए यह रिकॉर्ड बनाया। रणजीत साव 207 और प्रखर यादव 203 रन बनाकर नाबाद रहे।

22 नवंबर को यह रिकॉर्ड एक बार फिर ध्वस्त हुआ। इस बार साईं ब्लू नामक टीम की ओर से खेलते हुए तीर्थ और मनीष ने गोस्वामी सीए (बी) नामक टीम के खिलाफ 460 रनों की साझेदारी का रिकॉर्ड बनाया। मनीष ने 241 और तीर्थ ने 219 रनों की पारी खेली।

## वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर मार्लोन सैमुअल्स पर भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तहत छह साल का प्रतिबंध

**दुबई,** 23 नवंबर (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी मार्लोन सैमुअल्स को एक स्वतंत्र भ्रष्टाचार रोधी न्यायाधिकरण द्वारा अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद छह साल के लिए सभी तरह की क्रिकेट से प्रतिबंधित कर दिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह प्रतिबंध 11 नवंबर से प्रभावी होगा। आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा गया है कि सैमुअल्स, जिन पर सितंबर 2021 में आईसीसी (ईसीबी कोड के तहत नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी के रूप में) द्वारा आरोप लगाया गया था, उन्हें इस साल अगस्त में ट्रिब्यूनल द्वारा चार अपराधों के लिए दोषी पाया गया। एलेक्स मार्शल, जो आईसीसी एचआर और इंटीग्रिटी यूनिट के प्रमुख हैं, ने कहा, सैमुअल्स ने करीब दो दशकों तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला, इस दौरान उन्होंने कई भ्रष्टाचार रोधी सत्रों में भाग लिया और जानते थे कि भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तहत उनके दायित्व क्या हैं।

यद्यपि वह अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं, लेकिन जब अपराध किए गए थे तब सैमुअल्स एक भागीदार थे। छह साल का प्रतिबंध किसी भी प्रतिभागी के लिए एक मजबूत निवारक के रूप में काम करेगा जो नियमों को तोड़ने का इरादा रखता है। सैमुअल्स ने 18 साल की अवधि में वेस्टइंडीज के लिए 300 से अधिक मैच खेले, जिसमें कुल 17 शतक बनाए और यहां तक कि वनडे स्तर पर कैरेबियाई टीम की कप्तानी भी की। उन्होंने पुरुष टी20 विश्व कप के 2012 और 2016 दोनों संस्करणों के फाइनल में शीर्ष स्कोर किया, क्योंकि वेस्टइंडीज ने अपनी दो सबसे हालिया आईसीसी ट्रॉफी जीतीं।